दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 8 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 320 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसे कहते हैं उल्टे बांस बरेली को। आम आदमी पार्टी जो खुद को किसानों का मसीहा कहती रही है वह पंजाब के आंदोलित किसानों के आंदोलन को कुचलने पर अमादा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने किसान नेताओं को गिरफ्तार करा दिया है। किसानों को चंडीगढ़ में घुसने नहीं दिया जा रहा है। यह वही आम आदमी पार्टी है जिसने दिल्ली बॉर्डर पर एक साल तक धरने पर बैठे किसानों को तमाम सहुलियतें मुहैया कराई थी। अब उन्हें किसान दुश्मन नजर आ रहे हैं। सही बात यह है कि हाथी के दांत खाने और दिखाने के और होते है।

आईएएस विश्वदीप ने आयुक्त के साथ संभाला रायपुर स्मार्ट सिटी के एमडी का पदभार

रायपुर /नवप्रदेश। आईएएस विश्वदीप ने रायपुर नगर निगम आयुक्त के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक का प्रशासनिक पदभार संभाला लिया है। जिला धमतरी के नवपदस्थ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नवपदस्थ आयुक्त को प्रशासनिक पदभार सौंपा। इस अवसर पर नवपदस्थ दोनों अधिकारियों को अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी। रायपुर नगर निगम के नवपदस्थ आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी के एमडी विश्वदीप ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। आयुक्त ने अधिकारियों से उन्हें सौंपे गये प्रशासनिक कार्य दायित्वों की जानकारी ली। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 की नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारियों की प्रगति और राजस्व वसूली अभियान की प्रगति सहित विकास और निर्माण कार्यो से संबंधित अन्य लोककल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। नवपदस्थ आयुक्त ने निगम सामान्य सभा सभागार में रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा आहुत रायपुर नगर निगम अध्यक्ष (स्पीकर) और नगर निगम अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन कार्यक्रम में दिए गए प्रशासनिक दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

नक्सलियों ने खदान में किया आईईडी ब्लास्ट, चपेट में आए 2 मजदूर, 1 की मौत

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आज दो मजदूर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मजदूर छोटेडोंगर में संचालित निको जायसवाल लौह अयस्क खदान के जीरो पाइंट में काम कर रहे थे। इसी दौरान लगभग 10 बजे वहां नक्सलियों द्वारा प्लांट किया गया आईईडी ब्लास्ट हो गया, जिसकी जद में आने से वे बुरी तरह घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोटेडोंगर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक मजदूर दिलीप ने इलाज के दौरान ही दम तोड़ दिया। वहीं दूसरा मजदूर हरेन्द्र का इलाज जारी है।

जवानों ने माओवादियों के स्मारक को किया नेस्तनाबूत

बीजापुर/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के जवानों ने आज नक्सलियों की मांद में घुसकर उनका मनोबल तोड़ दिया है. प्रदेश के अंतिम छोर और तेलंगाना से सटे पुजारी कांकेर में नक्सलियों का कई फीट ऊंचे स्मारक को जवानों ने ध्वस्त कर दिया है. यह स्तंभ दोनों राज्यों की सीमा पर पुजारी कांकेर के तामील भट्टी में स्थित था और नक्सलियों के आतंक के चलते इसे इंटरस्टेट रेड कारीडोर के रूप चर्चित था, जिसे आज जवानों ने तोड़ दिया है।

पीएम आवास पर विपक्ष का हंगामा, वॉकआउट

भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम विजय शर्मा में तीखी बहस

- आंकड़ों को लेकर भूपेश ने जताई आपत्ति, कहा-पिछली सरकार के काम को छिपा रहे
- 1 लाख बन चुके हैं, बताएं क्या 7 लाख और बनेंगे या 18 लाख आवास अलग से बनेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा सत्र के नौंवे दिन पीएम आवास को लेकर सत्ता-विपक्ष में जमकर तीखी नोंकझोंक हुई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पंचायत मंत्री विजय शर्मा से सवाल पूछे और उनके जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से बर्हिगमन कर दिया।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएम ग्रामीण आवास को लेकर वर्ष वार जानकारी मांगी। पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 से 2025 तक जनवरी से दिसम्बर तक जानकारी चाही गई है। वित्तीय वर्ष के आधार पर जानकारी दी गई है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आंकड़े में कहा गया है कि 18 लाख आवास दिए गए, लेकिन पिछली सरकार के कामों को छिपाया गया है। सदन के सदस्य को दी गई जानकारी कुछ और है।

इस पर पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आंकड़ों के हिसाब से मोदी जी की तीसरे कार्यकाल में 32 लाख आवास दिए, उसमें 16 राज्यों को पीएम आवास देने की जरूरत नहीं पड़ी। भूपेश जी अपने सरकार के दौरान काम की बात कर रहे हैं। लेकिन कितना काम किया गया यह भी बताना चाहिए था। केंद्र सरकार ने आठ लाख आवास दिए हैं। मंत्री ने कहा कि वर्षवार और वित्तीय वर्ष के आंकड़े है, इसलिए अंतर दिख रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूछा, सरकार ने जानकारी दी है कि 11 लाख आवास बन चुके हैं। अब 18 लाख आवास और बनेंगे या सात लाख मकान बनेंगे? पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 11 लाख बने हुए आवास से अलग 18 लाख का आंकड़ा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पीएम आवास में सरकार गड़बड़ी कर रही है।

सीजीएमएससी की रीएजेंट खरीदी का मामला सदन में गूंजा

- भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया सवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- ईओडब्ल्यू की जांच जारी

विधानसभा में सीजीएमएससी के द्वारा रीएजेंट खरीदी का मामला गूंजा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और अजय चंद्राकर के बीच गरमा-गरम बहस हुई। अजय चंद्राकर ने सवाल उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्री को घेरते हुए कई सवाल दागे। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने 453 करोड़ रुपए की रीएजेंट की खरीदी की जानकारी दी। इस सवाल के जवाब में प्रश्नकर्ता अजय चंद्राकर को 792 और 495 पन्नों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। मोक्षित कॉर्पोरेशन से हुए खरीदी के बदले 338 करोड़ रुपए का भुगतान रोका गया।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि मोक्षित कॉर्पोरेशन से खरीदी में तीन प्रकार की अनियमितता पाई गई। दस गुना ज्यादा दर पर आपूर्ति की गई, 700 मशीन आज तक चालू नहीं हुई है, और क्लोज की जगह ओपन मशीन की आपूर्ति की गई। श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, मांग और बजट से अधिक राशि की खरीदी की गई।

मोक्षित कॉर्पोरेशन से 385 करोड़ रुपए की खरीदी में गड़बड़ी : स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि विभागीय जांच रिपोर्ट में विभागीय अधिकारी ही दोषी पाए गए। विभाग के 02 बड़े अधिकारी सहित कुल 15 अधिकारियों की मिलीभगत पाई है। मोक्षित कॉर्पोरेशन सहित अधिकारियों के नाम ईओडब्ल्यू को भेजा गया है. खरीदी दर को आठ-दस गुना बढ़ा कर खरीदी की गई. सप्लायर को ईओडब्ल्यू ने जेल में डाला है. विभाग ने सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एनओसी जारी किया है।

शराब घोटाला: सुप्रीम कोर्ट से एपी त्रिपाठी को मिली जमानत

- पासपोर्ट जमा कर हर सप्ताह ईडी के सामने पेश होने के निर्देश

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2000 करोड़ के शराब घोटाला मामले में आरोपी एपी त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है. एपी त्रिपाठी को अपना पासपोर्ट ईडी के अधिकारियों के पास जमा करना होगा और हर सप्ताह जांच एजेंसी के समक्ष पेश होना होगा. बता दें कि पूर्व आबकारी विभाग के विशेष सचिव एपी त्रिपाठी को मई 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था।

क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला ?

आईएएस अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा और सौम्या चौरसिया के खिलाफ याचिका दायर की थी. जिसमें बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में रिश्वत, अवैध दलाली के बेहिसाब पैसे का खेल चल रहा है। महापौर ऐजाज ढेबर का भाई अनवर ढेबर का भाई अवैध वसूली के खेल में शामिल है. जिसके बाद ईडी ने 18 नवंबर, 2022 को पीएमएलएके तहत मामला दर्ज किया. अबतक मामले में 2161 करोड़ के घोटाले की बात का कोर्ट में पेश चार्जशीट में जिक्र किया है। ईडी की चार्जशीट के अनुसार, साल 2017 में आबकारी नीति में संशोधन कर सीएसएमसीएल के ज़रिये शराब बेचने का प्रावधान किया गया, लेकिन 2019 के बाद शराब घोटाले के किंगपिन अनवर ढेबर ने अरुणपति त्रिपाठी को सीएसएमसीएल का एमडी नियुक्त कराया, उसके बाद अधिकारी, कारोबारी, राजनैतिक रसूख वाले लोगों के सिंडिकेट के ज़रिये भ्रष्टाचार किया गया, जिससे 2161 करोड़ का घोटाला हुआ। सीएसएमसीएल के एमडी रहे अरुणपति त्रिपाठी मनपसंद डिस्टिलर की शराब को परमिट करते थे. देशी शराब के एक केस पर 75 रुपये कमीशन दिया जाना था, इस कमीशन की त्रिपाठी एक्सेलशीट तैयार कर अनवर ढेबर को भेजते थे। आरोप है कि अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी के सिंडिकेट ने नकली होलोग्राम लगाकर अवैध तरीके से शराब की बेधड़क बिक्री की. ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बस्तर को मिला शिक्षा के क्षेत्र में 3 करोड़ का पुरस्कार

- सीएम साय ने दी बधाई
- यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर साबित होगी

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने, नवीन शैक्षणिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन और शिक्षक-छात्र संबंधों को मजबूत करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीति आयोग ने बस्तर जिले को 3 करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बधाई देते हुए कहा कि बस्तर जिले के विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारी सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

उन्होंने कहा यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनेगा पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का स्मारक

नई दिल्ली (ए.)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर ही बनेगा। इसे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के स्मारक के पास बनाया जाएगा। बताया जाता है कि पूर्व पीएम के परिवार ने स्मारक को लेकर सहमति जता दी है। बताया जाता है कि मनमोहन सिंह के परिजनों ने आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर प्रस्तावित स्थल को मंजूरी दे दी है। परिवार ने विभाग को स्वीकृति पत्र भेज दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया था। दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद से पूर्व पीएम के स्मारक स्थल को लेकर विवाद शुरू हो गया था। पिछले दिनों सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के स्मारक स्थल को लेकर जगह की तलाश शुरू कर दी थी।

तमिलनाडु साइबर अपराध ने विज्ञापन घोटाले पर अलर्ट जारी किया

चेन्नई (वार्ता)। तमिलनाडु पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने विज्ञापनों पर सार्वजनिक चेतावनी जारी की है, ताकि भोले-भाले लोग इनके झांसे में न आएं, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईओटी जीवन को बदल रहे हैं, जो कई मायनों में अत्यधिक भ्रामक हो सकते हैं। साइबर क्राइम विंग मुख्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि प्रौद्योगिकी ने दुनिया के सभी लोगों को सबसे उन्नत जीवन प्रदान किया है।

अमेरिका बना रहा है बिटकॉइन का क्रिप्टो भंडार

वॉशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिटकॉइन का एक आभासी मुद्रा (क्रिप्टो) भंडार बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने इससे जुड़े आधिकारिक आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति के साथ ही क्रिप्टो भंडार बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

उल्लेखनीय है कि भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश बिटकॉइन को आधिकारिक मान्यता नहीं दे रहे हैं लेकिन ट्रंप द्वारा क्रिप्टो भंडार बनाने की पहल से इस आभासी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर मान्यता पाने में मदद मिलेगी।

व्हाइट हाउस ने कहा, कुछ ही मिनट पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व स्थापित करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। रिजर्व को संघीय सरकार के स्वामित्व वाले बिटकॉइन से पूंजीकृत किया जाएगा, जिसे आपराधिक या नागरिक संपत्ति जब्ती कार्यवाही के हिस्से के रूप में जब्त किया गया था। इसका मतलब है कि इससे करदाताओं को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा।

गरमा-गरम

महिला सशक्तिकरण... बालोद जिले के कई समूह तैयार कर रहे गुलाल, गुलाल तैयार करने की विधि में केमिकल का उपयोग नहीं

हर्बल गुलाल निर्माण से महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

सुप्रीम शर्मा

बालोद/नवप्रदेश। होली में रंग-गुलाल के बिना अधूरा माना जाता है। हर्बल गुलाल के निर्माण में छत्तीसगढ़ की महिला समूह ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। अब वे हर्बल गुलाल निर्माण कर आत्मनिर्भरता की ओर आगे कदम बढ़ा चुकी है।

बालोद जिले के ग्राम धनोरा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही है। उनके इस गुलाल की डिमांड राजधानी में बढ़ती जा रही है। अब तक 200 किलो गुलाल भेज चुके हैं। फल-सब्जियों और फूलों से यहां पर प्राकृतिक गुलाल तैयार किया जा रहा है। जिसमें पलाश के फूल, पालक की सब्जी और चुकंदर शामिल है। समूह की महिलाएं अन्य लोगों को भी हर्बल गुलाल को उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके साथ ही निर्मित किए जा रहे हर्बल गुलाल के बेहतर पैकेजिंग एवं व्यापार पर भी ध्यान दिया जा रहा है इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

बालोद जिले के कई समूह ऐसे गुलाल तैयार कर रहे हैं, लेकिन धनोरा की इन महिलाओं ने कमाल कर दिया। गुलाल तैयार करने की इनकी विधि में किसी केमिकल का उपयोग नहीं किया जाता। महिला यास्मीन खान ने बताया कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजधानी से प्राप्त हुआ ऑर्डर

सहायक विकास विस्तार अधिकारी लक्ष्मी ठाकुर ने बताया कि समूहों की ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का रायपुर के व्यापारी से 200 किलोग्राम गुलाल का आर्डर प्राप्त हुआ है वहां भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर्बल गुलाल का मूल्य 100 से 120 रुपये प्रति किलो रखा गया है। टीम मेंबर यारूनी साहू ने बताया कि यहां पर महिलाओं का ये संगठन है. जो समय समय पर इस तरह के काम करते हैं और गुलाल में काफी अच्छा अनुभव रहा है। हमने जनपद में स्टॉल लगाया है और इस त्योहारी सीजन 500 किलो से अधिक गुलाल बेचने का लक्ष्य रख आगे बढ़ रहे हैं।

नौ देशों की महिला राजदूतों ने अदाणी समूह की परियोजनाओं का किया दौरा

■ भारत की क्लीन एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की प्रगति को करीब से देखा

क्लीन एनर्जी प्लांट में महिलाओं की भूमिका

नई दिल्ली/वार्ता। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले एक विशेष कार्यक्रम में अदाणी ग्रुप ने गुजरात के खावड़ा और मुंद्रा में समूह की परियोजनाओं में नौ देशों की महिला राजदूतों के एक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया, जहां उन्होंने भारत की क्लीन एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट की प्रगति को करीब से देखा। प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले पश्चिमी भारत के कच्छ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र खावड़ा का दौरा किया, जहां भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी दुनिया का सबसे बड़ा क्लीन एनर्जी प्लांट विकसित कर रही है। पेरिस शहर से पांच गुना बड़े क्षेत्र में फैले इस 30 गीगावॉट के सोलर और विंड एनर्जी प्रोजेक्ट से भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को स्वच्छ, किफायती और विश्वसनीय ऊर्जा के माध्यम से पूरा किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने देखा कि किस तरह इस परियोजना में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें महिला इंजीनियरों द्वारा संचालित एनर्जी नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर (ईएनओसी) भी शामिल है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह, मुंद्रा पोर्ट का दौरा किया, जो देश के कुल समुद्री माल का लगभग 11 प्रतिशत और कंटेनर ट्रैफिक का 33 प्रतिशत संभालता है। यहां उन्होंने मुंद्रा स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एसईजेड) में स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) का निरीक्षण किया, जहां वैश्विक कंपनियां एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में निवेश कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने अदाणी ग्रुप के अत्याधुनिक सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का भी दौरा किया, जो रिन्यूएबल एनर्जी में आत्मनिर्भरता के लिए भारत के प्रयास में एक प्रमुख परियोजना है। इन स्थानों पर राजदूतों ने भारत के इंडस्ट्रियल, इकोनॉमिक और एनर्जी ट्रांसफॉर्मेशन में योगदान देने वाली महिला पेशेवरों और इंजीनियरों से भी मुलाकात की। इससे यह स्पष्ट होता है कि देश के विकास में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

इन 7 एम्बेसेडर और दो हाई कमिशनर ने बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के क्षेत्र में काम करने वाले अदाणी फाउंडेशन द्वारा समर्थित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला सदस्यों के साथ भी बातचीत की। अदाणी ग्रुप ने इस डेलिगेशन के विजिट को लेकर एक बयान भी जारी किया है। इस बयान में अदाणी समूह ने कहा कि सात देशों की महिला एम्बेसडर और दो देशों की हाई कमिश्नर ने देखा कि रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट में अत्याधुनिक तकनीक को सतत विकास के साथ कैसे एकीकृत किया जा रहा है। इसमें महिला इंजीनियरों द्वारा चलाया जा रहा एनर्जी नेटवर्क सेंटर (ईएनओसी) भी शामिल है।

डेलिगेशन ने अदाणी ग्रुप को सराहा, किसने क्या कहा

रोमानियाई एम्बेसडर ने कहा कि ये पूरी दुनिया के लिए बहुत अच्छी खबर है। अदाणी समूह ने गैर-खेती योग्य भूमि को सोलर प्लांट, मैन्यूफैक्चरिंग साइट्स और फंक्शनल सिटीज में बदल दिया है, जिससे न केवल रोजगार पैदा हुए, बल्कि क्षेत्र और भारत के लिए एनर्जी भी मिली।

कई देशों की महिला राजदूत हुईं शामिल

इस प्रतिनिधिमंडल में भारत में इंडोनेशिया की राजदूत इना कृष्णमूर्ति, भारत में लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविसिएन, भारत में मोल्दोवा की राजदूत आना तबान, भारत, नेपाल और बांग्लादेश में रोमानिया की राजदूत सना लतीफ, भारत में सेशेल्स गणराज्य की उच्चायुक्त लालाटिताना अकूशे, भारत में लेसोथो की उच्चायुक्त लेबोहांग वैलेंटाइन मोचाबा, भारत में एस्टोनिया की राजदूत मार्जे लूप, भारत में स्लोवेनिया की राजदूत भारत में मातेजा वोदेब घोष, भारत में लक्जमबर्ग की राजदूत पैगी फ्रांत्जेन शामिल थीं।

मुंद्रा पोर्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर का किया दौरा

मुंद्रा पोर्ट देश के लगभग 11 प्रतिशत समुद्री माल और 33 प्रतिशत कंटेनर यातायात को संभालता है। एम्बेसडर ने मुंद्रा विशेष आर्थिक क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का दौरा किया। यहां वैश्विक कंपनियां उन्नत विनिर्माण में निवेश कर रही हैं। रोमानिया की एम्बेसडर सना लतीफ ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन का कार्यबल प्रभावशाली है। युवा इंजीनियरों को कैंपस से भर्ती कर लैब में लाया गया है। वे न केवल अपने परिवार को सपोर्ट कर रही हैं, बल्कि भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी हिस्सा ले रही हैं।

झारखंड के सीएम सोरेन की भाभी सीता सोरेन पर जानलेवा हमला

रांची/नवप्रदेश। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सीता सोरेन पर जानलेवा हमला हुआ है। जानकारी के मुताबिक, उन पर यह हमला उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष ने किया है। बताया जा रहा है कि सीता सोरेन पर हमला उस वक्त हुआ जब वह सरायढेला थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। राहत की बात यह रही कि वक्त रहते ही सुरक्षाकर्मियों की सूझबूझ ने सीता सोरेन पर हमला होने से बचा लिया और देवाशीष घोष को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। सीता सोरेन एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं।इस दौरान वह एक होटल में रुकीं थी।कहासुनी के बाद देवाशीष घोष ने सीता सोरेन पर हथियार तान दिया।पूर्व विधायक सीता सोरेन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।आरोपी देवाशीष घोष को गिरफ्तार कर लिया गया है।होटल के कमरे से 2 पिस्टल भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन गुरुवार को सरायढेला थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। इस दौरान वह एक होटल में रुकीं। जब वह होटल के कमरे में गईं, तो वहां पहले से मौजूद देवाशीष ने उन पर पिस्टल से फायर करने की कोशिश की। लेकिन, इससे पहले सीता सोरेन के सुरक्षा गार्ड ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और होटल से दो पिस्टल बरामद किए।

धारावी प्रोजेक्ट पर सुको का बड़ा फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर रोक लगाने से किया इनकार

मुंबई। सुप्रीम कोर्ट ने धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य रोकने से इनकार कर दिया है। साथ ही बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से मना कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी ग्रुप की दलील मानते हुए कहा कि धारावी प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई की। जिसमें सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया गया था।

संवर कर रहेगी धारावी की सूरत

अदाणी ग्रुप ने कोर्ट में क्या कुछ कहा

हालांकि बेंच ने कहा है कि अदाणी ग्रुप सारे भुगतान एक ही एस्क्रो अकाउंट से करेगा। **सीजेआई** खन्ना ने मौखिक तौर पर कहा कि हम हाईकोर्ट के फैसले से सहमत हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह महसूस किया गया था कि यहां रेलवे लाइन भी विकसित की जाएगी और अनुबंध में शामिल की जाएगी। इस दौरान अदाणी ग्रुप की ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि काम पहले ही शुरू हो चुका है, करोड़ों की मशीनें व सामान पहले ही लगाई जा चुकी है। लगभग 2000 लोग कार्यरत हैं और इस तरह के कदम से अपूर्णीय, अपरिवर्तनीय क्षति हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

सीजेआई बेंच ने रोक लगाने से किया इनकार

इस याचिका में राज्य सरकार द्वारा धारावी रिडेवलपमेंट को अदाणी प्रॉपर्टीज लिमिटेड को देने के फैसले को चुनौती दी गई है। मई 2025 में इस मामले की सुनवाई होगी। इस दौरान याचिकाकर्ता ने फिलहाल यथास्थिति बरकरार रखने की मांग की, लेकिन **सीजेआई** संजीव खन्ना की बेंच ने इससे इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वहां पर काम शुरू हो गया है और कुछ रेलवे क्वार्टर तोड़े भी गए हैं।

53,000 घरों का सर्वेक्षण फरवरी में हो चुका है पूरा

एशिया के सबसे बड़े स्लम के रूप में मशहूर मुंबई के धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। अदाणी ग्रुप के इस प्रोजेक्ट से पूरे धारावी की सूरत बदल जाएगी। धारावी पुनर्विकास परियोजना ने 53,000 से अधिक घरों का डोर-टू-डोर सर्वेक्षण पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जो मुंबई स्लम पुनर्वास प्राधिकरण एसआरए के इतिहास में सबसे अधिक है।

बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला सही है: सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि परियोजना से संबंधित सभी भुगतान एक ही एस्क्रो खाते से किए जाएं। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की पीठ का नेतृत्व करते हुए मौखिक रूप से टिप्पणी की कि बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला उचित है क्योंकि रेलवे लाइन को भी विकसित किया जाएगा और परियोजना में शामिल किया जाएगा।

शादी के बंधन में बंधे भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और गायिका शिवश्री स्कंदप्रसाद

बेंगलुरु। बेंगलुरु दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र के सांसद एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत गायिका शिवश्री स्कंदप्रसाद बृहस्पतिवार को विवाह के बंधन में बंध गये। विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक तरीके से सम्पन्न हुआ। उनकी शादी से संबंधित कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र, केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना और अर्जुनराम मेघवाल समेत भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ पार्टी के कई सांसद और विधायक भी समारोह में शामिल हुए । आला नेताओं ने तेजस्वी और शिवश्री को आशीर्वाद भी दिया।

शिवश्री ने शास्त्र विश्वविद्यालय से बायोइंजीनियरिंग में स्नातक किया। इसके बाद उन्होंने चेन्नई विश्वविद्यालय से भरतनाट्यम में एमए की डिग्री हासिल की। शिवश्री का अपना यूट्यूब चैनल भी है, जिसके दो लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिवश्री की कला से प्रभावित होकर उनकी तारीफ कर चुके हैं। साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके गाने की तारीफ किए जाने के बाद वह सुर्खियों में आई थीं। शिवश्री एक संगीत प्रेमी परिवार से आती हैं। उन्होंने ए।एस। मुरली से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा ली थी। वह देशभर में कई जगहों पर अपनी कला का जलवा बिखेर चुकी हैं। वह डेनमार्क और दक्षिण अफ्रीका में भी प्रस्तुति दे चुकी हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 9 मार्च को बेंगलुरु के गायत्री विहार पैलेस ग्राउंड में रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया जाएगा।

विधायक अब्बास अंसारी को सशर्त अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी गैंगस्टर एक्ट में अंसारी को अंतरिम जमानत दे दी है। इसके बाद अंसारी जेल से रिहा हो सकेंगे। अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए कुछ शर्तें भी लगाई हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरिम जमानत के दौरान अंसारी के आचरण का मूल्यांकन करेंगे। साथ ही कोर्ट ने 6 हफ्ते में पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट जमानत पर विचार करेगा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वह कब तक जेल में रहेंगे। हमारा आपराधिक न्यायशास्त्र भी राहत उन्मुख है और जमानत पर रहने के दौरान याचिकाकर्ता के आचरण का मूल्यांकन करने के लिए हम उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा करते हैं। इस दौरान अंसारी पर कुछ शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी गई है। लखनऊ में सरकारी आवास में रहेंगे।

महिला दिवस: केन्द्र सरकार की 10 योजनाएं जिन्होंने बदल दी महिलाओं की जिंदगी

नई दिल्ली। रीना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर पटरी पर बैठकर मूंगफली बेचती थीं, इस दौरान कभी उन्हें एमसीडी, तो कभी पुलिसवाले परेशान करते थे। लेकिन 'राष्ट्रीय महिला कोष योजना' ने रीना का पूरा जीवन बदल कर रख दिया है। रीना को इस योजना के तहत बैंक से बड़ी आसानी से लोन मिल गया, जिससे उन्होंने अपनी एक छोड़ी-सी दुकान शुरू कर ली है। अब वह सम्मान के साथ अपनी दुकान चला रही हैं। इधर, 'महिला ई-हाट योजना' से सुमन के व्यापार को पंख लग गए हैं। सुमन की हरियाणा के रोहतक में एक आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान थी। दुकान की रोजाना की सेल 200-400 रुपये थी। लेकिन जब से वह 'ई-हाट' पर अपने प्रोडक्ट लेकर आई हैं, उनकी सेल हजारों में पहुंच गई है। यहां से वह सिर्फरोहतक में ही नहीं, पूरे देश में अपने प्रोडक्ट बेच रही हैं। 'वन स्टॉप सेंटर योजना' ने पंजाब की सुनीता की भी जिंदगी बदल दी है, जो घरेलू हिंसा का शिकार थीं। यहां उन्हें मार्गदर्शन मिला कि कैसे वह अपनी जिंदगी में आगे बढ़ सकती हैं। मोदी सरकार की योजनाओं ने सिर्फ रीना, सुमन और सुनीता की ही जिंदगी नहीं बदली है। देशभर की करोड़ों महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा चुकी हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में आनंद विवाह अधिनियम किया लागू

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में आनंद विवाह अधिनियम को लागू कर दिया है। इसे लेकर एक अधिसूचना भी जारी की गई है। आपको बता दें कि फिलहाल भारत में शादी, तलाक, उत्तराधिकारी और गोद लेने को लेकर अलग-अलग समुदाय में अलग-अलग कानून हैं। आपको बता दें कि आनंद विवाह, हिंदू विवाह से काफी अलग होता है। अगर बात हिंदू धर्म में शादी से पहले शुभ मुहूर्त, कुंडली मिलान कराया जाता है। जबकि आनंद विवाह में ऐसा कुछ नहीं देखा जाता है। अगर बात सिख धर्म की करें तो उसमें विवाह को शुभ काम माना जाता है। जिसका मतलब होता है सुविधानुसार किसी भी दिन गुरुद्वारे में विवाह किया जा सकता है। आनंद विवाह में सिर्फ चार फेरे होते हैं। जिसे लवाण, लावा या फेरे कहा जाता है। आनंद विवाह के पूरी रीति के समय अरदास चलती रहती है। जैसे फेरा खत्म होता है, नव विवाहित जोड़ा गुरु ग्रंथ साहिब और ग्रंथियों के सामने सिर झुकाता है, फिर प्रसाद बनाकर बांटा जाता है और शादी संपन्न हो जाती है।

क्या है आनंद विवाह एक्ट

आनंद मैरिज एक्ट को 1909 में ब्रिटिश काल में बनाया गया था। लेकिन उस वक्त इस एक्ट को लागू नहीं किया जा सका था। साल 2007 में जब सुप्रीम कोर्ट ने सभी धर्मों के लिए मैरिज रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया तो सिख समुदाय ने भी आनंद मैरिज एक्ट को लागू करने की मांग उठाई। इससे पहले तक सिख समुदाय के लोगों की शादियां हिंदू मैरिज एक्ट के तहत रजिस्टर की जाती थीं।

महाकुंभ में पाकिस्तान-खालिस्तान के 'आलू' प्लान को पुलिस ने किया फेल

लखनऊ। 45 दिनों तक आस्था, श्रद्धा और संस्कृति का केंद्र बना महाकुंभ आतंकवादियों के निशाने पर था। बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकी लजर मसीह महाकुंभ के दौरान हमले की फिराक में था। लेकिन धार्मिक आयोजन में कड़ी सुरक्षा जांच के कारण वो इसमें सफल नहीं रहा और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। महाकुंभ के लिए इसने 'आलू' प्लान बनाया था और बड़े हमले की साजिश रची थी। लेकिन पुलिस ने 'आलू' प्लान को फेल कर दिया और लजर मसीह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले से बृहस्पतिवार तड़के गिरफ्तार किया गया लजर मसीह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' के सीधे संपर्क में था।

क्या है बब्बर खालसा

बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) एक खालिस्तानी आतंकवादी संगठन है।इसका मकसद पंजाब क्षेत्र से अलग कर एक स्वतंत्र खालिस्तान राष्ट्र बनाने का है।बीकेआई की स्थापना साल 1978 में हुई थी।इस गुट को मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स ने टैररिस्ट ऑर्गेनाइजेशन्स की लिस्ट में सबसे ऊपर रखा है।साउथ एशिया टैररिज्म पोर्टल में इसे सबसे संगठित और खतरनाक समूह माना है।ये गुट फिलहाल कनाडा, यूके, यूएस के अलावा कई यूरोपियन देशों जैसे जर्मनी, फ्रांस और स्विटजरलैंड से भी संचालित हो रहा है।

अमेरिका स्थित खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने महाकुंभ में हमला करने की कसम खाई थी। खुफिया एजेंसियों ने पुष्टि की है कि मसीह और उसके साथी ग्रेनेड की आपूर्ति किया करते थे। मसीह उन बीकेआई आतंवादियों को ग्रेनेड भी मुहैया कराता था, जिन्होंने पंजाब में पुलिस चौकियों पर हमले किए थे। ग्रेनेड को कोड भाषा में 'आलू' कहा जाता था। दरअसल खुफिया एजेंसियों को चखमा देने के लिए खालिस्तानी नेटवर्क में ग्रेनेड को 'आलू' कोड दिया गया है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

कोलंबो(वार्ता)। श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और एक मछली पकड़ने वाली नाव जब्त की। यह जानकारी श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान में दी। बयान में कहा गया कि ये गिरफ्तारियां देश के उत्तरी प्रांत मन्नार के तटवर्ती जलक्षेत्र में हुईं।

स्पेसएक्स रॉकेट में विस्फोट दूसरी बार परीक्षण विफल

लॉस एंजिल्स(वार्ता)। स्पेसएक्स के विशाल स्टारशिप रॉकेट के टेक्सास से गुरुवार को लॉन्च होने के कुछ ही देर बाद रॉकेट में विस्फोट हो गया, जिससे उड़ानें रोकनी पड़ीं और अंतरिक्ष यान के मलबे के गिरने की चेतावनी दी गई।

निर्यात.. | ट्रंप ने अमेरिकी संसद में ऐलान किया था 2 अप्रैल से भारतीय सामानों पर भी टैरिफ बढ़ाया जाएगा

डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ वॉर, भारत के कारोबारी कितने हैं तैयार, तस्वीर साफ नहीं ...

■ अतिरिक्त आयात शुल्क लगता है तो इसका असर एक्सपोर्ट पर पड़ेगा

नई दिल्ली/ए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, कनाडा और कई दूसरे बड़े ट्रेडिंग पार्टनर्स पर टैरिफ काफी बढ़ा दिया है। बुधवार को ट्रंप ने अमेरिकी संसद में ऐलान किया था कि 2 अप्रैल से भारतीय सामानों पर भी टैरिफबढ़ाया जाएगा। ट्रंप के ऐलान के बाद भारतीय एक्सपोटर्स ने इसके असर से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, कनाडा और दूसरे बड़े ट्रेडिंग पार्टनर्स पर टैरिफ बढ़ाने के ऐलान के बाद अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल बढ़ती जा रही है। इस बीच बुधवार को अमेरिकी संसद में डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के खिलाफ भी 2 अप्रैल से टैरिफ बढ़ाने का ऐलान कर भारतीय एक्सपोटर्स को सकते में डाल दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह ऐलान ऐसे वक्त पर किया है जब कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल अमेरिकी दौरे पर हैं और भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 500 बिलीयन डॉलर तक बढ़ाने के लिए एक नए बाइलेट्रल ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत शुरू होने वाली है। उन्होंने बताया कि ट्रंप का ऐलान दबाव बढ़ाने की नेगोशिएटिंग टैक्टिक हो सकती है। हम ज्यादा चिंतित नहीं है। हमें उम्मीद है कि भारतीय नेगोशिएटर भारत के हितों को सुरक्षित रखेंगे।अभी तस्वीर साफ नहीं है कि ट्रंप प्रशासन किस भारतीय प्रोडक्ट पर कितना टैरिफ बढ़ाएगा। जहां तक मोबाइल फोंस टेक्सटाइल और फार्मा सेक्टर का सवाल है मुझे नहीं लगता कि इन सेक्टरों पर ट्रंप प्रशासन टैरिफ बढ़ाएगी। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के आकलन के मुताबिक अमेरिका अगर टैरिफ बढ़ता है तो भारतीय उत्पादों में सबसे ज्यादा इसका असर जेम्स एंड ज्वेलरी और ऑटो कंपोनेंट सेक्टर पर पड़ सकता है।

भारत अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार

सबसे ज्यादा 23प्रतिशत ड्यूटी डिफरेंशियल ऑटो कंपोनेंट सेक्टर में है।अगर ट्रंप प्रशासन ऑटो कॉम्पोनेंट प्रोडक्ट्स पर टैरिफ बढ़ता है तो इसका सबसे ज्यादा असर ऑटो कंपोनेंट सेक्टर पर पड़ेगा।भारत से सबसे ज्यादा एक्सपोर्ट जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर में होता है इस सेक्टर में अभी ड्यूटी डिफरेंशियल 13।1प्रतिशत है।अगर अमेरिका टैरिफबढ़ता है तो इसका सबसे ज्यादा वैल्यू के दृष्टिकोण से असर जेम्स एंड ज्वेलरी सेक्टर पर पड़ेगा।

किस पर कितनी ड्यूटी

क्रूड ऑयल पर नहीं के बराबर ड्यूटी हैकोयले पर 2।5प्रतिशत हैडायमंड पर 0 प्रतिशत से 2।5प्रतिशत हैपेट्रोकेमिकल्स पर इंपोर्ट ड्यूटी 7।5प्रतिशत औरएलएनजी पर 5प्रतिशत है एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ एक नए बिलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट के जरिए जो बच्चे व्यापार को 2030 तक 500 बिलीयन डॉलर तक बढ़ाना चाहते हैं। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने कई बार भारतीय प्रोडक्ट्स पर टैरिफबढ़ाने की वकालत की है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर की महिलाओं से नवप्रदेश की विशेष बातचीत

कोमल है कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है, पुलिस समाजसेवा सहित राजनीति में किसी से पीछे नहीं महिलाएं

ऋतु साहू

*बिलासपुर/नवप्रदेश। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हिन्दी फिल्म **आखिर क्यों** के वो गीत याद आते हैं जिसे प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले ने अपने मधुर वाणी से गायी थी...... **कोमल है कमजोर नहीं तू, शक्ति का नाम ही नारी है, जग को जीवन देने वाली मौत भी तूझसे हारी है।** ये चंद लाइन महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेश करती हैं। हम सबके जीवन में एक महिला की भूमिका मां, बहन, बेटी और पत्नी के रुप में मौजूद रहती है। इनके बिना जीवन में एक अधूरापन है। स्त्री है तो संसार है। आज दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। ये दिन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है। बदलते परिवेश के साथ आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं। इस सफलता के पीछे एक महिला की दोहरी जिम्मेदारी रहती है। घर और कार्यस्थल दोनों जगहों पर आपसी तालमेल बनाकर महिलाएं आगे बढ़ रहीं हैं। अपने कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल करने के पहले उन्हें घर की जिम्मेदारियों को भी पूरा करना होता है। इसलिए ही कहा जाता है एक महिला काम से लौटकर काम ही करती है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नवप्रदेश ने शहर में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं से बातचीत की । इस बातचीत में महिलाओं ने अपने संघर्ष, कार्य और अनुभव को हमसे सांझा किया।*

महिला थाना प्रभारी भारती मरकाम का सरल व्यवहार थाना पहुंचने वाले प्रार्थियों को खूब भाता है। इनकी कार्यशैली और व्यक्तिगत रूप से जिस तरह से वे महिलाओं की समस्याओं को समझकर उसका निराकरण करने के लिए जो प्रयास करती हैं यही वजह है कि पिछले कई वर्षों से इनकी पदस्थापना महिला थाना में हो रही है। टीआई ने बताया कि हर रोज ही उनके पास कई शिकायतें आती हैं, लेकिन उनका प्रयास रहता है कि जिन शिकायतों को दूर करके एक परिवार को बिखरने से बचाया जा सकता है उसके लिए काउंसिलिंग के साथ वो व्यक्तिगत तौर पर प्रार्थियों को समझाइश दें। टीआई ने बताया कि उनके प्रयास से ही 9 साल से अलग रह रहे दंपति पिछले चार महीनों से साथ में खुशहाल जीवन जी रहे हैं। इसी तरह शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार की बेटी शादी के तीन सालों के बाद भी पति के साथ अपने शादीशुदा जीवन की शुरुआत नहीं कर पा रही थी। घर में अपनी समस्या को किसी से कहने पर संकोच कर रही थी। ये केस जब मेरे पास आया तो मेरे और काउंसिलि सदस्यों के सहयोग से सुलझ गया। आज दोनों पति-पत्नी साथ में हंसी-खुशी से रह रहे हैं। टीआई ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी महिलाओं से कहा है कि आप आर्थिक रुप से खुद को मजबूत बनाएं।

वार्ड नंबर 31 लाला लाजपतराय नगर की महिला पार्षद शहजादी कुरैशी लगातार 30 सालों से अपने वार्ड में जीतकर आ रही हैं। कुरैशी की कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा आज पूरे शहर में जाना जाता है। इनका अधिकांश समय शहर के सरकारी अस्पतालों में निःशक्तजनों के सेवा करते निकल जाता है। इनकी खासियत है दूसरे वार्ड का व्यक्ति भी अगर इनके पास अपनी समस्या को लेकर जाता है तो कुरैशी पूरे प्रयास के साथ उस व्यक्ति की समस्या को दूर करती है। अपने वार्ड सहित जरुरतमंद लोगों के लिए पार्षद कुरैशी दिन-रात लगी रहती हैं। कोरोना काल में जहां आम जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था लोग अपने घरों से बाहर निकलने से पहले सोचते थे ऐसे समय में भी पार्षद कुरैशी वार्डवासियों सहित लोगों के लिए अस्पताल में जूझती नजर आती थी। शहर में मनाए जाने वाले हर धार्मिक उत्सव में पार्षद की सहभागिता देखी जा सकती है। ईद पर सेवइयां खिलाना हो या धार्मिक पूजा-पाठ में व्यवस्था बनाना हो पार्षद कुरैशी हर जगह आगे खड़ी रहती हैं। चुनाव किसी भी पार्टी से लड़े चुनाव प्रचार करने की आवश्यकता ही नहीं होती है। इनकी सेवा भावना देखकर रही वार्ड का हर व्यक्ति चाहता है। वार्ड की जिम्मेदारी पार्षद कुरैशी के पास ही रहे।

विद्यानगर निवासी पायल एक सबेरा फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल लाठ अपने सामाजिक कार्यों की वजह से शहर में एक अलग पहचान बना चुकी हैं। लाठ ने बताया कि बचपन से ही दादा-दादी, मम्मी-पापा को जनसहयोग करते देखा था। शादी के बाद घर की जिम्मेदारियों और फैशन डिजाइनिंग का काम तक ही मैं सिमट कर रह गई। अपनी एक मित्र के माध्यम से मैं रोटरी क्लब से जुड़ी। इस क्लब से जुड़ने के बाद ही मुझे मेरी जीवन की नई दिशा मिल गई। क्लब के माध्यम से हम सभी सदस्य मिलकर विभिन्न सामाजिक कार्य करते थे। इस कार्य को करने पर मुझे जो आत्म संतुष्टि मिली उसके बाद ही मैंने तय कर लिया कि अब आगे का पूरा जीवन सामाजिक सेवा करते रहूंगी। इतने सालों में मैंने कई महिलाओं और जरुरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाया है। मेरा प्रयास रहता है कि आर्थिक सहयोग ना करते हुए किसी व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध करा दूं। मेरे एनजीओ के माध्यम से कई महिला समूहों को सेनेटरी पैड बनाने की मशीन दी गई है। आज ये समूह सेनेटरी पैड बनाकर अपना जीविकोपार्जन कर रही हैं। स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को आर्थिक समस्या होने पर उनकी शिक्षा भी हमारे फाउंडेशन की मदद से पूरी की जाती है। वर्तमान में 15 बच्चों को हमारी संस्था द्वारा आर्थिक मदद देते हुए पढ़ाया जा रहा है जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल रहे।

चुन्नी मौर्य जो आज समाज सेवा के क्षेत्र में सबसे अग्रणी नाम है, जिनका जन्म दुर्ग के एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ, शुरू से ही प्रतिभाशाली रही चुन्नी मौर्य कुकिंग, सिंगिंग और सिलाई कढ़ाई में रुचि रखने वाली एवं सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखती थी,मन में सेवा भाव लिए हमेशा जरूरतमंदों की सेवा शुरू से ही उनके जीवन का अहम हिस्सा रहा। सन 1992 में एक प्रतिष्ठित परिवार में उनकी शादी हुई ,घर में पर्दा प्रथा और संयुक्त परिवार की जिम्मेदारियां भी बहुत बढ़ गई, चूल्हे में खाना बनाना और परिवार का ध्यान रखना, बच्चों की जिम्मेदारी के बावजूद उन्होंने गरीब और जरूरतमंदों की सेवा नहीं छोड़ी, हां थोड़े उतार-चढ़ाव जरूर आए, ससुराल और रिश्तेदारों के साथ समन्वय बनाते हुए समय देना थोड़ा मुश्किल जरूर था ,लेकिन उनका दृढ़ संकल्प ही उन्हें सेवा के क्षेत्र में अडिग रखा ,उनका जज्बा मुखर होकर तब सामने आया जब उन्हें लायंस क्लब की सचिव ,मौर्य समाज की उपाध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति जिला संयोजीका बनाया गया ,उन्होंने श्रुति निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण के द्वारा जरूरतमंदों को निः शुल्क सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण देना शुरू किया विगत 4 वर्षों से करीब 2000 महिलाओं को वह स्वरोजगार से जोड़ चुकी हैं। शुरू से ही मन में कुछ कर गुजरने की इच्छा लिए उन्होंने फैशन की दुनिया में कदम रखा और कई बार फैशन शो में विजेता भी रही।

सहयोग फाउंडेशन की अध्यक्ष किरण सिंह पिछले 12-13 सालों से सामाजिक कार्यों से जुड़ी हैं। सिंह ने बताया कि इसकी शुरुआत अपनी ही सोसायटी से हुई। जिस सोसायटी सिंह रहती थीं वहां की अव्यवस्था को ठीक करने का इन्होंने बीड़ा उठाया। सोसायटी की अध्यक्ष बनते ही सोसायटी की समस्याएं दूर की। यहीं से सामाजिक कार्य करने की शुरुआत हुई। सिंह द्वारा रिच लूक किड्स प्ले स्कूल का संचालन भी किया जाता है। इस स्कूल में जरुतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। इसके साथ ही समय-समय पर सिंह द्वारा शहर के विभिन्न संगठन, संस्थाओं के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी जाती है। किसी भी जागरुकता कार्यक्रम में श्रीमती सिंह को देखा जा सकता है। सिंह ने बताया कि अपने फाउंडेशन के लिए कभी किसी का उन्होंने सहयोग नहीं लिया। ईश्वर की इच्छा से मैं काम कर पा रही हूं। वृद्धाश्रम, मातृछाया, कुष्ठ आश्रम में समय-समय पर जो भी अव्यवस्था मुझे दिखती है उसे दूर करने का प्रयास करती हूं। आगे भी बेहतर करने का प्रयास जारी रहेगा। महिलाओं से अनुरोध करती हूं कि अपने साथ हो रहे अन्याय का विरोध करें और खुद को आर्थिक रुप से मजबूत बनाएं, जिससे आपका जीवन सरल हो जाएगा।

मार्मिक चेतना वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष अंकित शुक्ला एमएसडब्ल्यू की पढ़ाई करने के बाद से ही समाज सेवा के क्षेत्र में आ गई। शुक्ला ने बताया कि एमएसडब्ल्यू पढ़ाई के दौरान उन्हें कुछ क्षेत्रों में जाकर नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाना था, इसी दौरान उन्हें महसूस हुआ कि यहां रहने वाले बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे में बताना ज्यादा जरूरी हैं,उसके बाद से निरंतर शुक्ला द्वारा स्लम बस्तियों में जाकर इसकी जानकारी देना शुरू कर दी। शुरुआत में बस्तियों में उनके जागरुकता कार्यक्रम का विरोध भी हुआ। वहां रहने वालों को लगता था बच्चों को इन सारी चीजों के बारे में बताने की क्या आवश्यकता है। इसी बीच बस्ती में बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना हुईं। बच्ची गुड टच बैड टच को समझती थी। उसने घर जाकर सारी बात बताई। यहीं से बस्ती के लोगों ने भी शुक्ला का सहयोग करना शुरु किया। इसके साथ ही शुक्ला द्वारा समय-समय पर वृद्धाश्रम तथा शहर में संचालित विभिन्न संस्थाओं में सहयोग किया जा रहा है। शहर के किसी भी जागरुकता कार्यक्रम में श्रीमती शुक्ला की उपस्थिति निश्चित रहती है।

प्रधानमंत्री मोदी 30 को आएंगे आगमन को लेकर तैयारियां तेज

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्री मोदी 30 मार्च को बिल्हा तहसील के ग्राम मोहभठ्ठा आएंगे। विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ एक विशाल आमसभा को सम्बोधित करेंगे। कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की सफलता के लिए जवाबदारी सौंपी।

अधिकारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए अलग से व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाया गया है। कार्यक्रम संपन्न होने तक अधिकारियों की छूट्टी निरस्त कर दी गई है। सभी को अपने मुख्यालय में रहकर मोबाईल फोन हमेशा चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि बिलासपुर जिले के अधिकारियों का सौभाग्य है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में ड्यटी निभाने का मौका मिल रहा है। सौंपे गये दायित्व को सभी अधिकारी संपूर्ण ताकत से निभाएं। इस महत्वपूर्ण कार्य में जरा भी चूक स्वीकार नहीं की जायेगी। तैयारी के समन्वय के लिए नगर निगम आयुक्त अमित कुमार को नोडल अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि हालांकि यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम है लेकिन मेजबान जिला होने के कारण हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कार्यक्रम में राज्यभर से विभिन्न योजनाओं के लगभग 2 लाख हितग्राहियों के आने की संभावना है। कार्यक्रम की तैयारी तीन चरणों में की जानी है। प्रथम चरण में होली त्योहार तक ग्राउण्ड क्लियरेंस, पार्किंग प्लान तथा समारोह स्थल तक पहुंच मार्ग तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम में आने वाले को किसी भी हालत में एक से डेढ़ किलोमीटर से ज्यादा पैदल चलने की जरूरत नहीं होगी।

एसईसीएल, एनटीपीसी और रेलवे के रेस्ट हाउस होंगे अधिग्रहित

कलेक्टर ने व्हीआईपी आगमन को देखते हुए 25 तारीख से सरकारी और एसईसीएल, एनटीपीसी और रेल्वे के रेस्ट हाउस को अधिग्रहित करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम से संबंधित ड्यूटी लगाने की जिम्मेदारी जिले के एडीएम शिवकुमार बनर्जी को सौंपी गई है। कार्यक्रम सम्पन्न होने तक कलेक्टर एवं एसपी के साथ नगर निगम आयुक्त एवं जिला पंचायत सीईओ के निवास कार्यालय में त्वरित जानकारी प्रेषण के लिए अस्थायी दफ्तर संचालित किया जायेगा।

कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 24 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि मास मीडिया समिति की बैठक 24 मार्च को संभागीय संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गूगल मीट (https://meet.google.com/yrf-pddz-cji) के माध्यम से ऑनलाईन दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। बैठक में माह अप्रैल 2025 में आकाशवाणी केन्द्र, बिलासपुर के माध्यम से किसानवाणी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसारण होने वाले विषय एवं वार्ताकार तय किये जायेंगे।

होली त्यौहार और वीवीआईपी प्रवास के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

■ एसपी ने ली सभी राजपत्रित अधिकारियों की बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसपी रजनेश सिंह ने बिलासगुड़ी पुलिस लाइन परिसर में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने आगामी होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, शांति व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर कड़ा प्रहार करने, नाकेबंदी पॉइंट्स को स्ट्रांग करने, विजिबल पुलिसिंग करने, आसूचना संकलन मजबूत करने, सभी थानों में शांति समिति की बैठक लेने, संबंधी दिशा निर्देश दिए। बिलासपुर जिले में आगामी वीवीआईपी प्रवास को लेकर भी सभी राजपत्रित अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए सुरक्षा के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने वीआईपी सुरक्षा के दौरान पार्किंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, कंटीन्जेंसीज प्लानिंग, प्रॉपर बैरिकेडिंग, रूट डायवर्सन, बिलासपुर जिले एवं शहर पहुंच मार्गो में नाकेबंदी पॉइंट्स, सघन चेकिंग अभियान, आसूचना संकलन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग उपरांत विभिन्न कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए। आगामी त्यौहार एवं वीवीआईपी विजिट को कानून व्यवस्था की दृष्टिकोण से शांतिपूर्ण एवं आमजन हेतु सुगम एवं सुरक्षित बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

तोरवा पुलिस ने की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। 6 नग बैटरी चोरी करने वाले दो को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कब्जे से 6 नग बैटरी तथा अपराध में प्रयुक्त वाहन आई 20 कार किया गया जब्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी रविकांत साहू निवासी दोमुहानी इंदिरा आवास थाना तोरवा बिलासपुर द्वारा 4 मार्च को अज्ञात आरोपी द्वारा प्रार्थी के ट्रैक्टर तथा ग्राम के अन्य व्यक्तियों के भी ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया जिसकी सूचना तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को दी गई जिनके द्वारा तत्काल अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर बिलासपुर राजेंद्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (कोतवाली) अक्षय प्रमोद सबद्रा के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरी. अभय सिंह बैस के नेतृत्व में टीम तैयार कर अज्ञात आरोपी व चोरी गए बैटरी की पता तलाश की जा रही थी जो इसी क्रम में वाहनों को चेकिंग के दौरान कार आई 20 कार क्रमांक सी जी 12 ए वाय 0414 को चेक किया गया जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति मिले जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद जाहिद पिता अब्दुल कलीम उम्र 22 साल पता ट्रांसपोर्ट नगर चिमनी भट्ठा मस्जिद के पीछे थाना मानिकपुर जिला कोरबा, एस. कामेश पिता शिव लाल प्रसाद उम्र 23 साल पता पोड़ी बहार कोसाबाड़ी थाना रामपुर जिला कोरबा बताए जिनके कार की तलाशी लेने पर विभिन्न वाहनों के कुल 2 नग बैटरी मिलने पर पूछताछ की गई पूछताछ पर अपनी कार में घूमने कोरबा से बिलासपुर आना तथा सुनसान स्थान में खड़े वाहनों से बैटरी निकाल कर घटना से दूर छिपाकर रख देते थे।

आईडीबीआई बैंक ने 19 सहकारी समितियों में कर रहा वाटर कूलर का इंतजाम

■ कलेक्टर को सौंपा 7.88 लाख रुपए का चेक

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर स्थानीय आईडीबीआई बैंक ने गर्मी में किसानों की समस्याओं को ध्यान रखते हुए संवेदनशील पहल की है। सीएसआर मद के तहत जिले के 19 विभिन्न सहकारी समितियों में बैंक द्वारा वाटर कूलर स्थापित किया जाएगा। बैंक अधिकारियों ने आज कलेक्टर अवनीश शरण से मुलाकात कर इस विषय में जानकारी दी और वाटर कूलर के लिए 7 लाख 88400 रुपए का चेक उन्हें सौंपा। आम लोगों की सुविधा के लिए एक वॉटर कूलर की स्थापना कलेक्टोरेट परिसर में भी की गई है, जिसका शुभारंभ कलेक्टर अवनीश शरण ने किया।कलेक्टर ने वाटर कूलर का पानी भी ग्रहण किया।उन्होंने आईडीबीआई बैंक की इस मानवीय पहल की सराहना की और बैंक प्रबंधन को बधाई दी।आईडीबीआई बैंक के डीजीएम अमिताभ वाजपेयी ने कहा कि जिले के 19 सहकारी समितियों में वाटर कूलर की स्थापना किसानों के लिए की जा रही है, ताकि उन्हें गर्मी में राहत मिल सके।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित ट्रेन यात्रा सुनिश्चित करना

सरोजनी व कमलादेवी जैसी महान विभूतियों से जुड़ी है नारीवादी आंदोलनः खुर्शीद

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। भारत में इसकी जड़ें स्वतंत्रता संग्राम और प्रारंभिक नारीवादी आंदोलनों से जुड़ी हैं, जिनका नेतृत्व सरोजिनी नायडू और कमलादेवी चट्टोपाध्याय जैसी महान विभूतियों ने किया था। स्वतंत्रता के बाद, संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार प्रदान किए, लेकिन लिंग भेदभाव, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल की चुनौतियाँ, और पारंपरिक पूर्वाग्रह जैसी सामाजिक समस्याएँ बनी रहीं। 1975 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा आईडब्ल्यूडी को मान्यता मिलने के बाद भारत में इसका महत्व बढ़ा। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और उनके अधिकारों की वकालत करने का मंच बन गया। हालाँकि, लिंग-आधारित हिंसा, असमान वेतन, कार्यबल में कम भागीदारी, और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ अब भी बनी हुई हैं। भारत में महिला दिवस उन अग्रणी महिलाओं का सम्मान करने का अवसर है, जिन्होंने अपने क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़ा। यह ग्रामीण, दलित और आदिवासी समुदायों की महिलाओं की चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम है। यह दिन शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और कानूनी सुधारों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पितृसत्तात्मक मान्यताओं को चुनौती देता है। अभियान, संगोष्ठियाँ और सोशल मीडिया ट्रेंड जैसे ब्रेक द बैस लैंगिक समानता की इस पुकार को और तेज़ करते हैं। लैंगिक वेतन अंतर- महिलाएँ समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में 20-30 प्रतिशत कम वेतन पाती हैं। शिक्षा तक सीमित पहुँच- ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और सामाजिक मान्यताओं के कारण कई लड़कियों को शिक्षा से वंचित कर दिया जाता है। नेतृत्व में कम प्रतिनिधित्व- भारतीय संसद में केवल 14 प्रतिशत सांसद महिलाएँ हैं। स्वास्थ्य सेवाओं तक असमान पहुँच- महिलाएँ अक्सर प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच में बाधाओं का सामना करती हैं। डिजिटल विभाजन- ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच कम होती है।

सामाजिक जागरुकता से होंगी महिलाएं सशक्त

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भारत में महिलाओं की प्रगति और चुनौतियों को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आरपीएफ जैसी पहलों ने महिलाओं की सुरक्षा में सुधार किया है, लेकिन लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। शिक्षा, कानूनी सुधार और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही महिलाओं को सही मायने में सशक्त बनाया जा सकता है।

सुविचार

शांत रहने वाले को हल्के में नहीं लेना चाहिए, याद रखें कि अक्सर राख के नीचे आग छिपी रहती है। - अज्ञात

पीओके पर कब्जे की तैयारी

पाकिस्तान में किसी कश्मीर के एक बड़े भाग पर 1947 से अवैध कब्जा कर रखा है। उस पीओके पर अब भारत ने कब्जा करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें कितना वक्त लगेगा यह कह पाना मुश्किल है लेकिन भारत सरकार ने स्पष्ट संकेत दिये हैं कि बहुत जल्द पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा लहराएगा। इंग्लैंड प्रवास पर गये भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से एक पाकिस्तानी पत्रकार ने प्रेस वार्ता के दौरान यह सवाल किया कि जम्मू कश्मीर की समस्या का कब तक समाधान होगा तो इसके जवाब में एस जयशंकर ने कहा कि जम्मू कश्मीर की समस्या का समाधान हो चुका है। हम अधिकांश मसलों को हल कर चुके हैं। हमने 370 को हटा दिया है और जम्मू कश्मीर में चुनाव भी करा दिये हैं जिसमें अभूतभूर्व मतदान हुआ था। जम्मू कश्मीर में चहुंमुखी विकास का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है अब सिर्फ एक काम बाकी है। हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं वह कश्मीर के चोरी हुए हिस्से की वापसी है जो पाकिस्तान के कब्जे में है। बहुत जल्द पीओके जो भारत का शुरू से अभिन्न अंग रहा है उस पर भारत का कब्जा हो जाएगा। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान के बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने भी इसे तरह के बयान दिये थे इससे स्पष्ट है कि भारत पीओके पर कब्जा करने की तैयारी में लगा हुआ है। सच बात तो यह है कि पीओके पर तिरंगा फहराने का यही सही समय है। पाक अधिकृत कश्मीर के लाखों लोग पिछले एक साल से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी एक ही मांग है कि पीओके को भारत में शामिल किया जाये। किन्तु पाकिस्तान के हुक्मरान पीओके की आवाम की इस मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। उल्टे फौज का सहारा लेकर इस आंदोलन को कुचलने की कोशिश कर रही है। पाकिस्तानी सेना की बर्बरता के कारण पीओके के लोगों का आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में यदि भारत पीओके पर कब्जा करता है तो पीओके के लोग खुद ही पाकिस्तान की सेना के खिलाफ मैदान में उतर आएंगे। पाकिस्तान की हालत इस समय इस कदर खराब है कि वह भारत का मुकाबला करने की बात सपने में भी नहीं सोच सकता। पाकिस्तान पहले ही दुनिया से अलग थलग पड़ चुका है। सिर्फ एक मात्र चीन ही एक ऐसा देश है जो पाकिस्तान की हिमायत करता रहा है लेकिन अब चीन ने भी पाकिस्तान की मदद से अपने हाथ पीछे खींच लिये हैं। विश्व मंच पर आज भारत एक बड़ी ताकत बन चुका है इसका प्रमाण यही है कि जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जीकल स्ट्राइक और फिर एयर स्ट्राइक की थी तब दुनिया का कोई भी देश यहां तक कि इस्लामिक देश भी पाकिस्तान के समर्थन में सामने नहीं आये थे। जाहिर है आतंकवाद का पर्याय बन चुके पाकिस्तान को अब दुनिया का कोई भी मुल्क समर्थन देने के लिए तैयार नहीं है। जबकि भारत के पक्ष में दुनिया के तमाम बड़े देश हैं। इसलिए भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वह पाकिस्तान के कब्जे से पीओके को मुक्त कराये और उसे हिंदुस्तान का हिस्सा बनाये। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी ने पीओके पर अपना कब्जा करने का वादा अपने चुनावी घोषणा पत्र में बहुत पहले से कर रखा है अब समय आ गया है कि वह अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए जल्द से जल्द त्वरित कदम उठाये। उम्मीद की जानी चाहिए कि 2029 के लोकसभा चुनाव के पहले पाक अधिकृत कश्मीर में भारतीय तिरंगा अवश्य लहराएगा।

हम किसी से कम नहीं

उमा मेहता त्रिवेदी

सदियों से, महिलाओं ने समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे न केवल परिवार की देखभाल करती हैं, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। आज, महिलाएं डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, राजनीतिज्ञ, खिलाड़ी और उद्यमी बनकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। शिक्षा और जागरूकता के प्रसार के साथ, महिलाओं ने अपनी क्षमताओं को पहचाना है और रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ी हैं वे अब पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं और समाज के विकास में अपना योगदान दे रही हैं।

महिलाओं की उपलब्धियां हर जगह नजर आती है।

शिक्षा: महिलाएं आज उच्च शिक्षा में पुरुषों से आगे हैं। वे न केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रही हैं, बल्कि कला, साहित्य और सामाजिक विज्ञान में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

राजनीति: महिलाएं राजनीति में भी सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। वे न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नेतृत्व कर रही हैं।

खेल: महिलाएं खेलों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने ओलंपिक खेलों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए कई पदक जीते हैं।

व्यापार: महिलाएं उद्यमिता में भी अग्रणी हैं। वे नए व्यवसाय शुरू कर रही हैं और रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं।

चुनौतियां और समाधान:

हालांकि, महिलाओं को अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें लैंगिक भेदभाव, हिंसा और असमानता का सामना करना पड़ता है।

इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, समाज और परिवार को महिलाओं के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलना होगा हमें महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देना होगा।

महिलाएं समाज का अभिन्न अंग हैं। उनके बिना, समाज अधूरा है। हमें उनकी क्षमताओं को पहचानना चाहिए और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए हमें एक ऐसा समाज बनाना चाहिए जहां महिलाएं सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें वैसे तो महिलाओं के लिए भविष्य उज्जवल है वे अपनी पूरी क्षमता तक पहुचने और दुनिया में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है क्योंकि प्रत्येक महिलाएं एक ऐसी दुनिया बना रहीं हैं जहां हर कोई स्वयं को सम्मानित महसूस करता हैं।

हम सभी को महिलाओं का समर्थन करने की आवश्यकता है उन्हें अपनी पहचान और आवाज उठाने के साथ साथ उनके हर सपनों को पुरा करने में मदद करने की आवश्यकता है उन्हें यह महसूस कराना बहुत जरूरी है कि हम उन पर विश्वास करते हैं और उनके साथ खड़े हैं। क्योंकि जब महिलाएं सफल होती है तो हम सभी सफल होते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता।11907 में आज ही के दिन ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स ने महिलाओं के मताधिकार से संबंधित विधेयक को ठुकरा दिया था। 1909 में 8 मार्च के दिन ही अमेरिकी सोशलिस्ट पार्टी ने पहली बार राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया था। 1910 में आज ही के दिन कोपनहेगेन में हुए महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तय करने का प्रस्ताव रखा था। 1911 में 8 मार्च के दिन ही यूरोप में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया था। 1930 में आज ही के दिन महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया था। 1942 में 8 मार्च को ही द्वितीय विश्व शुद्ध के दौरान जापानी सेना ने वर्मा के रंगून पर कब्जा किया था। 1948 में आज ही के दिन एअर इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना हुई थी। 2004 में 8 मार्च के दिन ही इराक के गवर्निंग काउंसिल द्वारा एक नए संविधान पर साइन किए गए थे। 2006 में आज ही के दिन रूस ने ईरान मामले पर अपना प्रस्ताव वापस लिया था। 2008 में 8 मार्च के दिन ही फिल्म फेयर ऑफ फुटपाथ ने काहिरा इंटरनेशनल फेस्टिवल फॉर चिल्ड्रेन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

महिला दिवस विशेष

नारी सर्वोच्च सम्मान की हकदार....

संजीव ठाकुर

स्त्रीयां सदैव विराट स्वरूपा होती हैं हर काल, हर युग मे नारी पूजनीय रहीं हैं।महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का सर्वोत्तम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे और वही पुरुष समाज स्त्रियों का अनादर कर सरे आम घर में, समाज और देश कोने कोने में स्त्री अस्मिता से खिलवाड़ कर अपने पुरुष होने का अति अशोभनीय दम्भ भरता है। नारियां कब तक पुरुषों द्वारा किए गए इन अनाचारों को झेलती रहेगी। भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरीय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफअली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

अग्नि की तरह पवित्र स्त्रियां

अग्नि की तरह पवित्र स्त्रियां।
स्त्रियां कई पीढियां की संस्कार होती है।
स्त्रियां अग्नि की तरह पवित्र होती है।
स्त्रियां हमारी सोच से
बहुत आगे होतीं हैं,
इतनी संवेदना, इतनी गहराई
और इतनी सात्विक विशालता
के बारे में विचार
करने मेरे दिमागी तंतु
कमजोर से हो जाते हैं।
अग्नि का आविष्कार
जरूर पुरुषों ने किया है
इसका सही प्रयोग,
उपयोग जानती हैं,
अग्नि की तरह
स्त्रियां भी पवित्र होती है।
पवित्र अग्नि की तरह
निर्मल होती हैं,
निर्मल निझारणी की तरह,
स्त्रियां स्त्रियां नहीं होती
संस्कार होती है,
एक स्त्री के जन्म लेने का
मतलब ही दो परिवारों और
पीढ़ीयों को सुविचारित करना है,
एक स्त्री जो यह समझती है
एक घर चलाने में क्या समस्या है
तो निश्चित तौर पर वह
इस बात के नजदीक हैं
कि देश चलाने में क्या समस्याएं है,
और सच मानिए
स्त्री के बिना आदमी,समय
सदैव क्रूर बना रहता है,
हम युद्ध की बात नहीं करते
सच तो यह है की किसी स्त्री का
एक शिशु को जन्म देना
युद्ध में किसी विजय
से ज्यादा स्तुत्य होता है,
ऐसा यूं है कि स्त्रियां
आध्यात्मिक, भावात्मक
और शारीरिक रूप से
पुरुषों से शक्तिशाली होती है
और नव सृष्टि सृजित करती हैं।
ईश्वर की सुंदर और पूर्ण अंतिम संरचना स्त्री ही है, और सुंदर समाज की संरचना और परिकल्पना स्त्री ही संजोती है।
स्त्रियां दैवत्त की देन है
स्त्रियों को प्रणम्य नमन।

- संजीव ठाकुर

बलात्कार और हिंसा पर कब टूटेगी समाज की चुप्पी?

योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं। देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारीरिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफ्रीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं।

महिलाओं का विकास

चन्द्रकांत खुंटे

मेरे देश की तरक्की
महिलाओं के विकास से नापा जाना चाहिए।
कितने लोगों को नौकरी मिली,
कितने लोग हुए सक्षम?
कितने लोग नपढ़,शोषित,
कितने स्त्री है अक्षम?
कितने विधवा घर में बैठे,
यह भी भाँपा जाना चाहिए।
कितने लोग मरे गर्भ में,
कितनों के हुए बाल विवाह?
कितने लोग झूले फंदे में,
कितने गैर जाति-धर्म में हुए निकाह?
किस पद में कौन बैठी? किसे मिला आरक्षण
स्त्रियों के प्रतिनिधि नकर
कितने कर रहे पद- रण?
अखबारों में इसे भी
छापा जाना चाहिए।।
मेरे देश की तरक्की
महिलाओं के विकास से नापा जाना चाहिए।

नारी जन्नत की परिभाषा

नारी जन्नत की परिभाषा नारी जन्नत की परिभाषा।
नारी पीढी की अभिलाषा। नारी मन्दिर में जैसे ज्योति।
नारी समता से भरी गोदी। नारी शीतल नीर समन्दर।
नारी सचखण्ड में हरिमन्दिर। नारी धरती नारी अम्बर।
नारी सुखमणि दुख अन्दर। नारी शुभ मंगल अभिवादन।
नारी मारूस्थल में सावन। नारी अग्नि नारी मंजर।
नारी दुश्मन के लिए खंज़र। नारी सत्यम सुन्दरम शक्ति।
नारी पूजा नारी भक्ति। नारी बंदनवार है दर पर।
नारी कृपा दृष्टि घर पर। नारी ज्यों खिलती खुशहाली।
नारी सारे जग की वाली। नारी बहता दरिया है पर
नारी चढ़ती बाढ़ का डर। नारी मंगल कलश प्यारा।
नारी प्रभ का रूप न्यारा। नारी से है यह संसार।
नारी से है सब भण्डार। नारी कोमल गंदल जैसी।
नारी खुशबू चंदन जैसी। नारी लता मुहोब्बत वाली।
नारी फूलों से लदी डाली। नारी सर्वकला सम्पन्न।
नारी अर्पण नारी दर्पण। नारी सारे जग की जननी।
नारी ज्यों दीपक की अग्नि।
नारी अमृत पाक पवित्र।
नारी सब से सच्चा मित्र।
नारी बालम है नारीश्वर।
नारी धर्म परम अखिलेश्वर।

- बलविन्दर बालम गुरदासपुर (ओंकार नगर गुरदासपुर पंजाब)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किसी से कुछ

किसी से कूछ नहीं कहना हमें बस चुप ही है रहना दिये जो दर्द दुनिया ने उन्हें तन्हा ही है सहना समझ है इतनी तो हमको तुम्हारा "चुप" ही है गहना अकेले ही हमें तो अब समुंदर की तरह बहना बहे हैं मन से भी आँसू बहेंगे सच में ये नयना। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

आँगन बंटें मैं हमेशा

आँगन बंटें, मैं हमेशा चुप रही मकान बोलता रहा खबरें उड़ी मैं सुनती रही चेहरे अख़बारों जैसे थे खामोशी सिसकी कान सुनते रहे दोस्तों ने दुश्मनों से जुबां बदल ली थी रात रोयी और सड़कें नाचीं थी कमबखूत थके सन्नाटों ने शोर मचा दिया था वो आँगन बँटने से लेकर आज तक साथ जो थे।

- **अनिता कपूर**

ख़ास पाती | हम अपनी प्यास का यारो कभी

हम अपनी प्यास का यारो कभी सौदा नहीं करते समुंदर से कभी क़तरा भी हम माँगा नहीं करते मुसलसल चलते रहते हैं थकन की पोटली ले कर मिलेगी या नहीं मंज़िल, कभी सोचा नहीं करते कभी तशहीर अपनी ज़ात की करते नहीं हैं हम खुद अपने आप को अव्वल कभी रक्खा नहीं करते यही कारण है जो हम आज पिछली सफ़में बैठे हैं किसी के दर पे जा कर हम कभी सजदा नहीं करते भले चौंसठ बरस के हो गए 'अज्ञात' हम लेकिन बुज़ुर्गों के सिरहाने आज भी बैठा नहीं करते - **अजय अज्ञात**

मन के मंदिर में जश्न सा लगा है

मन के मंदिर में जश्न सा लगा है जब से तु आंखों से दिल में उतरा है धडकनें दिल में जलजला सी बनी है जबसे उन्होंने रुख से पर्दा उठाया है एक चिराग था जो यूँ भी बूझ गया दरीचे में उसने जो चिलमन गिराया है आज तुम से कह दूँ वो अनकही बातें भी इंतजार में बहे अश्को का तुमने जो सिला दिया है जब ना रहेंगे तो याद करेगा मुझे जमाना तडपेंगे वो भी जिसने मुझे अक्सर रुलाया है..... - **डेज़ी जयसवाल**

दर्द के आह में मोम की

दर्द के आह में मोम की तरह अश्क़ पिघलते गए मौन भी रहे तो मन की चीखें सुन मन को समझाते गए वो आस की सुबह दिनभर की आपाधापी सांझ ढले यूँ सब्र लेते गए सूना वो आसमान रात गहरी फिर चाँद को ही तकते गए ख़्वाब टूटे ,कुछ रुठे दर्द को अपनाकर सिसकियों में सिमटते गए कहा कुछ नहीं इश्क़ का ख़्याल खुशी में बस थिरकते गए लबों पर मुस्कान धड़कनों की आहट तेरे नाम से लिपटते गए कि दर्द की आह लज़्ज़ेदार ज़िंदगी को बेख़ौफ़जीते गए!! - **नंदिता तनुजा**

वो तुमसे हारा है तो रोएगा रोएगा

वो तुमसे हारा है तो रोएगा रोएगा तो चीखेगा चिल्लायेगा चीखेगा चिल्लायेगा बद्दुआ देगा कभी बद्दुआ लग जाएगी इस बात से डरते हो डरकर परेशान होते हो उसे चिढ़ाते हो उसके घाव पर नमक लगाते हो अबकी वो ना रोएगा ना चिल्लाएगा वो अब प्रहार करेगा तब याद करना जब आग में घी डालने को झुकोगे तो चेहरा झुलझेगा अब झुलसे हो तो तुम रोओगे और वो हंसेगा सोचों अब वो जीता है और तुम हारे हो वो जहां था वही तुम हो सोचो ना (सांकेतिक) - **प्रीति श्रीवास्तव**

जीवन में बहुत सारे लोग कभी कभी

जीवन में बहुत सारे लोग कभी कभी अच्छा सोचते हैं लेकिन कहते हैं विचार नहीं बन पा रहे हैं कि मैं ऐसा करूं। अधिकतर इंसान के साथ ऐसा होता है कि किसी गलत आचरण के लिए उसके विचार जल्दी बनते हैं लेकिन सही आचरण के लिए विचार नहीं बन पाते क्योंकि सही आचरण के लिए विचार बनाने पड़ते हैं। मेहनत करनी पड़ती है जैसे खेत में हम कोई फसल बोते हैं तो उसके लिए जुताई करनी पड़ती है,बीज बोने पड़ते हैं तब जाकर कहीं फसल बनती है लेकिन फसल के साथ घास अपने आप ही उग आती है, द्दड्ड4ड्ढद् उसी तरह अच्छे विचार भी हैं। - **संतोष कुमार मिश्रा**

जलन की बात चले तो सीना

जलन की बात चले तो सीना जेहन में आता है। बात पार्टी की हो तो पीना जेहन में आता है।। हाथ छोड़ दें दुनियां वाले सभी और तू थाम ले। फिर बस तेरे लिए ही जीना जेहन में आता है।।

- **राज कुमार शर्मा**

चांद तक पहुंच रही महिलाएं

महिलाओं को समाज में हमेशा से रूढ़ियों का सामना करना पड़ा है, सारी वर्जनाएं उसी के लिए बना दी गयीं। उसे कमज़ोर माना गया इसलिए उस पर सदा से अधिकार करने की कोशिश भी की गयी। लेकिन समय बदला और अब वही महिलाएं चांद तक पहुंच रही हैं, फिल्म, संगीत, खेल, राजनीति, अकादमिक जगत व मीडिया से लेकर विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने अपनी कविताओं, कहानियों के माध्यम से समाज में क्रान्ति लाने की कोशिश की। प्रस्तुत है उन हिंदी कविताओं के अंश जो महिलाओं द्वारा रची गईं-

बदली
दूर रहकर भी
जान जाती है
धरती की प्यास
और आकाश के अनुशासन को
तोड़कर बरस पड़ती है
जैसे दुधमुँहे बच्चे की
माँ के स्तनों से
टपकने लगता है दूध
बच्चे की भूख के समय...

महतारी सम्मान 2025: नवसृजन मंच ने 61 मातृशक्तियों को किया सम्मानित

■ पारंपरिक रुपिया माला पुतरी और महतारी सम्मान पाकर गौरव महसूस किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की सामाजिक संस्था नवसृजन मंच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली 61 महिलाओं को गुरूवार को महतारी सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही 12 ऐसे स्वसहायता समूह जो अपने महिला समूह के माध्यम से निरंतर कार्य करती आ रहीं हैं, जिनका योगदान उत्कृष्ट माना गया, उन्हें भी महतारी गौरव सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर, द्वीप जलाकर और राजगीत अरपा पैरी के धार गीत के साथ हुआ।

नवसृजन मंच के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज देश-प्रदेश की 61 महिलाओं को मंच की ओर से उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जा रहा है। मंच के सदस्य और छत्तीसगढ़ की मातृशक्तियों के लिए यह गौरव का क्षण है जब छत्तीसगढ़ की माताओं का सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मान हो रहा है। आज मंच से हमारी बहनों ने जो संघर्ष की दास्तां बयां की है, वह उनकी असल जिंदगी की कहानी है, जो हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे आयोजन से अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करने वालों को प्रेरणा मिलती है। मंच की ओर से आगामी 2 अप्रैल को बिटिया जन्मोत्सव का आयोजन किया जाना है, जिसमें बेटियों को छत्तीसगढ़ शासन की

योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य समय निकालकर पहुंचीं रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने मंच से सभी को नमस्कार करते हुए कहा कि महिलाएं हमेशा दोहरे दायित्व का निर्वहन करतीं हैं। महिलाओं के सम्मान का कोई दिन नहीं होना चाहिए। उनका हर दिन सम्मान होना चाहिए। प्रत्येक महिला में एक अलग गुण होता है, उसे पहचान कर उन्हें आगे बढ़ना चाहिए।

इन मातृशक्तियों का हुआ सम्मान

शिक्षा- डॉ. श्रद्धा वर्मा, तपस्विनी प्रधान, नीतू सिन्हा प्राचार्य, संगीता होता, डॉ. प्रीति बिसेन, अर्चना साहू, वर्षा शर्मा, डॉ. शिल्पा कुलकर्णी, सुमन वर्मा, कल्याणी सतीश बंटे
विधि- अधिवक्ता गायत्री साहू, अधिवक्ता शारदा सोनी, मीना तिवारी
साहित्य- डॉ. ज्योति मिश्रा
चिकित्सा- डॉ. अरुणिमा वर्मा, डॉ. प्रीति केशवानी, डॉ. ओमियंका अवधिया, डॉ. नेहा गोयल
पत्रकारिता- सुप्रिया पांडे, तनु वर्मा, अर्चना जैन
इंटीरियर डेकोरेशन- देवयानी शर्मा
आध्यात्म- किरण साहू
खेल- किरण गोलहानी, रजनी सिंह, अंजू साहू, यशोदा धुर्वे, मधु यादव
कला- सोनल शर्मा, सोनाली चक्रवर्ती, विनय अग्रवाल, निशा सिंह, सोनल राजेश शर्मा, अनामिका
समाजसेवा- डॉ. महिमा सिंह ठाकुर, नीलिमा यादव, सीमा काटनकर, आरती दुबे, सुनीता पाठक, गौरी हलधर, लितीका महानंद, एम वाणी
सौंदर्य- के उमा सोनगड़े (ब्यूटीशियन), रतनजीत कौर
फैशन- अदिति गुमास्ता,
यू ट्यूबर- प्रीति साहू, किरण साहू
शोध- भूमिका डांगे विशाखा,
व्यवसाय- अरुणा यादव, जागृति वर्मा
मनोविज्ञान- डॉ. किरणबाला पटेल, अर्चना पांडे
राजनीति- पार्षद कृतिका जैन, प्रीति स्वर्णकार
पुलिस- मंजुलता राठौर निरीक्षक, ज्योति सिंह उपनिरीक्षक
मास्टरशेफ प्रतिभा शर्मा

संक्षिप्त खबरें

जय व्यापार पैनल की धुंआधार सम्पर्क यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। जय व्यापार पैनल से जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव एवं परमानन्द जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर जय व्यापार पैनल पूरी जागरूकता के साथ पूरे प्रदेश में सम्पर्क यात्रा कर रहा है। जय व्यापार पैनल के इकाई के प्रभारी द्वय महेश जेठानी, अवनीत सिंह के साथ नरेश माखीजा , विजय शादीजा एवं टीम के साथ आज कोरबा के सदस्यों से मुलाकात की । चर्चाओं के साथ-साथ भविष्य में व्यापार को और कैसे नई उंचाई पर ले जाने हेतु अपने विचारो की प्रस्तुति दी। साथ ही साथ आनें वाले चुनाव में जय व्यापार पैनल को पुनः पूर्ण बहुमत प्रदान करनें हेतु निवेदन किया ।सम्पर्क यात्रा के दौरान प्रत्येक इकाई द्वारा हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया है। जनसम्पर्क के दौरान मिल रहे आत्मीयता एवं सम्मान से पूरी टीम अभिभूत है। पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि ऐतिहासिक जीत होने वाली है।कोरबा जय व्यापार पैनल के पदाधिकारी रामसेवक अग्रवाल, परसराम रामानी, जयंत कुमार अग्रवाल, रवि लालवानी, प्रभु अग्रवाल, रोहित असरानी , विशाल सचदेव, राजकुमार गंगवानी, कवर राम मनवानी, नरेश संतानी, कन्हैया लाल कलवानी, टेकचंद रामानी, संभाग चंद मनवानी, संतोष वाधवानी, मनोज जेठानी, नीरज असरानी।

होमियोपैथी के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। 4 मार्च को बर्नेट होमियोपैथी प्राइवेट लिमिटेड ने होमियोपैथी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों का ताज महल नई दिल्ली में प्रतिष्ठित सम्मान समारोह होमियोपैथी पुरोधा सम्मान का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में होमियोपैथी के क्षेत्र में पिछले एक दशक से कार्य कर रायपुर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर रहे डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी को होमियोपैथी चिकित्सा के प्रति निष्ठा,सेवा भाव व मरीजों के उपचार में आश्चर्यचकित परिणाम को देखते हुए यह सम्मान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी,पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे सांसद मनोज तिवारी सांसद राजेश वर्मा संचालक बर्नेट होमियोपैथी डॉ नीतीश दुबे द्वारा दिया गया।डॉ उत्कर्ष त्रिवेदी इससे पहले कई बार दुबई रायपुर ,बिलासपुर, नागपुर, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, कोलकाता, जयपुर,में विभिन्न कार्यक्रमों सम्मानित हो चुके है ,करोना कॉल में इनके होमियोपैथी उपचार का लोहा पूरा छत्तीसगढ़ मान चुका है जहां इन्होंने बिना मास्क ग्लव्स और सैनिटाइज़र के मरीज़ को छूकर होमियोपैथी दवाईयो के ज़रिए पॉजिटिव मरिजो को ठीक किया था और लगभग 40000 लोगो को निःशुल्क (प्रिवेंटिव)दवाई भी बाटी थी . कार्यक्रम में देश भर के 150 चिकित्सकों का सम्मान किया गया .कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री ललन सिंह जी ,पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे सांसद मनोज तिवारी सांसद राजेश वर्मा मंदिरा बेदी, आशीष विद्यार्थी प्रसिद्ध कवि मनोज मुन्तज़िर होमियोपैथी कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पिनाकिन त्रिवेदी डॉ रामजी सिंह, सी आर पी एफके विशिष्ट महानिदेशक सुनील झा समेत देश के कई प्रख्यात हस्तियाँ शामिल रही.बर्नेट होमियोपैथी के के संस्थापक डॉ नीतीश चंद्र दूबे ने इस आयोजन का नेतृत्व करते हुए बताया की होमियोपैथी चिकित्सा को बुनियादी चिकित्सा में शामिल किया जायें

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री 9 मार्च को चांपा में

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन रविवार 9 मार्च को नगर पालिका परिषद-चांपा के अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। केबिनेट मंत्री 09 मार्च को सुबह 11:30 बजे ग्राम चारपारा-कोहड़िया से रवाना होकर दोपहर 12:30 बजे जांजगीर-चांपा जिले के नगर पालिका परिषद-चांपा द्वारा आयोजित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। तत्पश्चात् श्री देवांगन दोपहर 1:00 बजे चांपा से रवाना होकर अपरान्ह 2:00 बजे चारपारा कोहड़िया पहुंचेंगे। वे शाम 5:00 बजे चारपारा-कोहड़िया जिला कोरबा से रवाना होकर रात 8:00 बजे राजधानी रायपुर लौटेंगे।

दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यक्रम से लौटे बिजली कर्मियों ने कहा

लाइनमैन का ऐसा सम्मान कल्पना के बाहर की बात थी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के तीन बिजली कर्मवीरों को दिल्ली में आयोजित लाइनमेन दिवस समारोह में सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। सम्मान पाकर लौटे बिजलीकर्मियों ने इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार बताया और कहा कि फील्ड में काम करते हुए हमें अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है लेकिन सभी चुनौतियों के बीच हमारा साहस ही हमें आगे बढ़ाता है। लाइनमैन दिवस पर सम्मान होने से हमारा साहस और बढ़ गया है। इस सम्मान से हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के लाइनमेन जोगेश्वर प्रसाद वर्मा सारागांव भूपेश्वर ध्रुव मैनपुर और परमेश्वर चंद्राकर नेहरूनगर को उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पॉवर

कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह एवं प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर का भी आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने देशभर में लाइनमेन दिवस पर विविध आयोजन किये। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में देशभर के चुने हुए लाइनमेन को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद एवं दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सीईओ गजानंद एस काले ने सम्मानित किया। इसमें हर प्रदेश के तीन-तीन लाइनमेन को चुना गया था।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता केएस भारती भी प्रतिनिधि मंडल के लीडर के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। लौटने के पश्चात भूपेश्वर ध्रुव ने बताया कि वे 15 साल से लाइनमेन के पद पर कार्यरत् हैं। उनकी पदस्थापना घने वनांचल और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है। बारिश और आंधी के कारण उनके क्षेत्र में जब फाल्ट आता है तो वे बिना समय गंवाए अपने टीम के साथ पेट्रोलिंग करते हैं और फाल्ट सुधारते हैं।

तीन साल पहले गांव में बहुत अधिक बारिश हुई थी। तब नदी में बाढ़ के कारण वहां जाना मुश्किल था। तब वे नदी पार करके दूसरी ओर पहुंचे और विद्युत आपूर्ति बहाल की। भिलाई के लाइन परिचारक परमेश्वर चंद्राकर 1990 से वितरण कंपनी में कार्यरत हैं।

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मंत्री राजवाड़े ने की मुलाकात

कई योजनाओं को लेकर हुई विस्तार से चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नई दिल्ली में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रमों के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी। इस दौरान मंत्री राजवाड़े से उन्होंने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के और बच्चों के लिए संचालित किए जा रहें कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, भविष्य की योजनाओं और रणनीतियों पर सार्थक चर्चा भी की। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय से महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं पोषण अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

राजवाड़े ने केंद्रीय मंत्री को छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं कुशल नेतृत्व में प्रदेश के समग्र विकास हेतु लगातार कार्य हो रहे हैं। जिससे राज्य हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

रायपुर/नवप्रदेश। आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 8 मार्च 2025 को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह कैलेण्डर वर्ष 2025 की पहली नेशनल लोक अदालत होगी।लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट आदि का निराकरण किया जाएगा।

वन बंधु परिषद की राष्ट्रीय महिला समिति की जोनल बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सालासर धाम में वन बंधु परिषद की राष्ट्रीय महिला समिति की वार्षिक जोनल बैठक संपन्न हुई जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश के पदाधिकारियों ने दूसरे राज्यों से पहुंचे पदाधिकारियों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया,उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आयोजन बेहद ही सफल एवं प्रभावशाली रहा।वही अध्यक्ष कांता सिंघानिया एवं सचिव सरिता रेखानी ने बताया कि ईस्ट जोनल बैठक में हिस्सा लेने उड़ीसा, रांची,बिहार,जमशेदपुर, झारखंड, बंगाल सहित अन्य प्रदेशों से महिला समिति रायपुर पहुंचे है जहां राष्ट्रीय संगठन मंत्री शांता सारडा भी मौजूद रही। बैठक के पश्चात फूलों की होली के साथ फाग उत्सव भी मनाया गया। राठी ने बताया कि आयोजन में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल, अध्यक्ष कांता सिंघानिया,सचिव सरिता रेखानी,मीडिया प्रभारी कविता राठी,मनीषा सिंघानिया,कंचन भीमसरिया, रंजना मित्तल, बिंदिया अग्रवाल, पूजा छाबड़ा, सविता गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, पुष्पा साहू, रेखा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, संगीता मिश्रा, किरण अग्रवाल, मधु सिंघी,ऋतु खंडेलवाल, अनिता किंगर, शुभांगी आप्टे, माला लांबा,कंचन अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, आरती अग्रवाल,सुनीता मारुति उपस्थित रही।बैठक में आगामी कार्यों की रणनीति बनाई गई।

अमिताभ मुखर्जी ने एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला

हैदराबाद/नवप्रदेश। अमिताभ मुखर्जी ने 6 मार्च 2025 से एनएमडीसी के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद पर कार्यभार संभाल लिया है।

भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1996 बैच के अनुभवी अधिकारी मुखर्जी ने भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुँचने से पहले भारत सरकार में विभिन्न पदों पर सेवाएं दी हैं। अपने दूरदर्शी नेतृत्व के साथ, मुखर्जी मार्च 2023 से सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) और नवंबर 2018 से निदेशक (वित्त) के रूप में एनएमडीसी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वे एनएमडीसी स्टील लिमिटेड तथा लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में, एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2024 में 45 मिलियन टन उत्पादन को पार करने वाली भारत की पहली लौह अयस्क खनन कंपनी बनकर ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है।

उन्होंने एनएमडीसी को कंपनी के इतिहास में अब तक के सबसे अधिक टर्नओवर और नेटवर्थ तक पहुंचाया है। अत्याधुनिक डिजिटल और तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाया और देश की एकमात्र मशीनीकृत हीरा खदान में प्रचालन फिर से प्रारंभ किया । मुखर्जी ने एनएमडीसी स्टील प्लांट के चालू होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो अब बस्तर का गौरव बन चुका है। उनके नेतृत्व में कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया में स्?वर्ण खनन में प्रगति की है और ग्लोबल खनन महाशक्ति बनने की दिशा में कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ चुकी है।

मुखर्जी ने प्रमुख निवेश रणनीतियों को क्रियान्वित करने, वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने तथा एनएमडीसी को जिम्मेदार खनन के भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में नवरत्न कंपनी 2030 तक 100 मिलियन टन की खनन क्षमता बनाने के महत्वाकां लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।यह नियुक्ति बहुआयामी अनुभव और दृढ़ आकांक्षाओं के साथ खनन क्षेत्र में अग्रणी व्यक्ति के रूप में भारत के औद्योगिक और आर्थिक परिदृश्य पर उनके प्रभाव को रेखांकित करती है।

महाराष्ट्र मंडल ... **महिला दिवस के आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक**

अहिल्याबाई की प्रेरणा से सामाजिक कार्य करने का लिया संकल्प

महिला प्रमुख ने दिया प्रेरक संबोधन

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के सुंदर नगर महिला केंद्र की महिलाओं ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को आत्मसात कर सामाजिक कार्य करने का संकल्प लिया। यह संकल्प महिलाओं ने महाराष्ट्र मंडल के सुंदर नगर केंद्र की मासिक बैठक में लिया। वहीं नए सदस्यों को जोड़ने के लिए और महिला दिवस के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि

रानी अहिल्याबाई महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देती थीं। उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए हाथ करघा के वस्त्रों का उपक्रम शुरू करवाया था। हाथ करघा की साड़ियां बेहतर क्वालिटी के हों, इसके लिए उन्होंने महेश्वर से सिद्धहस्त कारीगरों को अपने राज्य में बुलाकर बसाया था, ताकि महिलाएं उनके हुनर को सीखकर खुद भी खूबसूरत साड़ियां बना सकें। नतीजतन उनके शासनकाल में महेश्वर की साड़ियां पूरे देशभर में प्रसिद्ध हुईं। विशाखा के अनुसार लोकमाता अहिल्याबाई इसी तरह मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ बड़े पैमाने पर धर्मशाला, भोजनालय, सराय, नदी घाट का निर्माण कराया। इनमें भी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का विशेष ध्यान रखा गया। इसी तरह अहिल्याबाई गरीबों के सेवार्थ अनेक कार्य प्रतिदिन क्या करती थीं। उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों ने समाज में बड़ा बदलाव लाया था।

बैठक का आयोजन सुंदर नगर स्थित उद्यान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। बैठक में स्मिता टेंबे, हार्दिका बोबडे, अर्चना शिवनकर, अर्चना दंडवते, सुजाता निंबालकर, भारती पलसोदकर, स्वाती किरवई, ज्योति किरवई, मनीषा चन्नावर, शिखा खांडेकर, सुरेखा बक्शी, प्रिया ब, वनिता आपुरकर, वर्षा रावत, सुषमा काले, सौदामिनी बर्वे, विशाखा तोपखानेवाले, अपर्णा देशमुख सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

बजट में शामिल सरगीपाल-बोधघाट ओव्हरब्रिज, क्या पीडब्ल्यूडी दिखाएगी गंभीरता

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बजट में इस वर्ष जगदलपुर के सरगीपाल में ओव्हरब्रिज बनाने हेतु बजट आवंटन किया गया है यदि लोक निर्माण विभाग ईमानदारी से काम करेगा तो आगामी वित्तीय वर्ष में जनता को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग ने जिला बस्तर के जगदलपुर शहर में रेल्वे स्टेशन के पास बोधघाट चौक से ग्राम सरगीपाल मार्ग के किमी. 1/8 में रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य में भू-अर्जन एवं यूटिलिटी हेतु 5करोड़ रुपए प्रावधान किया है जिसमें 1करोड़ रुपए प्रावधान किया गया है यदि लोक निर्माण विभाग इसमें ईमानदारी से काम करती है तो जनता को सुविधा मिलेगी। ज्ञात हो कि सरगीपाल-बोधघाट मार्ग सबसे व्यस्ततम मार्ग है तथा इससे सटा हुआ रेलवे है जिसमें से प्रतिदिन गुड्स ट्रेन आधे -आधे घंटे के अंतराल से चलती है और सरगीपाल -बोधघाट मार्ग अवरूद्ध हो जाता है जिससे सैकड़ों जनता को परेशानी होती है। यहां यह बताना भी लाजिमी है कि किसी भी पार्टी की सरकार बने लेकिन विभागीय उदासीनता से यह काम नहीं हो रहा है अब देखना है कि लोक निर्माण विभाग भू -अर्जन का काम करा पाती है या फिर बजट की शोभा ही बढ़ाएंगी।

7 से 16 तक पैसेंजर व नाइट स्पेशल नहीं जाएगी किरंदुल

जगदलपुर। माओवादियों द्वारा मनाए जाने वाले जनपितुरी सप्ताह में वाल्टेयर से छुटने वाली ट्रेन दंतेवाड़ा तक ही जाएगी और किरंदुल -बचेली के यात्री प्रभावित होंगे। रेलवे वाल्टेयर मंडल ने असुविधा के लिए क्षमा मांगी है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार भाकपा माओवादी संगठन द्वारा प्रतिवर्ष मार्च के प्रथम पखवाड़े में जनपितुरी सप्ताह का आयोजन करती है और अपने दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा दिवंगत माओवादियों के नामों का विमोचन करता है। बस्तर में कई स्थानों पर सड़क मार्ग -रेल मार्ग को बाधित भी करते रहते हैं। कई बार वाल्टेयर रेल मंडल को माओवादियों के कारण बड़ा नुकसान भी हुआ है,ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व की घटनाओं से सबक लेते हुए यह निर्णय लिया गया है।पूर्व तटीय रेलवे वाल्टेयर मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने प्रबताया कि 7 से 15 मार्च तक विशाखापत्तनम से छूटने वाली किरंदुल पैसेंजर को दंतेवाड़ा में ही रोक दिया जाएगा। वहीं ट्रेन संख्या 58502 किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर 8 से 16 मार्च तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से ही चलेगी। इसी तारतम्य में 7 से 15 मार्च तक विशाखापत्तनम से छूटने वाली ट्रेन संख्या 18515 विशाखापत्तनम-किरंदुल नाइट एक्सप्रेस को दंतेवाड़ा में ही रोक दिया जाएगा तो ट्रेन संख्या 18516 किरंदुल-विशाखापत्तनम रात्रि एक्सप्रेस 8 से 16. तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से चलेगी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छता दीदियों को किया गया सम्मानित

08 मार्च को जनपद सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

बलरामपुर। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में स्वच्छताग्रहियों के प्रयासों से जन-जन तक स्वच्छता के महत्वों को बताया जा रहा है।

इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छाग्राही दीदियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वच्छता दीदियों के द्वारा स्वच्छता दौड़, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली, माहावरी स्वच्छता प्रबंधन, स्वच्छता के प्रति घर-घर जागरूकता इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता में जनभागीदारी की गतिविधियां की गई और प्रतिबद्ध होकर अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए संदेश दिया गया। साथ ही स्वच्छ एवं सुन्दर शौचालय का चयन कर संबंधित हितग्राहियों को श्रीफल भेंट कर सम्मनित किया गया। स्वच्छग्राही दीदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता दीदियों के द्वारा बताया गया कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। वे बताते है कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में आदत/व्यवहार के रूप में शामिल करना है। साथ ही एकजुटता के साथ स्वच्छता के प्रति संकल्पित होकर हम बेहतर और स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च को 2025 को बलरामपुर मुख्यालय के जनपद सभाकक्ष में 12:30 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जोरा नाला,खातीगुड़ा बांध और मारकेल नदी का दस प्रतिशत पानी छोड़ने की मांग

■ **इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने कमिश्नर से की मुलाकात**

जगदलपुर / नवप्रदेश। बस्तर जिले के आंदोलित किसान गुरुवार दोपहर कमिश्नर कार्यालय आ धमके और कमिश्नर से पानी समस्या से छुटकारा दिलाए जाने की बात कही।

जोरा नाला, खातीगुड़ा बांध और मारकेल नदी का पानी बस्तर जिले को 10प्रतिशत देने की बात कही। इसके साथ ही किसानों ने सूखे धानों का बीमा और मुआवजा देने की मांग की है.

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के किसानों ने कहा है कि अगर कोई भी कर्जदार किसान आत्महत्या करता है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी. प्रभावित किसानों ने उनकी मांगें जल्द पूरी नही होने पर आगामी सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित बस्तर ब्लॉक के भोंड चौक में चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है. इस दौरान जिले के ग्राम चोकर, करमरी, मरलेंगा, नारायणपाल, भोंड, सालमेटा, लामकेर, झारतराई, बोड़नपाल, नदीसागर, पराली, बड़े चकवा, पल्ली चकवा, रोतमा, खोटलापाल, छिंदगांव, कुम्हली, बड़ांजी, टाकरागुड़ा, छापर भानपुरी, कुंडालूर, घाटधनोरा, तारागांव, सिंगनपुर, पोटानार और अन्य गांव के किसान बड़ी संख्या में मौजूद थे।

किसान मांगों को लेकर बड़ी संख्या में शहर पहुंचे

तीन ब्लाक लोहंडीगुड़ा, बस्तर और तोकापाल ब्लॉक के किसान अपनी मांगों को लेकर बड़ी संख्या में शहर पहुंचे थे।किसानों के इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति सदस्यों ने बताया कि बस्तर की प्राणदायनी कहें जाने वाली इंद्रावती नदी जल संकट से जूझ रही हैजिसकी वजह से किसानों को खेती कार्य करने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि स्थानीय किसान यहां मक्का, गेंहू और फसलों की खेती कर रहे है।इंद्रावती नदी में पानी नही होने के कारण सभी किसानों ने बस्तर कमिश्नर से पानी की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है. उन्होंने अपनी मांगों की जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर जिले के इंद्रावती नदी पर स्थित एनीकेट बेलगांव, चितालुर, कोहकापाल (लिटीगुड़ा) टलनार, पाइकपाल, कुरुषपाल, इरिकपाल धोबिगुड़ा, डोंगाघाट (जगदलपुर) और कुम्हरावण्ड से लगभग 10त्न पानी सभी एनीकेटों से सिंघनपुर, भोंड, नदीसागर और रोतमा एनीकट में दिया जाए।

शिविर में आवेदित प्रकरणों का प्रमुखता से करें निराकरण: कलेक्टर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदित प्रकरणों का शत प्रतिशत संतृप्तिकरण किया जाना सुनिश्चित करें इसके लिए संबंधित विभाग अपने ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को शिविर में अपनी अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें। शिविरों में अधिकारियों कर्मचारियों की अनुपस्थिति को गंभीरतापूर्वक लिया जाएगा और नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल और विभागीय योजनाओं से संबंधित मुद्दों की भी गहन समीक्षा की गई।

साथ ही जिले में स्कूल छात्र, छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य शत प्रतिशत, आरएमएसए के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण, जिले में पीएमश्री स्कूलों के मॉनिटरिंग, आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन मरम्मत कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य में कृषक पंजीयन अभियान, सभी विभागों एवं कार्यालयों में 31 मार्च 2025 तक ई-ऑफिस प्रणाली, के तहत सभी नए सॉफ्टवेयर सिस्टम तक पहुंच प्राप्त करने के लिए जीओवी, एनआईसी ईमेल आईडी बनाना, जैसे समय सीमा प्रकरणों में भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिया गया। समय सीमा बैठक में जल जीवन मिशन, महिला जन जागरूकता, उन्मुखीकरण अभियान के तहत विभागों को दायित्व सौंपे गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

महिला मड़ई का आयोजन साइंस कालेज मैदान

अंतागढ़। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय महिला मड़ई का आयोजन साइंस कालेज मैदान रायपुर में किया जा रहा है जहां अंतागढ़ से 40 महिला जनप्रतिनिधि गण महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं का दल उस महिला मंडई में शामिल होने आज अंतागढ़ से निकली जिसको महिला बाल विकास विभाग अंतागढ़ परियोजना अधिकारी जागेश्वर परतें ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

गांधी शिल्प बाजार का सांसद कश्यप ने किया निरीक्षण

जगदलपुर / नवप्रदेश।जगदलपुर में दंतेश्वरी मंदिर के सामने स्थिति टाऊन क्लब ग्राउंड में गांधी शिल्प बाजार, हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं बिक्री मेला का आयोजन किया गया है जहां देश के कोने-कोने से आए हस्तशील कलाकारों द्वारा निर्मित अनूठे एवं उत्कृष्ट उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है जिसका आज बस्तर सांसद महेश कश्यप ने फीता काट कर शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति और सम्मानित अतिथि भी शामिल हुए। अपने उद्घाटन भाषण में, सांसद कश्यप ने गांधी शिल्प बाजार जैसी प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगों से कारीगरों से जुड़ने और उनके काम का समर्थन करने का भी आग्रह किया। गांधी शिल्प बाजार कारीगरों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने और व्यापक दर्शकों से जुड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। प्रदर्शनी में भारत के कई राज्यों के कारीगरों और बुनकरों के 20 शिल्प रूप शामिल हैं, जिनमें हाथ से बुने हुए वस्त्र, बेंत और बांस के शिल्प, मिट्टी के बर्तन, पत्थर की नक्काशी और बहुत कुछ दिखाया गया है

आपको बता दे गांधी शिल्प बाजार का ये आयोजन 10 मार्च तक रोजाना सुबह 10 से रात 09 बजे तक होगा। गांधी शिल्प बाजार में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं जहां लोगों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट व शिल्प सामग्री मिलेगी। गांधी शिल्प बाजार का विशेष आकर्षण कोसा साड़ी, ब्लॉक प्रिंट, लेदर क्राफ्ट, ढोकरा शिल्प, ज्वेलरी, बस्तर शिल्प, बाँस शिल्प, एम्ब्रायडरी वर्क, चंदेरी साड़ी, टेराकोटा, उड़ीसा पट्टचित्र, कालीन सिल्क, बनारसी साड़ी, जूट क्राफ्ट, वुड क्राफ्ट आदी है।

धर्मातरण के विरोध में ग्रामवासियों की मांग पर जामगांव पहुंचे सांसद भोजराज

नवप्रदेश

अंतागढ़। कांकेर से 40 किलोमीटर दूर प्रकृति की गोद मे बसा ग्राम जामगांव अपनी रूढ़ी परंपरा क़ो समेटे हुए एक शांत क्षेत्र जहा विगत 10 - 12 वर्षो से ईसाई मिशनरियों द्वारा मतांतरण का गन्दा खेल खेलते हुए नरहरपुर तहसील के आसपास के 10 से 15 गांव जिसमे से एक गांव जामगांव भी है जहा अवैध रूप से शासकीय एवं निजी भूमि पर कब्ज़ा करके चर्च निर्माण कर अवैध प्राथना सभा का आयोजन कर ग्राम के भोले भले जनजाति एवं सर्व समाज के लोगो क़ो बहुत प्रकार के प्रलोभन देकर मत्तांतरित किया जा रहा है।

इस विषय क़ो लेकर ग्रामीणों के माँग पर आज दिनांक 6 मार्च 2025 क़ो कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज़ नाग जी, भाजपा नेता श्री अरविन्द जैन जी ग्राम जामगांव के पंचायत भवन पहुचे जहा ग्रामवासियो ने सासंद महोदय का स्वागत किया उसके पश्चात् समस्त ग्रामवासियो ने अपने ग्राम मे अवैध रूप से संचालित हो रहे हो चर्च एवं प्राथना सभा क़ो तुरंत बंद करने हेतु ज्ञापन सांसद महोदय क़ो दिया ग्रामीणों ने सांसद महोदय क़ो त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध प्राथना सभा एवं चर्च बंद हो यह माँग की सांसद श्री भोजराज नाग जी द्वारा ग्रामीणों क़ो आश्वासन देते हुए उच्च अधिकारीयों से बातचित कर त्वरित कार्यवाही करने की बात कही उपरोक्त बैठक मे ग्राम की सरपंच श्रीमति भगवती उइके, ग्राम गायता रामेश्वर उइके, सदाराम शोरी, संजय शोरी, कमल सिंह नेताम, रोहित कुंजाम, गोपाल मरकाम, कुंवर सिँह कोमरे, नरेंद्र नाग, सुरेश शोरी, चंदू नाग, हेमंत कौशिक, लखन यादव, हरक नाग, गुहाराम यादव, हरीचंद्र सिन्हा, कमल नाग, विश्व हिन्दू परिषद विभागमंत्री अखिलेश चन्द्रोल, विभाग संयोजक राजा साहू, दीपांजलि उपाध्याय एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे* !जिला मंत्री भावेश आरदे, जिला सहसंयोजक मुन्ना चौलेन्द्र तिवारी, प्रखंड संयोजक धर्मेन्द्र सुरोजिया, गौरव शोरी, मनीष राठौर, सतीश राठौर, हिमांशु तिवारी, राजेश सुरोजिया, प्रताप यादव, हरीश ठाकुर, अमन, महेश कौशिक दुर्गावाहिनी से ऐश्वर्या उपाध्याय , पल्लवी यादव, भावना सिन्हा,दीपांजलि उपाध्याय एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे!

न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202502140100014
अ-21/2024-25
ग्राम- कांकेर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजेन्द्र पावसे पिता शदाशिव निवासी ग्राम ठेलकाबोड़ द्वारा ग्राम कांकेर स्थित आवासीय प्रयोजन में परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 15001/23 रकबा 0.0123 हे. को रुपए की आवश्यकता होने से अनावेदिका निलु सिंह पति बृजेश निवासी श्रीराम नगर कांकेर को विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 21.03.2025 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर मुद्रा से जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
कांकेर

जिले में शांति समिति की बैठक 9 को

एमसीबी। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में होली और रमजान के मद्देनजर शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क हो गया है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार के आदेशानुसार शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 9 मार्च 2025, रविवार को शाम 4 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष की (अमृत सदन) मनेन्द्रगढ़ में होगी। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। त्यौहारों के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

नपानि के अध्यक्ष बने खेमसिंह देवांगन

जगदलपुर । कलेक्टर हरिस एस की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम के अनुसार नगरपालिक निगम, जगदलपुर का प्रथम सम्मिलन 7 मार्च शुक्रवार को समय 11बजे पूर्वान्ह जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में रखी की गई जिसमें अध्यक्ष (स्पीकर) और अपील समिति का निर्वाचन कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष(स्पीकर) पद के लिए पार्षद खेमसिंह देवांगन (बीजेपी) और राजेश चौधरी (कांग्रेस) के मध्य मतदान की प्रक्रिया की गई। जिसमें खेमसिंह देवांगन को 34 वोट मिले और राजेश चौधरी को 15 वोट मिले ।

प्रथम पेज का शेष

क्या है छत्तीसगढ़ का ...

इससे राज्य के राजस्व को बड़ा नुकसान हुआ. आपराधिक सिंडिकेट के जरिये सीएसएमसीएल की दुकानों में सिर्फ तीन ग्रुप की शराब बेची जाती थीं, जिनमें केडिया ग्रुप की शराब 52 प्रतिशत, भाटिया ग्रुप की 30 प्रतिशत और वेलकम ग्रुप की 18 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

बस्तर को मिला शिक्षा के...

यह पुरस्कार आकांक्षी जिलों में बुनियादी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा की समावेशी एवं नवाचारयुक्त नीति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश में संपूर्ण शिक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा बस्तर में बौद्धिक और शैक्षणिक विकास को नया आयाम देने के लिए राज्य सरकार को और अधिक प्रेरित करेगी। शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि न केवल बस्तर जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

हर्बल गुलाल निर्माण से...

प्रति किलो यहां हम 40 रुपए तक की आय अर्जित कर लेते हैं। रोजी मजदूरी धूप में करने से अच्छा है यहां सुकून से हम योजना से जुड़कर कार्य कर पा रहे हैं और इस कार्य को लेकर काफी गौरवान्वित महसूस करते हैं। क्योंकि हम लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा कर पा रहे हैं।

जिले में 21 क्विंटल गुलाल तैयार -होली के अवसर पर हर्बल गुलाल (रसायन मुक्त) का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें नीम, पालक, गैन्दा, कनेर, पलास एवं चुकन्दर जैसे फूल, पत्तियों एवं फलों के रसो का प्रयोग कर यह हर्बल गुलाल तैयार किया गया। हर्बल गुलाल के प्रयोग से त्वचा की सुरक्षा एवं पर्यावरण में होने वाले वायु, पानी के प्रदूषण को कम करने एवं साथ ही साथ स्व-सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार को बढ़ाने हेतु हर्बल गुलाल के निर्माण एवं इसके उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। अब तक जिले में कुल 21 क्विंटल हर्बल गुलाल का निर्माण कर लिया गया हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) CIN - U40108CT2003SGC015820 GST No. 22AADCC5773E1ZX

क्रमांक: 11-55/क्रय/टी-171/1808 कोरबा, दिनांक 21/02/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना//

जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध

सहायक अभियंता कार्यालय कार्यपालन अभियंता (मी.रि.परी.) संभाग, छ.ग.स्टे.पा.ट्रां.कं.लि., बिश्रामपुर के कार्यो हेतु एक नग वाहन जीप श्रेणी, अवधि 03 वर्ष के लिए किराये पर अनुबंधित करने बाबत्, वाहन मालिक/ट्रेव्हल एजेंसी से सीलबंद निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय
दिनांक17.03.2025 समय 15:00 बजे तक	दिनांक 18.03.2025 समय 15:00 बजे तक	दिनांक 18.03.2025 समय 15:30 बजे तक

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://cspc.co.in/csptcl_tendernotices/ से डाउनलोड की जा सकती है।

संवाद-43153/3

अधीक्षण अभियंता (उप-केन्द्र) वृत्त
छ.स्टे.पा.ट्रां.कं.लिमि., कोरबा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायगढ़ (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 16/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./ रायगढ़ दिनांक : 04.03.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से रायगढ़ जिले अंतर्गत विकासखण्ड घरघोड़ा में घरघोड़ा आवर्धन जल प्रदाय योजना में विभिन्न स्थानों में इंटर कनेक्शन, जल वितरण प्रणाली लिकेज मरम्मत एवं अन्य सुधार कार्य हेतु के निर्धारित शेड्यूल के अनुसार कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.1 निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 26.03.2025
1.2 निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय (केवल स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक) :- 04.04.2025 को सायं 5.00 बजे तक
1.3 निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रु. 750/-

2.0 कार्य का विवरण :- रायगढ़ जिले अंतर्गत विकासखण्ड घरघोड़ा में घरघोड़ा आवर्धन जल प्रदाय योजना में विभिन्न स्थानों में इंटर कनेक्शन, जल वितरण प्रणाली लिकेज मरम्मत एवं अन्य सुधार कार्य।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु.में)
1.	घरघोड़ा आवर्धन जल प्रदाय योजना में जोन-1 (ब्लाक कालोनी) इंटर कनेक्शन, जल वितरण प्रणाली लिकेज मरम्मत एवं अन्य सुधार कार्य	4.23	2000/-
2.	घरघोड़ा आवर्धन जल प्रदाय योजना में जोन-2 (विश्राम गृह के पास) इंटर कनेक्शन जल वितरण प्रणाली लिकेज मरम्मत एवं अन्य सुधार कार्य	4.23	2000/-
3.	घरघोड़ा आवर्धन जल प्रदाय योजना में जोन-3 (गोहडीडीपा) इंटर कनेक्शन, जल वितरण प्रणाली लिकेज मरम्मत एवं अन्य सुधार कार्य	4.21	2000/-

यह निविदा मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी-242505796/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
रायगढ़ (छ.ग.)

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में जिला प्रशासन का सर्वोत्तम प्रयास: मुड़ामी

- **मेहनत और लगन से प्रशिक्षण सत्र को पूरा कर अपने को हुनरमंद बनाए महिलाएं: कलेक्टर**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाईवलीहुड कॉलेज कारली में राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली के द्वारा जिले में निःशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स फैशन डिजाइन, बुनाई, पावरलूम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में आज मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि जिला प्रशासन की यह सराहनीय पहल है जो महिलाओं को सशक्त बना रही है। जिससे महिलाओं आत्मनिर्भर बन सकेगी। यहां पहल महिलाओं के लिए रोजगार का एक अच्छा अवसर उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस तरह की योजनाओं से महिलाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका मिलेगा। महिलाओं को इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए आगे आना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ने सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने इस अवसर पर बताया कि राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली के संस्थान से जिला प्रशासन का अनुबंध किया गया है। जिसके तहत वर्तमान में 90 महिलाओं को 800 घंटे का प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ किया गया है और 500 महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य भी रखा गया है। इस तरह की योजनाएं न केवल स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि समुदाय के विकास में भी योगदान देते हैं। सिलाई का यह कौशल विभिन्न संस्थानों जैसे स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन और आंगनवाड़ी में भी उपयोगी साबित होगा। जिला प्रशासन महिलाओं द्वारा निर्मित परिधानों के लिए मार्केटिंग की भी व्यवस्था करायेगा। इस मौके पर कलेक्टर ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे पूरे मेहनत और लगन से अपना प्रशिक्षण को पूरा कर अपने को परिधान निर्माण में हुनरमंद बनाए। उल्लेखनीय है कि देश की प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली द्वारा जिले की महिलाओं को फैशन डिजाइन, बुनाई, पावरलूम प्रशिक्षण में निशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार अथवा स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेगा।

साथ ही जो प्रशिक्षणार्थी जो इस दौरान अच्छी कुशलता प्राप्त करेंगे उन्हे महाविद्यालय में स्थापित उत्पादन केंद्र में कार्य करने का भी अवसर मिलेगा।

न्यूज गैलरी

फागुन मेला के तीसरे दिन हुई नाच मांडनी की रस्म

दंतेवाड़ा। फगुन मेला तीसरे दिन में नाच मांडनी रस्म का संपादन किया गया। इसमें डोली वापसी के बाद साड़ी से ढकी हुई चांवल एवं चंदन की लकड़ी को दो टोकरी में भण्डारी एवं तुड़पा (सेवादार) लेकर रात्रि 10 बजे मोहरी बाजा की थाप पर बारह लंकवार, पड़िहार, मांझी-चालकी एवं सेवादार मेंढ़का डोबरा मैदान के देव विश्राम मंदिर में जाते है। जहाँ मोहरी बाजा की थाप पर कलार एवं कुम्हार समाज सदस्यों द्वारा मंदिर की आंगन में नृत्य किया जाता है। जिसके बाद उक्त टोकरियों को लेकर मंदिर वापस पहुंचते हैं एवं मंदिर के आंगन में भी पुनः कलार एवं कुम्हार समाज के सदस्यों द्वारा नृत्य किया जाता है। अंत में टोकरी में रखे चावल को बाजा वादकों में वितरण कर आज का कार्यक्रम समापन किया जाता है। इसके साथ ही चौथे दिन लम्हामार कार्यक्रम आयोजित होगी।

जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन आयोजन 12 को

कांकेर। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के 05 जनपद पंचायतों में 10 मार्च को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि नियत होने के कारण जिला पंचायत की प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन की तिथि में संशोधन करते हुए समय-सारणी जारी किया गया है। कलेक्टर कार्यालय (पंचायत) द्वारा संशोधित समय-सारणी अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को आज प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी की गई है। जिला पंचायत प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन करने की तिथि 12 मार्च निर्धारित की गई है।

14 मार्च को जिले में शुष्क दिवस घोषित

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) से जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों एवं छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 (यथासंशोधित) के तहत वर्ष 2024-25 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अन्तर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं पर शासन निर्देश की कंडिका 16 के अनुसार 14 मार्च 2025 को होली (जिस दिन रंग खेला जाए) के अवसर पर शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। अतः उक्त दिनांक 14 मार्च 2025 को जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की समस्त देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल. 1 (घघ) एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट) तथा एफएल. 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

14 रिक्त संविदा पदों पर 26 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा। कार्यालय जिला पंचायत से जारी विज्ञप्ति अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर क्षेत्रीय समन्वयक, लेखा सह एमआईएस सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, भृत्य के 14 पदों (संविदा) पर नियुक्तियां के संबंध में निर्धारित अर्हता धारक अभ्यर्थियों से दिनांक 26 मार्च 2025 सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गए हैं। पदों के विवरण वर्गवार एवं अन्य जानकारी के लिए जिले के बेवसाइट कंदजमूकंण्दपबण्पद का अवलोकन किया जा सकता है।

सांसद जनसंपर्क सहायता निधि से 25 हितग्राहियों का स्वास्थ्य उपचार

दंतेवाड़ा। कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर के पत्र क्रमांक एफ8-2/2024/1/एक दिनांक 04 मार्च 2024 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये मंत्रियों के जनसंपर्क दौरे मद में 10 लाख रूपये का आवंटन इस जिले को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप (लोकसभा) क्र 10 बस्तर के द्वारा विधानसभा दंतेवाड़ा क्षेत्रांतर्गत जनसंपर्क निधि से कार्य स्वीकृत करने (जनप्रतिनिधियों एवं जिला दन्तेवाड़ा के आमजनों के मांग अनुसार) उचित उपचार, आर्थिक सहायता, दुर्घटना उपचार हेतु प्राप्त अनुशंसा के आधार पर 25 हितग्राहियों हेतु एक लाख पच्चीस हजार रूपये सहायता राशि वितरण की प्रशासकीय स्वीकृति द।

आरोपी को 6 माह के लिए जेल भेजा गया

पुलिस की जाल में फंसा नशीली दवाओं का तस्कर

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालयएवं पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में कबीरधाम पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में, गयासुद्दीन पिता शब्बीर खान, निवासी बीछपारा, कवर्धा, जिला कबीरधाम को PITNDPS Act के तहत 6 माह के लिए जेल भेजने का आदेश जारी किया गया है।

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के प्रतिवेदन के आधार पर यह आदेश दुर्ग संभागायुक्त सत्य नारायण राठौर(भा.प्र.से.) द्वारा पारित किया गया, जिसके तहत गयासुद्दीन को नशीली दवाओं की तस्करी में बार-बार संलिप्त पाए जाने के कारण 6 माह तक जेल में रखने का आदेश दिया गया है। PITNDPS एक्ट के तहत जेल भेजा जाने वाला यह पहला मामला है. इसमें खास बात यह है की आरोपी को जमानत भी नहीं मिलेगी

PITNDPS अधिनियम: नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण

भारत में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए NDPS अधिनियम 1985 लागू किया गया था, लेकिन कुछ अपराधी बार-बार इस अवैध व्यापार में लिप्त हो जाते थे और कानूनी प्रक्रिया से बच निकलते थे। इसी को रोकने के लिए 1988 में PITNDPS अधिनियम लागू किया गया। इस अधिनियम के तहत, ऐसे अपराधियों को अधिकतम 1 वर्ष तक बिना नियमित मुकदमे के जेल में रखा जा सकता है, ताकि वे समाज में नशीली दवाओं का कारोबार न कर सकें और नशे की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

कबीरधाम पुलिस लंबे समय से गयासुद्दीन की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। उसके खिलाफपहले भी NDPS अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए थे, और वह लगातार नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त पाया गया। उसकी गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस महानिरीक्षक आइजी राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा आईपीएस के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह आईपीएस ने PITNDPS के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की थी इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल की प्रमुख भूमिका रही, जिन्होंने पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए, जिसके आधार पर आरोपी को 6 माह के लिए जेल भेजने का आदेश पारित किया गया।कबीरधाम पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि यदि उन्हें मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री, या सेवन से संबंधित कोई भी सूचना मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्ततम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

> कबीरधाम पुलिस नशे के अवैध व्यापार के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। NDPS और PITNDPS जैसे कठोर कानूनों का प्रभावी उपयोग कर अपराधियों को जेल भेजने और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।
>
> **इसके तहत**
> - संदिग्ध गतिविधियों की लगातार निगरानी
> - सूचना तंत्र को मजबूत बनाना
> - खुफ्यिा तंत्र को और प्रभावी करना
> - जनता के सहयोग से नशे के अवैध व्यापार को रोकना

कोकपुर में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का हुआ शपथ ग्रहण

कांकेर/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोकपुर में सोमवार को नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच प्यार सिंह मंडावी, उपसरपंच जगदीश सोनी तथा ग्राम के समस्त गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान भूतपूर्व सरपंच प्यार सिंह मंडावी ने नवनिर्वाचित सरपंच निशा दुग्गा जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए पंचायत के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत को जिला प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से रू.77,23,560 तथा महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जल संचयन तालाब नवीनीकरण कार्य के लिए रू.37,00,102 की राशि स्वीकृत की गई है। इस प्रकार पंचायत को कुल रू.1,14,36,662 की राशि के कार्यों को सौंपा गया है। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित सरपंच ने अपने संबोधन में कहा कि वे पंचायत के सर्वांगीण विकास हेतु पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

उन्होंने सभी पंचों एवं ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास पर विशेष जोर देने की बात कही। ग्रामवासियों ने भी नई पंचायत से आशाएं व्यक्त करते हुए उन्हें पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। समारोह का समापन सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देने के साथ हुआ।

नगर पालिका कांकेर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को दिलाई गई पद की शपथ

कांकेर/ नवप्रदेश। नगरपालिका परिषद कांकेर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी 21 वार्ड के पार्षदों का आज नया बस स्टैंड के शेड प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को एसडीएम एवं प्रशासक अरुण कुमार वर्मा के द्वारा पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, जिला पंचायत कांकेर की नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर आदि मंच पर उपस्थित थे। स्थानीय बस स्टैंड परिसर में स्थित बाजार शेड में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक को प्रशासक ने पद की गरिमा और भारत के संविधान की गरिमा अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात् सभी 21 वार्डो के पार्षदों को पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद नाग ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभी 21 वार्ड पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार कांकेर नगर का चहुमुखी विकास हो तथा इसके लिए सभी को एक साथ मिलकर अपना योगदान देने का आव्हान किया।

इसके पहले, नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशिक ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के समुचित विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को एक साथ मिलजुलकर काम करते हुए सहयोग करने की बात कही। इसके अलावा पूर्व सांसद श्री मोहन मंडावी, वरिष्ठ नागरिक श्री महेश जैन ने भी संक्षित उद्बोधन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, मत्स्य कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम, शालिनी राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंतागढ़ जनपद अध्यक्ष की कुर्सी पर कौन होगा काबिज? मनोरमा या ज्योति उईके,10 को होगा फैसला

उपाध्यक्ष के लिए कुबल भूसाखरे और धन्नु ध्रुव का नाम आगे

अंतागढ़।/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का परिणाम आने के बाद भारतीय जनता पार्टी को जिला पंचायत जनपद पंचायत नगर निगम नगर पालिका और नगर पंचायत में बंपर जीत मिली हैं और लगभग आधे से ज्यादा जगह पर अध्यक्ष से लेकर उपाध्यक्ष बीजेपी की बनी है। वहीं बात करें अंतागढ़ जनपद पंचायत की तो यहां अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद को लेकर बीजेपी कांग्रेस और आदिवासी समाज आमने सामने हैं। हालांकि पूर्ण बहुमत दोनों राष्ट्रीय पार्टी के पास नहीं हैं। जहां भाजपा की चार प्रत्याशी जीत कर आए है तो कांग्रेस के तीन प्रत्याशी जीत कर आए। जबकि निर्दलीय से छह प्रत्याशी जीते हैं। इस कारण पूर्ण बहुमत किसी के पास नहीं हैं। अगर जीते निर्दलीय प्रत्याशी दोनों राजनीतिक पार्टी में किसी एक का समर्थन करते हैं तो अध्यक्ष उपाध्यक्ष उस पार्टी का बन सकता है। सूत्रों के अनुसार जनपद में अध्यक्ष उपाध्यक्ष बीजेपी का बनना लगभग तय माना जा रहा है। क्योंकि निर्दलीय चुनाव लड़कर आए जीते प्रत्याशी बीजेपी का समर्थन करते हैं तो कुल दस लोग हो जाएंगे और सरकार भाजपा की बन सकती है। अब 10 तारीख को देखना होगा कि ताज किसके सर पर लगता है। बीजेपी से मनोरमा मंडावी अध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार तो निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते ज्योति उयके का नाम भी है। गौरतलब है कि जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 से भाजपा पार्टी से जीत कर आई मनोरमा मंडावी अंतागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे हैं। क्योंकि पहले भी वह जनपद पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं और उनके पास कार्य करने का अच्छा अनुभव भी है और पार्टी से जुड़ी हुई कार्यकर्ता है साथ ही साथ जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़ी पहली बार जीत कर आई ज्योति उयके का नाम भी सामने आ रहा है। हालांकि ज्योति उयके किसी पार्टी से नहीं जुड़ी है लेकिन मनोरमा मंडावी का नाम आता है तो उनका समर्थन जरूर करेगी। इस कारण मनोरमा बीजेपी से प्रबल दावेदार मानी जा रही है और उनका अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है।

उपाध्यक्ष की रेस में प्रबल दावेदार कुबल भूसाखरे, धन्नू राम ध्रुव का नाम भी आ रहा सामने

बता दें कि 10 तारीख को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होने वाला है वही उपाध्यक्ष पद को लेकर जहां दो नाम सामने आ रहे है जिसमें जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 से भाजपा पार्टी से जीत कर आए कुवल भूसाखरे और जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 09 से जीत कर आए धन्नू राम ध्रुव का नाम सामने आ रहा है। किंतु अगर बात की जाए तो कुबल भूसाखरे प्रबल दावेदार माने जा रहे है। क्योंकि वह बीजेपी से जुड़े कार्यकर्ता और पूर्व में गोडरी ग्राम पंचायत के उपसरपंच भी रह चुके है और पार्टी के अन्य पद भी है तो उनका उपाध्यक्ष बनना तय माना जा रहा हैं। वहीं धन्नू राम ध्रुव निर्दलीय चुनाव लड़कर आए है और बीजेपी का समर्थन कर रहे है। हालांकि कुवल का नाम पहले लिया जा रहा है किंतु यह पार्टी तय करेगी समीकरण बनते और बिगड़ते भी हैं

क्या क्रॉस वेटिंग इस चुनाव की तस्वीर बदल सकती है

जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव क्षेत्र की राजनीति की दिशा तय करेगा जनता उत्सुकता से इस सियासी दंगल के परिणाम का इतंजार कर रही हैं।

हालांकि दोनों दलों के वरिष्ठ नेता वह सभी दावपेंच आजमाते दिख रहे हैं जिससे अंतागढ़ जनपद पंचायत में उनकी पार्टी के समर्थन वाली सरकार बने लेकिन सूत्र अनुसार बीजेपी की केंद्र से लेकर राज्य में सरकार है और वह चाहेगी कि बीजेपी से ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बने इससे नहीं लगता कि क्रॉस वेटिंग हो नहीं पाएगा सरकार अगर बीजेपी की यहां बनती है तो ट्रिपल इंजन की सरकार होगी और काम के साथ विकास भी इसीलिए ट्रिपल इंजन की सरकार जनपद पंचायत में बनना तय माना जा रहा है।

आयोजन

आज विभिन्न संस्थानों में मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, सशक्तिकरण और उपलब्धियों का प्रतीक है। इस वर्ष बेमेतरा जिले में यह आयोजन और भी भव्य रूप से मनाया जा रहा है, जहाँ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

बेमेतरा की महिलाओं की अनूठी पहचान-बेमेतरा की महिलाएँ न केवल परिवार की धुरी हैं, बल्कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, स्वच्छता, समाजसेवा और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। चाहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हों या मितानिन, महिला स्वच्छग्राही हों या नगर निकाय की सफाई कर्मचारी-इन सभी ने जिले को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाने में अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है।

महिला दिवस पर विशेष आयोजन-इस वर्ष टाउन हॉल, बेमेतरा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में इन सभी प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर की उन कर्मठ महिलाओं को पहचान दी जाएगी, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। बेमेतरा जिले में महिलाओं की भूमिका केवल परिवार और समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि वे प्रशासनिक, सामाजिक और स्वच्छता अभियानों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेमेतरा जिले में एक भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा, बल्कि जिले की महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देगा।

महिलाओं की भागीदारी और उपलब्धियाँ-बेमेतरा जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में महिला स्वच्छग्राही समूह, प्रेरक, सफाई कर्मचारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत सराहनीय रही है। इन महिलाओं ने गांवों को स्वच्छ और खुले में शौच मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा, महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत महिला अधिकारी और कर्मचारी अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। बच्चों और महिलाओं के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों में उनका योगदान प्रशंसनीय है। मितानिनों ने स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे जिले में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है। राजनीति और प्रशासन में महिलाओं का नेतृत्व बेमेतरा जिले के प्रशासनिक ढांचे में महिलाओं की

स्वास्थ्य उपचार हेतु सहायता राशि को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

दंतेवाड़। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 8-2/2024/1/एक दिनांक 04 अप्रैल 2024 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये मंत्रियों के जनसंपर्क दौरे मद में 10 लाख रूपये का आवंटन इस जिले को प्राप्त हुआ है।49 अस्वस्थ ग्रामीण जनों के उपचार हेतु सात लाख पैंतीस हजार रूपये की सहायता राशि को प्रशासकीय स्वीकृति दिया गया है।

यातायात को बाधित कर रही खुद की होर्डिंग को पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने हटवाया

■ बैठक के बाद कहा, फिल्टर प्लांट का होगा जीर्णोद्धार

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद भाटापारा में पदभार ग्रहण करने के साथ ही नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मिशन मोड पर आ गए हैं। गुरुवार को शर्मा ने पेयजल और स्वच्छता विभाग की बैठक ली इस दौरान उन्होंने नगर में स्वच्छता और यातायात सुचारू करने की दिशा में अभिनव पहल करते हुए शहर की स्वच्छता और यातायात में बाधक बन रहे होर्डिंग, बैनर को निकालने की शुरुआत अपनी ही होर्डिंग से की।

गौरतलब है कि बीते दिनों हुए नगरीय निकाय चुनाव में भाटापारा नगर पालिका से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अश्वनी शर्मा ने नगर में स्वच्छता और विकास को मुख्य मुद्दा बनाया था। चुनाव में बड़े बहुमत से जीतकर आने के बाद अब नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने नगरवासियों से किए वायदों को पूरा करने मिशन मोड पर काम शुरू कर दिया है। ऐसे में नगर में वर्तमान में पेयजल की समस्या को देखते हुए उन्होंने 5 मार्च को जहाँ जलसंसाधन विभाग की समीक्षा की तो गुरुवार को वाटर फिल्टर प्लांट में पार्षदों की उपस्थिति में पालिका अधिकारियों व सफाई सुपरवाइजर की बैठक ली। उक्त बैठक में नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं पर चर्चा करते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री शर्मा ने शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए सर्वप्रथम वॉटर फिल्टर प्लांट की अधोसंरचना को दुरुस्त करने, वॉटर फिल्टर प्लांट के पूरे क्षेत्र में सफाई, कबाड़ का समुचित निपटारा, कंडम हो चुके शासकीय वाहनों और उपकरणों को टेंडर के जरिए निराकृत करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया।

नगर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें कहा कि नियमित रूप से हर घर, हर व्यापारिक प्रतिष्ठान तक पहुंचकर कचरा एकत्र करें। इसके साथ ही उन्होंने शहर में स्वच्छता अभियान को जनजागरूकता अभियान बनाने पर जोर देते हुए सफाई के संबंध में नगरवासियों से फीडबैक फॉर्म भरवाने के लिए कहा । इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया पार्षद गण योगेश अनंत, देवेंद्र साहू, भुवन सिंह ठाकुर,बंटी टंडन, कुंजराम कोशले, सतीश तलरेजा,सतीश साहू,मोंटू ध्रुव, गोवेर्धन डहरिया इत्यादि मौजूद रहे

अपनी होर्डिंग को हटवाया

नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि शहर के गौरव पथ मार्गों पर बने डिवाइडर में नए पौधे लगाए जा रहे हैं। इन पौधों की सुरक्षा, शहर की सुंदरता और यातायात में बाधक स्ट्रीट लाइट पोल पर लगे होर्डिंग हटाना जरूरी है। इस अभिनव पहल की शुरुआत पालिका अध्यक्ष शर्मा ने स्ट्रीट लाइट पोल पर उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए होर्डिंग को निकालकर की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शहर में अब अनाधिकृत रूप से कहीं भी होर्डिंग, बैनर, पोस्टर नहीं लगाए जाएंगे।

■ ■ न्यूज गैलरी

पुलिस ने म्युल खाता धारकों के विरूद्ध किया अपराध कायम

बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल टीम द्वारा आनलाइन माध्यम से लोगों से सायबर ठगी करने वालों और उनको सहयोग करने वालो पर सतत नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू ने प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत संचालित बैंकों के म्यूल अकांउट खाता धारको (बैंक खाता को किराये में देने वाले) के अवलोकन/जांच पर पाया गया कि थाना क्षेत्र के कुल 28 बैंक खाताधारक द्वारा सायबर धोखाधडी कर राशि को अपने बैंक खातों में प्राप्त कर म्यूल अकांउट के रूप में उपयोग कर अलग-अलग खातें में कुल रकम करीब 504000 रूपये की धोखाधडी कर राशि का व्ययन करने, उपयोग करने, संवर्धन करना पाये जाने से 28 म्युल खाता धारकों के खिलाफ अलग-अलग 04 अपराध दर्ज कर आरोपी खाताधारकों के विरूद्ध अपराध सदर धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61 (2)(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। बेमेतरा पुलिस की अपील - साइबर फ्राड से बचने के लिए बेमेतरा पुलिस की अपील करते हुए पुलिस ने अपील करते हुए लोगों को सतर्कता बरतने कहा कि 1. बैंक खाता खोलते समय पूरी सतर्कता बरतें, किसी दलाल या अज्ञात व्यक्ति पर निर्भर न रहें और लालच में आकर अपना बैंक खाता किराए पर न दें। 2. यादि आपके खाते में अचानक पैसा आता है और वह पैसा कहा से आया, इसकी जानकारी आपको नहीं है जो पैसा आपके खाते में आया है वह आपका नहीं है तो तत्काल अपने बैंक खाता शाखा में संपर्क कर जानकारी दें और भविष्य में आने वाली समस्या से बचें। 3. बैंक/एटीएम/क्रेडिट/अधार कार्ड संबंधित अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्तियों से साझा ना करें। किसी भी प्रकार का ओटीपी शेयर ना करें। 4. कम समय में अत्यधिक रिर्टन देने का वादा करने वाले कंपनी में निवेश ना करें। 5. फर्जी ब्रोकर्स के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश कराने वालों से बचें। 6. कस्टमर केयर हेल्पलाईन नंबर कम्पनी के अधिकृत वेबसाईट से प्राप्त करें। 7. अनजान फोन द्वारा कोई घटना की जानकारी देकर पैसे की मांग करने पर तत्काल उस व्यक्ति/रिश्तेदारो से संपर्क कर वास्तविकता की जानकारी लें। 8. किसी भी अनजान फोन काल पर विश्वास न करें। 9. किसी भी अंजान व्यक्ति के वाट्सएप्प कॉल, वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना है, किसी भी प्रकार के ऑनलाईन लिंक पर क्लीक नहीं करना है। 10. अपने फेसबुक/इन्स्टाग्राम का आईडी पासवर्ड किसी से शेयर ना करें साथ ही प्रोफाईल को लॉक रखे। अपने नेट बैंकिंग, फेसबुक, जी-मेल का पासवर्ड मजबूत रखें।

जिला न्यायाधीश को ज्यादा मामलों में निराकरण करने का आश्वासन

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च 2025 को आयोजित होना है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता व देवेन्द्र कुमार प्रथम जिला न्यायाधीश बेमेतरा एवं सचिव श्रीमती निधि शर्मा की उपस्थिति में जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा एवं तालुका साजा अधिवक्ता संघ में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता व विवेक केरकेट्टा न्यायाधीश साजा की उपस्थिति में अधिवक्तागण के साथ बैठक ली।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चला जागरूकता अभियान

महिला सशक्तिकरण और जागरूकता को लेकर जगह-जगह आयोजन

कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में बेमेतरा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का संचालन कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में किया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेस सिंह सिसोदिया और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.पी. शर्मा का विशेष मार्गदर्शन रहा। परियोजना नांदघाट के अंतर्गत कोरवाय, संबलपुर, मारो और कुर्रा जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, घरेलू हिंसा से बचाव और महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराना और उनके खिलाफ हो रही हिंसा को रोकना था। सखी वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर सरिता शर्मा और इंद्राणी सिंह ने महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं को घरेलू हिंसा, लिंग भेदभाव, पॉक्सो एक्ट और महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत बाल विवाह की रोकथाम के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यदि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह किया जाता है, तो दोषी व्यक्ति को 2 साल तक के कठोर कारावास की सजा हो सकती है। इस दौरान चाइल्डलाइन बेमेतरा के अधिकारियों ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी, जिससे किसी भी संकट की स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके। इस जागरूकता कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और सुपरवाइजर्स सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रमुख सेवाएं

➢ **काउंसलिंग:** महिलाओं और लड़कियों को मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग प्रदान करना।

➢ **चिकित्सा सहायता :** शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिकित्सा सेवाएं।

➢ **कानूनी सहायता :** महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हेतु कानूनी सहयोग।

➢ **आश्रय सेवाएं :** सुरक्षा और समर्थन के लिए अस्थायी आश्रय प्रदान करना।

➢ **पुनर्वास सेवाएं :** जीवन में आत्मनिर्भरता के लिए पुनर्वास योजनाएं।

जिपं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का विधायक निवास में आरती उतारकर स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत बेमेतरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी एवं उपाध्यक्ष श्रीमती खुशबु वर्मा के निर्वाचित होने पर विधायक कार्यलय मे आरती उतारकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात विधायक दीपेश साहू ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों जनप्रतिनिधि अपने कार्यकाल में जिले के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ये जीत हमारे क्षेत्र की जनता की जीत है ये जीत क्षेत्र के युवा किसान और नारी शक्ति की जीत है। विधायक साहू ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ इन जनप्रतिनिधियों को चुना है, वे निश्चित रूप से उस पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद अब जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में ठोस कार्य किए जाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और कृषि सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिला पंचायत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और ग्रामीण विकास को मजबूती देने के लिए जिला पंचायत का सशक्त नेतृत्व आवश्यक है। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत खुशबु वर्मा, सर्व हिन्दू सनातन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकास तम्बोली, युगल देवांगन, राजेश दीवान, प्रमोद साहू सरपंच, नरेश साहू, विकाश घरडे, अजय मिश्रा, दीनानाथ साहू, उमेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगर की बुनियादी सुविधाओं पर एकजुट होकर करें बेहतर काम : विजय बघेल

बेमेतरा। नगर पालिका बेमेतरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में किया गया, जहां बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा और नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल उपस्थित थे, जिनके साथ बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू के साथ साथ साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफ्ना, बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल सहित परमेश्वर वर्मा, प्रह्लाद रजक, अजय साहू, राजेंद्र शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास और कल्याण के लिए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे बेमेतरा नगर के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिससे समारोह का माहौल और भी उल्लासपूर्ण बन गया। दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ और उसके बाद शाम 4 बजे से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने नगर पालिका अध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके पश्चात एक-एक करके पार्षदों ने बारी-बारी से शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख अतिथि सांसद विजय बघेल और विधायक दिपेश साहू ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संबोधन में नगर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में सहयोग देने का आश्वासन दिया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि वे नगर के विकास हेतु केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में एकजुट हो कर बेहतर काम करें। वहीं विधायक दिपेश साहू ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नगर के विकास में शामिल करने का संकल्प लिया और नगर की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का वादा किया।

कट्टाहा नवागांव में साक्षरता के लिए लोगों में बढ़ा उल्लास

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के शा प्रा शाला कट्टाहा नवागांव में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु प्रतिदिन सुबह गांव में स्कूली बच्चों एवं गांव के लोगों द्वारा लगातार रैली निकाल कर साक्षरता नारा लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है 23 मार्च को होने वाली असाक्षरों की परीक्षा के लिए प्राथमिक शाला कट्टाहा नवागांव को परीक्षा केंद्र बनाया गया है ।

संदेही का पता बताने पर 5 हजार इनाम की घोषणा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के चौकी सम्बलपुर थाना नवागढ़ अप.क्रं. 40/2025 धारा 103 (1) बीएनएस के प्रकरण में मर्ग क्रं. 09/2025 धारा 194 बीएनएस के प्रार्थी अजय राजपूत पिता लतेल राजपूत उम्र 41 वर्ष सा. सोनपुरी चौकी सम्बलपुर के द्वारा 16.02.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपनी पत्नि एवं पुत्री उम्र 12 वर्ष के साथ खेत से राहर को लेकर आ रहा था, कुछ देर के बाद प्रार्थी की पुत्री उम्र 12 वर्ष का कही पता नही चला, खोजबीन के बाद पुत्री धान खेत में पड़ी मिली थी। जिस पर मर्ग जांच के दौरान शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने पर धारा 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के द्वारा सोहन राजपूत पिता रज्जु राजपूत उम्र 30 वर्ष सा. सोनपुरी चौकी सम्बलपुर के उपर मृतिका की हत्या करने का संदेह किया है, संदेही सोहन राजपूत सकुनत से फरार है। फरार संदेही आरोपी के गिरफ्तारी हेतु हर सभंव प्रयास किया गया है, किन्तु अथक प्रयास के उपरांत भी फरार संदेही आरोपी का आज दिनांक तक कोई पता नही चल सका है। भा.पु.से. वरि.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्रमाक 80(ए) में निहित प्रावधानों के तहत घोषणा करता हूँ कि जो फरार संदेही आरोपी सोहन राजपूत पिता रज्जू राजपूत उम्र 30 वर्ष की गिरफ्तारी हेतु युक्तियुक्त सूचना देगा, जिससे विधिपूर्वक गिरफ्तार किया जा सके, उसे रूपये 5000 नगद राशि से पुरस्कृत किया जावेगा।

जनहित हितैषी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने व क्षेत्र के विकास के लिए करूंगी प्रयास : कल्पना योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव बुधवार को प्रभारी भारत वर्मा के नेतृत्व में किया गया। जिला पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष भाजपा के कल्पना तिवारी व उपाध्यक्ष भाजपा के खुशबू वर्मा को बनाया गया। जिला पंचायत के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद कल्पना योगेश तिवारी और उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा सबसे पहले जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। भाजपा के कार्यकर्ताओं को कल्पना तिवारी ने संबोधित किया और कहा कि मेरी जीत कार्यकर्ताओं और जनता जनार्दन के आशीर्वाद के फलस्वरूप हुआ और अध्यक्ष पद के लिए जिम्मेदारी देने पर सभी जिला पंचायत के सदस्यों और प्रदेश नेतृत्व के आभारी रहूंगी। साथ ही जिले के सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनहितैषी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए जिले के मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद विजय बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू के साथ मिलकर हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। साथ ही संगठन के सभी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद देती हूं। भाजपा कार्यालय में संचालन जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, डोमेन्द्र सिंह राजपूत, केशव पटेल, मोंटी साहू, परमेश्वर वर्मा, प्रहलाद वर्मा, यशवंत वर्मा, हिमांशु वर्मा, बुलाक साहू, राजेन्द्र सिंह राजपूत, नथमल सिंह कोठारी, योगेश वर्मा, मनोज वर्मा, पीयूष शर्मा, मनोज सिन्हा, नरेश, बेरला नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देशलहरा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का स्वागत किया।

निर्वाचन प्रक्रिया | दोनों पदों पर भाजपा ने जमाया कब्जा, कार्यकर्ताओं ने मनाया जीता का जश्न

भाटापारा : सविता अनंत अध्यक्ष और भोला वर्मा निर्विरोध बने जनपद उपाध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत भाटापारा में जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद भाजपा ने कब्जा जमा लिया है। क्षेत्र के कुशल रणनीतिकर्ता शिवरतन शर्मा के प्रबंधन से दोनों पद में निर्विरोध जीत प्राप्त हुई। भाजपा की सविता प्रदीप अनंत अध्यक्ष व भोला वर्मा उपाध्यक्ष बने है। 25 जनपद सदस्यों वाली जनपद में कांग्रेस को एक भी उम्मीदवार नहीं मिला। गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा की ओर से अध्यक्ष हेतु सविता अनंत ने एवं उपाध्यक्ष के लिए भोला वर्मा ने नामांकन दाखिल किया।निर्धारित समय सीमा के भीतर दोनों ही पदों के लिए कोई नामांकन नहीं आने पर निर्वाचन अधिकारी अभिषेक गुप्ता ने निर्विरोध अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की घोषणा कर करते हुए दोनों प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा, चुनाव पर्वेक्षक सुरेन्द्र टिकरिहा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी वहां मौजूद थे। उन सभी ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्त्ताओ को निर्विरोध जीत पर बधाई शुभकामनाएं दी।

विकास के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध: शिवरतन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है व बजट 2025-26 में भी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, अधोसंरचनाओं के निर्माण, सुगम आवागमन, सड़क,बिजली,स्वच्छ पेयजल, किसानों को आर्थिक संबल, महिलाओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। इससे निश्चित ही हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। बता दें कि शिवरतन शर्मा ने इस बार नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अग्रणी भूमिका निभाते हुए सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार किया है जिसका परिणाम है की आज नगर पालिका भाटापारा में अध्यक्ष प्रत्याशी की जीत होने के बाद बुधवार को उपाध्यक्ष निर्विरोध हुआ और अब गुरुवार को भाटापारा जनपद में भी अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चयन निर्विरोध हुआ। जीत के बाद सविता अनंत, भोला वर्मा ने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, सर्वमान्य नेता शिवरतन शर्मा के आशीर्वाद और क्षेत्र में कराए गए उनके करोड़ों के विकास कार्यों का ही परिणाम है।

सीईओ ने जनपद पंचायत गुण्डरदेही के विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा की

बालोद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जनपद पंचायत गुंडरदेही के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की। कन्नौजे ने मनरेगा योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य तथा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रूदा में फीकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट निर्मित है। जिसमें राज्य स्तर से डिस्लजिंग वाहन प्रदान किया गया है। इसका समुचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक कर मल-कीचड़ प्रबंधन के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए। सभी निर्मित कचरा संग्रहण शेड में कचरे का परिवहन व निरन्तर कचरा संग्रहण कार्य जारी रखने को कहा। सभी निर्मित सामुदायिक शौचालयों का उपयोग करने तथा इनका संचालन व संधारण सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर ग्राम पंचायत कसौंदा, गब्दी, जेवरतला, राहुद के पंचायत सचिव को उक्त संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने को कहा।

न्यूज गैलरी

जिला प्रशासन की तत्परता से रूका बाल विवाह

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की तत्परता से 05 मार्च को ग्राम साल्हेघोरी में एक नाबालिग बालिका का विवाह रूकवाया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह को रोकने के लिए महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि लोरमी अंतर्गत नाबालिग बालिका के विवाह की सूचना मिलने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंची और परिजनों को दुष्परिणाम बताते हुए बाल विवाह नहीं कराने की समझाईश देते हुए हल्दी की रस्म शुरू होने से पहले विवाह को स्थगित कराया। बालिका के परिजन गरीबी, अशिक्षा व आर्थिक स्थिति कमजोर होने एवं मजदूरी करने अन्य राज्य पलायन करने के लिए विवाह करा रहे थे। बालिका को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य लक्ष्मी साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला और चाईल्ड हेल्पलाइन समन्वयक उमाशंकर कश्यप द्वारा बालिका को श्रीफल, पेन और डायरी प्रदान कर सम्मानित किया व बालिका के माता-पिता को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बाल विवाह कराए जाने पर 02 वर्ष की सजा के साथ 1 लाख का जुर्माने का प्रावधान है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत होगा आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 8 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार 5 व 6 मार्च को रामानुज प्रसाद देवांगन शासकीय प्राथमिक स्कूल मुंगेली, शासकीय प्राथमिक कन्या स्कूल रेहुंटा, शासकीय हाईस्कूल बरेला, शासकीय प्राथमिक स्कूल ठकुरीकापा और शासकीय प्राथमिक स्कूल आवास बरेला में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

भथरी में पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 20 मार्च तक

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम भथरी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 20 मार्च तक आवेदन मंगाए गए हैं। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम सिलतरा का कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया दौरा

मार्च माह तक सभी किसानों के कृषि भूमि पहचान पत्र बनाने के दिए निर्देश

फमुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पथरिया विकासखंड के ग्राम सिलतरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसानों के कृषि भूमि पहचान पत्र निर्माण प्रक्रिया का जायजा लिया और मार्च माह तक सभी किसानों का कृषि भूमि पहचान पत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मार्च माह तक शत-प्रतिशत किसानों के भूमि पहचान पत्र बनाए जाएं, जिससे वे सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देशभर में कृषि भू-स्वामियों का एक एकीकृत पंजीकरण तैयार करना है, जिससे कृषि अनुदान, फसल बीमा और अन्य योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सिलतरा के कुल 589 किसानों में से 202 किसानों के भूमि पहचान पत्र बनाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने शेष किसानों को जल्द से जल्द पंजीयन कराने की अपील की और बताया कि किसान बी1 (भू-अधिकार पत्र), खसरा, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ कॉमन सर्विस सेंटर या पटवारी के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से खेल मैदान समतलीकरण की मांग रखी। उन्होंने बताया कि गांव के युवा विभिन्न

खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और कई युवा पुलिस एवं सैन्य भर्ती की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन असमतल मैदान के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने इस संबंध में जनपद सीईओ को स्थानीय विधायक की सहमति से शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा बिजली, पेयजल, राजस्व संबंधी समस्या और तालाब के गहरीकरण एवं मेड़ बंधान को भी लेकर चर्चा की गई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने गांव में सुरक्षा संबंधी मुद्दों की समीक्षा की और युवाओं को नशा एवं गलत संगत से दूर रहते हुए लक्ष्य आधारित मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। पथरिया विकासखंड के ग्राम धरदेई खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने धान उठाव कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जीरो शॉर्टेज का लक्ष्य रखते हुए शीघ्र धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि खरीदी केन्द्र में 78 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जिनमें से 70 हजार क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। वहीं 08 हजार क्विंटल धान निराकरण के लिए शेष है। कलेक्टर ने कहा कि यदि धान उठाव में देरी होती है तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सरगांव क्षेत्र में निर्माणाधीन पटाखा भंडार गृह का निरीक्षण किया और लाइसेंस एवं पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित व्यक्ति को निर्देशित किया कि सभी नियमों एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, पथरिया एसडीएम भरोसा राम ठाकुर, तहसीलदार छाया अग्रवाल, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

हाइवा चोर अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली

मुंगेली पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोरों का किया पर्दाफाश

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली पुलिस ने हाइवा चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने गुजरात से चोरी किया गया हाइवा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। तीन आरोपी फरार हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

प्रार्थी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, निवासी पंडरिया, जिला कबीरधाम, ठेकेदारी का काम करता है। उसने अपनी कंपनी अंशु कंस्ट्रक्शन के लिए हाइवा (सीजी 10 बीएन 5500) मटेरियल सप्लाई में लगाया था। 26 फरवरी की रात 9 बजे ड्राइवर दीपक निषाद ने रेती खाली कर हाइवा को जरहागांव क्षेत्र के ग्राम बरेला में गजेंद्र टायर दुकान के सामने खड़ा किया। चाबी दुकान में छोड़कर चला गया। ड्राइवर नहीं मिलने पर हाइवा वहीं खड़ी रही। 26-27 फरवरी की रात अज्ञात चोर हाइवा लेकर फरार हो गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज

डॉ. संजीव शुक्ला और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर टीम गठित की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा और उप पुलिस अधीक्षक एसआर घृतलहरे के नेतृत्व में जांच शुरू हुई। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में नंबर प्लेट बदला हुआ हाइवा और एक सफेद स्कॉर्पियो नजर आई, जो हाइवा को फॉलो कर रही थी। जांच में साइबर तकनीक की मदद ली गई। गुजरात के दाहोद जिले में लोकल क्राइम ब्रांच की मदद से चोरी किया गया हाइवा (कीमत 45 लाख रुपये), स्कॉर्पियो (कीमत 7.50 लाख रुपये) और पांच मोबाइल (कीमत 75 हजार रुपये) बरामद किए गए। कुल 52.75 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। गुजरात से दो आरोपियों अकरम खान (निवासी झांडा, जिला पलवल, हरियाणा) और आजाद मिया (निवासी मेहराणा, जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनके साथी मोहम्मद (निवासी सिंगार, हरियाणा) और दो अन्य ने मिलकर हाइवा की डीजल टंकी का लॉक तोड़कर चोरी की। स्कॉर्पियो से हाइवा को फॉलो किया। हाइवा पर लिखे अंशु कंस्ट्रक्शन पंडरिया के कुछ हिस्से मिटाए। फिर बरेला से मसना, गोंड़खाम्ही, पंडरिया, जबलपुर होते हुए गुजरात ले गए। पुलिस ने हाइवा, स्कॉर्पियो और मोबाइल जब्त कर अकरम खान और आजाद मिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुशील कुमार बंछोर, प्रधान आरक्षक लोकेश राजपूत, महेश राज, रवि जांगड़े, आरक्षक प्रवीण मिश्रा और चारूचंद नेताम की अहम भूमिका रही।

संगठन पर धनबल हावी, अध्यक्ष चयन को लेकर असमंजस की स्थिति

मुंगेली/नवप्रदेश। जिपं मुंगेली में कुल 12 सदस्य है जिसमें 11 सदस्य भारतीय जनता पार्टी समर्थित निर्वाचित हुए है और 1 सदस्य कांग्रेस को समर्थित है। अध्यक्ष पद अनारक्षित है, जिससे की चुनाव दिलचस्प हो गया है, जिसमे कोई धनाढ्य तो कोई आर्थिक रूप से कमजोर है। संगठन में भी असमंजस की स्थिति बनीं हुई है। मुंगेली में जिला पंचायत का चुनाव 10 मार्च को होगा।

सामान्य वर्ग के 5 सदस्य चुनाव जीते-जिला पंचायत मुंगेली में सदस्य के लिए सामान्य वर्ग के 5 सदस्यों ने जीत हासिल किया है। कुछ लोग आरक्षित सीट तो कुछ लोग आनारक्षित वर्ग से चुनाव जीत कर आए है। जिसमें से श्रीकांत पाण्डेय, संतोषी परमेश्वर ठाकुर, अनिला देवेन्द्र राजपूत, उमाशंकर साहू, अंबालिका साहू सामान्य वर्ग से है।

ये है प्रबल दावेदार-मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष बनने के कतार में सबसे मजबूत दावेदार श्रीकांत पाण्डेय, अंबालिका साहू और उमाशंकर साहू है। मुंगेली जिले में उनके नाम की चर्चा है। अध्यक्ष पद की चर्चा के अनुसार वे अध्यक्ष बन सकते है। साम, दाम, दण्ड, भेद में महारथ हासिल होने का भी चर्चा चौक चौराहों पर होता है।

चयन में संगठन या धन बल- सामान्य वर्ग अध्यक्ष पद के लिए यदि धन बल चला तो श्रीकांत पाण्डेय के अलावा अंबालिका साहू और उमाशंकर साहू के नामों की चर्चा चल रही है। सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट में श्रीकांत पाण्डेय के नाम कि चर्चा चल रही है। श्रीकांत पाण्डेय स्थानीय विधायक के करीबी है। सदस्यों के नाम-अनिता कोमल साहू, समुंद सिंद्राम, रत्ना संजय काठले, शांति देवचरण भास्कर, कुन्ती उदय जायसवाल, श्रीकांत पाण्डेय, उमाशंकर साहु, रजनी मानिक सोनवानी, लक्ष्मीकांत भास्कर, संतोषी परमेश्वर ठाकुर, अनिला देवेन्द्र राजपूत, अंबालिका साहू।

जेठा टोल नाके पर तकनीकी खराबी वाहन चालकों से ज्यादा काट रहे पैसे

सक्ती/नवप्रदेश। आज से जेठा में टोल नाका विधिवत पाठपूजा कर शुरू किया गया है परंतु उस टोल नाके में जाने और आने का 75/-रू. - 75/-रू. काट रहे है जिसके चलते चार चक्का वाहन वालो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस संबंध में कई चार चक्का वाहन वालों ने टोल नाका वाले जो गाड़ी पार करने का पैसा काट रहे है उनसे पूछने पर अभी हमारा दोनों तरफ का 75/-रू. - 75/-रू. काट रहे है आपको इस संबंध में बात करना हो तो हमारे मैनेजर से बात कीजिये टोल नाका वाले मैनेजर धीरज दुबे से मिलने पर बताया कि तकनीकी खराबी होने के कारण अभी ऐसा हो रहा है जिनका पैसा ज्यादा कटा होगा उनके खाते में ट्रांसफर हो जायेगा। जबकि कलेक्टर कार्यालय जाने के लिए अगर किसी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्य हो और उसके बाद अगर वो कलेक्टर कार्यालय जाता है तो जाने का 75/-रू. और आते समय फिर 75/-रू. का गाड़ी स्कैन से कट जाता है जबकि मात्र आधा किलो मीटर में दोनों ऑफिसों के बीच में टोल नाका बनने के चलते यह राशि गाड़ी वाहनों से वसूली की जाती है आम नागरिकों का यह कहना है कि शासन को सी.जी.11 चार चक्का वाहनों को फ्री या दूसरा उपाय करें जिससे टोल टैक्स न लगे । इस संबंध में मैनेजर धीरज दुबे ने बताया कि बहुत जल्दी पास बनाया जाएगा शासन की जो भी छूट होगी उस हिसाब से व्यवस्था की जायेगी साथ ही हमारी ओर से किसी भी गाड़ी वालों को इस टोल नाका से परेशानियां का सामना नही करना पड़ेगा।

नि :शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में सामुदायिक भवन सक्ती में दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया । भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में सक्ती जिले के चयनित दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर द्वारा निर्मित सहायक उपकरणों, कैलीपर्स व कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय करने के लिए आज शिविर का आयोजन किया गया और शिविर में आज 217 दिव्यांगजन तथा वरिष्ठजन हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरण कर लाभांवित किया गया।

पंचायत पुहपुटरा में आवास मेला का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। आकांक्षी ब्लाक क्षेत्र के ग्रापं पुहपुटरा में आकांक्षी कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय आवास पखवाड़ा के तहत सरगुजा कलेक्टर के फरमान पर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार के आतिथ्य मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास मेला का आयोजन किया गया । जंप क्षेत्र के राजपुरीकला,पूहपुटरा, सिरकोतंगा ग्रामीण जन के मध्य आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अग्रवाल आवास योजना ग्रामीण के विषय में चर्चा करते हुए आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों चम्पा बाई,लालजीत, दशाराम ,दिनेश को साल श्रीफ़ल ,और घड़ी देकर पुरस्कृत किया।

आवास रथ को जिला एवं ब्लॉक स्तर से आये अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आवास रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। हितग्राही दिनेश/अमृत निवासी ग्राम पुहपुटरा के आवास निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न कराया गया आयोजन कार्यक्रम में लखनपुर सीईओ वेद प्रकाश पांडेय, एपीओ जिला पंचायत डॉ स्वेच्छा सिंह, एसडीओ प्रवीण खलखो,प्रधानमंत्री आवास जिला समन्वयक शशांक सिंह,रुबीना खान,बीसी प्रधानमंत्री आवास लखनपुर शीनू पटेल, पी ओ मनरेगा अभिषेक मिंज, तकनीकी सहायक श्रवण सचिव,रोजगार सहायक,आवास मित्र भी उपस्थित रहे। मंच संचालन एबीपी फेलो शुभिता शुक्ला ने किया।

भारत यादव सक्ती नगर पालिका के उपाध्यक्ष निर्वाचित

सक्ती/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर सुबह से ही राष्ट्रीय पार्टियों के नेता अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिये मशक्कत करते रहे। भाजपा के पास 10 पार्षद थे कांग्रेस के पास 6 पार्षद तथा 2 निर्दलीय पार्षद कुल 18 एवं नगर पालिका अध्यक्ष को मिलाकर 19 मत हो गये । नगर पालिका उपाध्यक्ष का चुनाव की तिथि घोषित हुई थी जिसमें फार्म जमा करने का समय 11.30 बजे तथा नाम वापिस का समय 12.00 बजे तथा 1.00 बजे मतदान डालने का समय 1.30 बजे गणना का समय निर्धारित किया गया था। उपाध्यक्ष के लिए

भाजपा की तरफ से भारत यादव, कांग्रेस की तरफ से संतोष कुमार सोनी लाला ने नामांकन दाखिल किया। चुनाव अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरूण सोम ने उपाध्यक्ष के दो फार्म जमा होने के बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू कराते हुये समय सीमा पर सारी प्रक्रिया पूरी कर नगर पालिका उपाध्यक्ष का चुनाव मतदान के बाद गिनती होने के बाद सोम ने उपाध्यक्ष की घोषणा करते हुये बताया कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी भारत यादव को 14 मत मिले काग्रेस प्रत्याशी संतोष कुमार सोनी को 5 मत मिले कुल मतदान 19 मत हुआ । इसके बाद चुनाव अधिकारी सोम ने भाजपा के भारत यादव को 14 मतों से विजयी घोषित किया। सबके मन में एक ही विचार आ रहा था कि कौन नगर पालिका उपाध्यक्ष बनेगा। जैसे ही उपाध्यक्ष का रिजल्ट आया वैसे ही भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह के साथ उपाध्यक्ष भारत यादव को माला एवं तिलक लगाकर तथा आतिश बाजी से स्वागत किया तथा होली जैसा माहौल हो गया । भारतीय जनता पार्टी के योगेश लाम्बा एवं कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी ही थे ।

सुधारात्मक कदम

चिकित्सा महाविद्यालय की स्वशासी समिति की प्रबंधकारिणी बैठक

चिकित्सालय की व्यवस्था को डिजिटल करने के निर्देश

अंबिकापुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में अंबिकापुर में चिकित्सा महाविद्यालय की स्वशासी समिति की प्रबंधकारिणी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय और चिकित्सालय में छात्रों के पठन-पाठन की गुणवत्ता में सुधार एवं मरीजों के उपचार में सुधारात्मक कदम उठाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों के रूरल पोस्टिंग के लिए बस और फैकल्टी के लिए छोटे वाहन को किराए पर लिया जाएगा। इसके अलावा, छात्रों के लिए एक प्ले ग्राउंड और अतिरिक्त स्टाफ के लिए आवास निर्माण हेतु संभागायुक्त ने एडिशनल कलेक्टर को जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने चिकित्सालय में मरीजों को उच्च चिकित्सालय में रेफर करने में 108 एम्बुलेंस की कमी को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता बरतते हुए स्थानीय स्तर पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत कम से कम दर पर सेवा देने वाले से एडवांस तथा बेसिक एम्बुलेंस और शव वाहन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। चिकित्सालय के स्टाफ की व्यवस्था सुधारने के लिए ड्रेसर, ईसीजी टेक्नीशियन,

ओटी टेक्नीशियन, बायोमेडिकल इंजीनियर, फायरसेफ्टी ऑफिसर, कम्प्यूटर इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कलेक्टर दर पर नियुक्ति की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, चिकित्सालय के पुराने कबाड़ का अपलेखन करने, आवश्यक फर्नीचर खरीदने और रिएजेंट क्रय के लिए भी अनुमोदन दिया गया। चिकित्सालय की व्यवस्था को पूरी तरह से डिजिटल करने हेतु आवश्यक स्टाफ की भर्ती करने और ओपीडी में टोकन सिस्टम लागू करने के लिए राशि स्वीकृत की गई। इस पहल से मरीजों की जांच और उपचार में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी, और चिकित्सालय की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी। बैठक में लिए गए निर्णयों से न केवल छात्रों के पठन-पाठन में सुधार होगा, बल्कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। उक्त बैठक में कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव, डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. सी. आर्या, चिकित्सा महाविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर तथा सी. जी.एम.एस.सी., पी.एच.ई.,सी.एम.एच.ओ. के अधिकारी उपस्थित थे ।

लाइन जोड़कर बिजली चालू, एफआईआर दर्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। बिजली उपभोक्ताओं के द्वारा बिना भुगतान के विद्युत सप्लाई जोड़कर चालू पाई गई। कनिष्ठ यंत्री के द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर विद्युत अधिनियम की 2003 की धारा 135/138 में दोषी मानते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

जिले में पंचायत चुनाव निपटने के साथ ही ग्रामीण तथा शहरी विद्युत बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जिले में जमकर विद्युत बकायादारों की लाइन विच्छेदन किया जा रहा है। टीम द्वारा पथरिया, लोरमी एवं मुंगेली क्षेत्र के 202 बकायादारों की लाइन काटी गई तथा मौके पर 21 लाख रूपये की वसूली की गई। इसी संदर्भ में लोरमी क्षेत्र के ग्राम राम्हेपुर में पूर्व से बकायादार रामफूल झरिया बकाया राशि 46 हजार 540, ग्राम डिण्डौल निवासी अरूण राजपूत बकाया राशि 55 हजार 250, ग्राम राम्हेपुर टीके विश्वास बकाया राशि 54 हजार 440 की विद्युत लाईन पूर्व में काटी गई थी, जिसे इन उपभोक्ताओं के द्वारा बिना भुगतान के विद्युत सप्लाई जोड़कर चालू पायी गई।

तीन करोड़ 42 लाख 17 हजार 920 रुपए का शासन को हुआ था नुकसान

अरपा भैंसाझार परियोजना में करोड़ों का मुआवजा घोटाला, राजस्व निरीक्षक बर्खास्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। अरपा- भैंसाझार परियोजना में गलत बटांकन कर करोड़ों के मुआवजा राशि घोटाले में संलिप्त राजस्व निरीक्षक को बर्खास्त किया गया है। मामला सामने आने पर बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने मामले की जांच करवाई थी और राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर दिया था। राजस्व निरीक्षक ने पटवारी रहते हुए एक ही जमीन का चार अलग अलग रकबा दर्शाते हुए अधिक मुआवजा का प्रकरण तैयार कर शासन को तीन करोड़ 42 लाख 17 हजार 920 रुपए का नुकसान हुआ था।

निलंबन के बाद कलेक्टर ने विभागीय जांच करवा बर्खास्तगी के लिए कार्यालय आयुक्त भू अभिलेख छत्तीसगढ़ को पत्र प्रतिवेदन भेजा था। जिसके बाद आयुक्त भू अभिलेख के द्वारा बर्खास्तगी की कार्यवाही की गई है। राजस्व निरीक्षक मुकेश साहू के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के लिए कलेक्टर ने उसे निलंबित करते हुए डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा को विभागीय जांच के लिए निर्देशित किया था। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में साक्षियों के कथन व अपचारी कर्मचारी के बचाव साक्ष्य तथा प्रस्तुत दस्तावेजों के अवलोकन व परिशीलन उपरांत अपचारी कर्मचारी पर लगाये गये आरोप की पुष्टि होना प्रतिवेदित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अरपा-भैंसाझार परियोजना के अंतर्गत चकरभांठा वितरक नहर निर्माण में अधिग्रहित भूमि ग्राम सकरी, खसरा नं. 1/6 या 1/4 के अर्जन एवं व्यपवर्तन के संबंध में संलग्न खसरा पांचसाला वर्ष 2012-13 से 2016-17 तक में वर्ष 2013-14 के कॉलम में वर्ष 2019-20 लिखकर खसरा नंबर 1/4 रकबा 0.90 एकड़ व्यावसायिक परिवर्तित भूमि दर्ज किया गया है।

सकरी थाने में आपराधिक प्रकरण दर्ज

कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा भू अभिलेख शाखा को तीन फरवरी को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार मुकेश साहू, राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध संस्थित विभागीय जांच में जांच प्रतिवेदन दिनांक 09.01.2025 के अनुसार उनके विरूद्ध अधिरोपित आरोप प्रमाणित पाये जाने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-12 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, इनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-10 (नौ) की दीर्घ शास्ति अधिरोपित करते हुए मुकेश साहू, राजस्व निरीक्षक, रा.नि. मंडल बेलतरा, तहसील-बेलतरा, को शासकीय सेवा से पदच्युत करने की कार्यवाही आयुक्त भू अभिलेख के द्वारा की गई है। इस मामले में जिला प्रशासन की तरफ से सकरी थाने में आपराधिक प्रमाण भी दर्ज करवाया गया है।

सेवा समाप्ति का प्रतिवेदन भू-अभिलेख शाखा भेजा गया

विभागीय जांच प्रमाणित पाए जाने पर 3 फरवरी 2025 को उनकी सेवा समाप्ति हेतु प्रतिवेदन कार्यालय आयुक्त भू अभिलेख शाखा को भेजा गया। जिसमें मुकेश साहू, राजस्व निरीक्षक, जिला-बिलासपुर के विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-14 के अधीन संस्थित विभागीय जांच में विभागीय जांच अधिकारी, जिला कार्यालय के जांच प्रतिवेदन 09 जनवरी 2025 के अनुसार अपचारी कर्मचारी के विरूद्ध लगाये गये आरोप, साक्षियों एवं दस्तावेजों के आधार पर सिद्ध पाये जाने एवं शासन को 3,42,17,920 /- रूपये की आर्थिक हानि होने से सहमत होते हुए छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के दीर्घ शास्ति/मुख्य शास्ति नियम-10 के कंडिका 8 एवं 9 के तहत् अपचारी कर्मचारी मुकेश साहू को सेवा से पृथक किये जाने की अनुशंसा के साथ प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

न्यूज गैलरी

बिलासपुर प्रेस क्लब का फाग महोत्सव 13 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर प्रेस क्लब की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी उत्साह के साथ राघवेंद्र राव सभा भवन स्थित प्रेस क्लब परिसर में फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के अलावा आसपास के जिलों की टीम अपनी कला का प्रदर्शन करने प्रेस क्लब परिसर पहुंचेगी। इसके लिए निः शुल्क एंट्री ली जा रही है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए फाग मंडलियों को प्रभारी गुड्डा सदाफले (9399353068) से संपर्क कर सकते हैं। 13 मार्च को दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक फाग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी उसके बाद लोक कलाकार चंदन यादव और उनकी टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर बिलासपुर प्रेस क्लब से जुड़े तमाम पत्रकार तैयारी में जुटे हुए हैं। प्रतियोगिता के दौरान प्रथम स्थान पर आने वाली फाग मंडली को पहला पुरस्कार 21000, दूसरा पुरस्कार 11000, और तीसरा पुरस्कार 5100/ दिया जाएगा। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अन्य मंडलियों को भी प्रोत्साहन राशि निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के साथ-साथ टमाटर की चटनी और भजिए का भी स्वाद मौजूद श्रोता और दर्शक ले सकेंगे।

केन्द्रीय राज्य मंत्री समापन समारोह में हुए शामिल, लोगों ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री का जताया आभार

उच्च गुणवत्ता की दवाईयां सही दाम पर उपलब्ध कराने जनऔषधि केन्द्र वरदान: तोखन साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू आज भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित जन औषधि सप्ताह के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर पूजा विधानी ने की।

केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि 25000 तक जन औषधि केंद्र और खोले जाएंगे जिससे आमजन को कम से कम दाम में उच्च गुणवत्ता की दवाइयां मिल सके। जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है उनके लिए जन औषधि केंद्र वरदान साबित हुआ है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जन औषधि केंद्र का अवलोकन किया गया और उपलब्ध दवाईयां के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही जन औषधि के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए की यथासंभव जन औषधि की सभी दवाएं सभी जन औषधि केंद्रों में उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर सचिव रेडक्रॉस डॉ प्रमोद तिवारी ने स्वागत उद्बोधन तथा जन औषधि केन्द्र की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि की आसंदी से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने सरकार के इस दिशा में उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री की इस योजना को देश की सबसे बड़ी योजना बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जन औषधि केंद्रों से दवाई खरीदने करने वाले ग्राहक भी उपस्थित थे जिन्होंने अपने अनुभव साझा किये। सभी ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया कि उनकी इस योजना से उन्हें सस्ती और उत्तम दवाईयां भी मिली और उनके पैसे भी कम खर्च हुए। महापौर श्रीमती विधानी ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी एवं आमजन से अपील की की अधिक से अधिक संख्या में लोग जन औषधि से दवाई खरीदें। उन्होंने बताया की उनके घर में काम करने वाली बाई जिसको बाजार में दवाईयां 6000 रूपए की मिल रही थी वही सब दवाईयां जन औषधि में सिर्फ 350 रूपए में मिल गई।

50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती

सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल गुप्ता ने जन औषधि दवाइयों की उपलब्धता के बारे में एवं गुणवत्ता के विषय में जानकारी दी। जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना ने जन औषधि एवं ब्रांडेड दवाईयां के मूल्य का तुलनात्मक विवरण सभी के समक्ष प्रस्तुत किया जिससे लोगों को यह जानकारी मिली की कम मूल्य की उत्तम दवाइयां ब्रांडेड दवाइयां से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सस्ती है। कार्यक्रम के अंत में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित आमजन के प्रति आभार व्यक्त किया।

आश्रय व जीवन संस्कार सेवा समिति ने किया आत्मरक्षा सत्र का आयोजन

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आश्रय एवं जीवन संस्कार सेवा समिति ने प्राथमिक विद्यालय, इंद्रा नगर, बिलासपुर में आत्मरक्षा सत्र, गुड टच-बैड टच जागरूकता कार्यक्रम और लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शक्ति वीक के चौथे संस्करण के तहत आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया और गुड टच-बैड टच जैसे संवेदनशील विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया, जिससे वे अपने अधिकारों और सुरक्षा को लेकर अधिक जागरूक हो सकें। इसके अतिरिक्त, छात्रों के रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जीवन संस्कार सेवा समिति की संयुक्त सचिव चांदनी चंद्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। आत्मरक्षा न केवल एक कौशल है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की ओर भी महत्वपूर्ण कदम है। आश्रय की स्टेट लीड दिव्यांशी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, समाज में जागरूकता फैलाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आवश्यक हैं। आत्मरक्षा और सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस आयोजन को सफल बनाने में चांदनी चंद्रा, फरहत शेख, लोकेश पटेल, कमल देवांगन, हर्षिता शर्मा, प्रियंशु पटेल, भुवन पटेल, आस्था पाठक, साक्षी सिन्हा और पद्मजल अनुरागी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और समाज में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ऐसे और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने सीवी रमन विवि में किया शैक्षणिक भ्रमण

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के कैडेट्स के लिए सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने विज्ञान, तकनीक, खेल, मीडिया और संस्कृति से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान से परे व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था, जिससे वे आधुनिक तकनीकों, अनुसंधान कार्यों और सामाजिक सरोकारों को करीब से समझ सकें।

इस यात्रा में शिक्षकों उदय शर्मा, रजनी सिंह और प्रिया गोरख ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया और विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस शैक्षणिक दौरे के दौरान कैडेट्स ने सबसे पहले ग्रामीण प्रौद्योगिकी केंद्र का दौरा किया, जहाँ उन्होंने हर्बल गुलाल बनाने की प्रक्रिया को करीब से देखा और पर्यावरण के अनुकूल इस उत्पाद के महत्व को समझा। इसके बाद, कैडेट्स एनसीसी कार्यालय पहुँचे, जहाँ उन्हें राष्ट्रीय कैडेट कोर के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी मिली। कैडेट्स ने वनस्पति एवं औषधीय उद्यान का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने विभिन्न औषधीय पौधों और उनके उपयोगों के बारे में सीखा। इसके साथ ही, उन्होंने खेल प्रांगण में विश्वविद्यालय की खेल सुविधाओं को देखा और शारीरिक फिटनेस एवं खेलों के महत्व को समझा। कैडेट्स को रेडियो रमन 90.4 एफएम के स्टूडियो में भी जाने का अवसर मिला, जहाँ उन्होंने रेडियो प्रसारण की प्रक्रिया और इसके सामाजिक जागरूकता में योगदान को जाना।

कुलपति का जताया आभार

इस अवसर पर शिक्षकों ने कुलपति का विशेष धन्यवाद दिया। साथ ही रूरल टेक्नोलॉजी विभाग के एच ओ डी डॉ अनुपम तिवारी का भी आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग के बिना यह विजिट सम्भव नही था जिन्होंने छात्रों को इस तरह के शुभ अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएँ छात्रों के ज्ञान को समृद्ध करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। विद्यालय परिवार इस अवसर के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के आभारी हैं।

पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन 12 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा 01 करोड़ युवाओं को 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए पीएम इंटर्नशिप स्कीम 2.0 प्रारंभ की गई है। जिसमें युवाओं को 12 महीने तक वास्तविक कारोबारी माहौल तथा विविध व्यवसायों और रोजगार के अवसरों का अनुभव प्राप्त होगा साथ ही 5000 रूपए प्रतिमाह इंटर्नशिप भत्ता एवं 6000 रूपए एकमुश्त सहायता प्रदान की जाएगी।

बजट में विधायक अटल की मांग पर 4320 लाख के सड़क-पुल निर्माण कार्य शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की मांग पर 4320 लाख के सड़क एवं पुल निर्माण कार्य बजट में शामिल किया गया है। श्री श्रीवास्तव की मांग एवं अनुशंसा पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बजट वर्ष 2025-26 में कोटा क्षेत्र के सड़क एवं पुल निर्माण हेतु 4320 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें रतनपुर से कोटा मार्ग लंबाई 25.00 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य राशि 400 लाख खुरदुर महुकांपा से बाकीघाट का निर्माण कार्य 4.00 कि.मी. 400 लाख इमलीपारा से नागचुआं

पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 7.00 कि.मी. राशि 750 लाख कुरूवार से टेंगनमाड़ा पहुंच मार्ग 1.50 कि.मी. राशि 200 लाख कोटा बिल्लीबंध के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य 1.20 कि.मी. राशि 250 लाख कोटा में नवीन बायपास मार्ग का निर्माण लंबाई- 10.00 कि.मी. राशि 200 लाख रतनपुर बायपास ग्रीन फिल्ड मार्ग व्हाया लालपुर (घासीपुर) नवागांव खुटाघाट से एन.एच. 130 तक लंबाई 10.00 कि.मी. राशि 500 लाख रतनपुर शहरी क्षेत्र में 4 लेन का निर्माण लं. 6.50 कि.मी. राशि 500 लाख बेलगहना-कोंचरा-खोंगसरा मार्ग के कि.मी. 1/6 पर डोंगा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण राशि 490 लाख छतौना-पुडू-परसापानी मार्ग में जुनवानी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहूंच मार्ग निर्माण राशि 350 लाख आमागोहन-बाबातालाब मार्ग में सड़गोड नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण राशि 280 लाख को बजट में शामिल किया गया है। क्षेत्र के विकास हेतु आवश्यक सड़क एवं पुल निर्माण कार्य को बजट में शामिल करने के लिए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। विधानसभा सत्र के दौरान कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने पेंड्रा बाईपास का निर्माण करने एवं कोटा रतनपुर नगर में स्टेडियम निर्माण करने विधानसभा में मांग किया।

टेलीकॉम टावर हटाने को लेकर मोहल्लेवासी लामबंद

जोन कमिश्नर, निगम आयुक्त और एसडीएम पहुंचे

बिलासपुर/नवप्रदेश। तंग गली के अंदर एक मकान में टेलीकॉम कंपनी के टॉवर को हटाने के लिए बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एकजुट होकर इसके विरोध में आ खड़े हुए जहां पर सभी इस टॉवर का विरोध करते हुए इसको हटाने को लेकर शासकीय कार्यालयों में शिकायत देकर अपनी बात रखी। दअरसल पूरा मामला थाना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जूना बिलासपुर मनोहर टॉकीज के पीछे का है। जहां पर सीदारा परिवार लंबे समय से निवासरत है। यहां पर बीते कुछ वर्ष पहले ही प्रेम सनवानी यहां रहने के लिए आया जिसके घर में जाने का रास्ता भी नहीं था। उसके घर में जाने केलिए इसी मोहल्ले वासियों ने उनको रास्ता दिया उसके बाद भी उक्त व्यक्ति के द्वारा उस तंग और सकरी गली में बने अपने मकान में

टेलीकॉम कंपनी का टॉवर लगवा लिया।जिसकी जानकारी किसी भी मोहल्ले वासी को नहीं दिया गया। इनके यहां टॉवर लग जाने के बाद उसी तंग और सकरी गली में बिजली और टॉवर का केवल बिछाया जा रहा था।जिसके कारण गली में काफी अव्यस्था होने लगी और सकरी और तंग गली में मोटे मोटे केबल से आने वाले समय में और दिक्कत का समाना करना पड़ेगा जिसके कारण ये सभी मोहल्ले वासी अपना विरोध दर्ज करते हुए तत्काल काम को बंद कराने केलिए जोन कमिश्नर सिटी कोतवाली निगम आयुक्त और एसडीएम के पास अपनी शिकायत देकर काम को बंद कराने और लगे टॉवर को हटाने की बात रखी। इस मामले को लेकर विरोध और शिकायत करने आए मोहल्ले वासी में ब्रह्मा सिदारा ने कहा ने की तंग गली और जबरन बिना अनुमति के इनके द्वारा टेलीकॉम कमानी का टॉवर लगा दिया गया। इसे तत्काल हटाया जाए और काम को बंद कराया जाए।

वंडरलैंड स्कूल में वार्षिकोत्सव व वार्ड पार्षद सम्मान समारोह

बिलासपुर/नवप्रदेश। वंडर लैंड स्कूल गणेश नगर वार्ड नं. 46 जीनत विहार फेस 1 में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चो को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कार वितरण किया गया एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वार्ड पार्षद इब्राहिम खान (अब्दुल) का सम्मान शाला प्रबंधन के द्वारा पुनः वार्ड पार्षद निर्वाचित होने पर किया गया। विशिष्ठ अतिथि नीलम शर्मा, अध्यक्षता मनोरमा कुमारी वंडर लैंड स्कूल के प्रिंसीपल शबनम बक्शी कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्वेता बनर्जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया विजिटर्स कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ, कुलपति प्रो. चक्रवाल हुए शामिल

किसी भी देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता से झलकता है: मुर्मू

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल 3 मार्च को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित विजिटर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। भारत गणराज्य की राष्ट्रपति एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की विजिटर द्रौपदी मुर्मू के भाषण से दो दिवसीय विजिटर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन हुआ। राष्ट्रपति 184 केन्द्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों की विजिटर हैं।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि किसी भी देश के

विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता से झलकता है। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से कहा कि भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ शोध पर भी बहुत ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि श्रेष्ठ उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च शिक्षा संस्थान इस महत्वपूर्ण पहल का सार्थक उपयोग करते हुए शोध को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश के कई उच्च शिक्षण संस्थानों की वैश्विक ब्रांड वैल्यू है। इन संस्थानों के छात्रों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों और कंपनियों में बड़ी जिम्मेदारियां मिलती हैं। हालांकि हमारे सभी संस्थानों को बहुत तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। हमारी विशाल युवा आबादी की अपार प्रतिभा को विकसित और उपयोग में लाकर उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों के नेतृत्व को मान्यता दी जाएगी।

सीवी रमन विवि की शोध व अनुसंधान पर जताई खुशी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की विभिन्न अकादमिक, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में हो रही प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से विश्वविद्यालय के विजिटर के रूप में निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु उनका आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

सूर्यकांत राठौर होंगे नगर निगम के नए सभापति

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम सभापति का चुनाव आज शुक्रवार हो गया है। वरिष्ठ पार्षद सूर्यकांत राठौर रायपुर नगर निगम अगले सभापति होंगे। भाजपा पार्षद दल की बैठक में चुनाव किया गया। इसके बाद पार्षद सूर्यकांत राठौर के नाम पर सहमति बनी। बता दें कि इसके पहले भाजपा दल की बैठक एकात्म परिसर में हुई थी। जिसमें सभापति चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए थे। ये बैठक विधायक धरमलाल कौशिक की मौजूदगी में हुई थी। साथ ही रायपुर निगम के सभी भाजपा पार्षद भी यहां मौजूद थे। इस बैठक में सह सहमति से निर्णय लिया गया कि जो पांच बार के पार्षद है सूर्यकांत राठौर सभापति नियुक्त किया जाए। बता दें कि सभापति के चयन के लिए भाजपा ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक को पर्यवेक्षक बनाया है। सूत्रों के मुताबिक, तीन नामों का पैनल बनाया गया था। इसमें सूर्यकांत राठौर, मनोज वर्मा और सरिता आकाश दुबे का नाम है। जिसमें सूर्यकांत राठौर का नाम आगे चल रहा था। भाजपा पार्षद दल की बैठक में पर्यवेक्षक धरमलाल कौशिक प्रत्याशी के नाम का अधिकृत तौर पर ऐलान किया।

प्रतिबंधित कफ सीरप के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टैंड के पास दबिश देकर प्रतिबंधित कफ सीरप के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 105 नग कोडाइन फास्फेट सीरप जब्त किया है। जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पास दो युवक प्रतिबंधित सीरप खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद समशाद 22 वर्ष और वसीम जाफर 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 105 नग प्रतिबंधित कफ सीरप जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया एवं चार पहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन और एक चारपहिया वाहन पार कर दिए। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पहले मामले में भिलाई निवासी जयंत कुमार 30 वर्ष ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 पीक्यू 8169 को रामनगर कोटा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम टेकारी माना निवासी प्रार्थी हेमचंद धृतलहरे 32 वर्ष ने मुजगहन थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 28 के 2849 को सदाणी दरबार स्थित राजू सेलून के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह तीसरे मामले में बजरंग नगर निवासी प्रार्थी जयेश भगवान 54 वर्ष ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि वह अपनी अल्टो कार क्रमांक सीजी 15 बी 6682 को अग्रसेन चौक के पास समता कालोनी के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए कार की कीमत करीब 35 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नदी के किनारे बांगो डुबान क्षेत्र में लापता युवक की तलाश

कोरबा/नवप्रदेश। जिले की मोरगा पुलिस चौकी के अधीन पड़ने वाले हसदेव नदी के किनारे पुलिस को मिली एक सूचना के आधार पर खोजबीन शुरू हुई, पुलिस को जानकारी मिली की एक युवक जो एकाएक लापता हो गया है, उसकी बाइक, चप्पल सहित कुछ अन्य सामान लावारिस हालत में हसदेव नदी के किनारे बांगो डुबान क्षेत्र में पड़े हुए है। संभावनाओं और आशंकाओं के आधार पर उसकी खोजबीन शुरू हुई है। हालांकि लापता के संबंध में अब तक कोई अधिकृत और पुख्ता जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। लेकिन घटना स्थल पर एकत्रित जमावड़े में सम्मिलित लोगों ने बताया है की उस क्षेत्र में एक ढाबा संचालक का पुत्र लापता है और उसकी सुव्यवस्था से खोजबीन जारी है। हालांकि अब तक कोई महत्वपूर्ण सूत्र नहीं मिले है बांगो बाँध के एकत्रित विशाल जलसागर में आशंकित युवक की खोजबीन हेतु नगरसेना के गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। जहां नगर सेना की गोताखोर की टीम हसदेव नदी में लापता युवक की तलाश कर रही है। साथ ही बिलासपुर से एसडीआरएफ्फ़ का दल बुलाया गया है। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

जुआरियों से 47800 रुपए जब्त

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी पुलिस थाना भखारा को मुखबिर से सूचना मिली की रूपनारायण साहू के घर के सामने कुछ लोग 52 पत्ती ताश से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है की सूचना पर थाना प्रभारी भखारा द्वारा हमराह स्टॉफ के मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया तो कुछ लोग पुलिस को देखकर भाग गये तथा कुछ लोग जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये।

अधजली लाश के मामले की जांच, प्रेमी शिक्षक ही निकला कातिल

कोरबा/नवप्रदेश। महिला की अधजली लाश की मामले में पुलिस के हाथ आरोपी तक लग गए है। कातिल और कोई नहीं बल्कि मृतिका का ही वो शिक्षक आशिक है जो महिला को लंबे समय से लिव इन में रखा हुआ था। दरअसल कोरबा जिले के पाली थाना क्षेत्र में रावा गांव के नजदीक राम टोक पहाड़ पर तीन दिन पहले एक महिला की अधजली लाश बरामद की गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मृतका की पहचान 28 वर्षीय शशि कला के रूप में की। शशि कला ग्राम लाद की निवासी थी, जिसका विवाह लगभग छह वर्ष पूर्व हुआ था। विवाह के 15 दिनों के भीतर ही वह ससुराल छोड़कर मायके आ गई और फिर अपने पूर्व शिक्षक मिलन दास के साथ कटघोरा में किराए के मकान में रहने लगी। सूत्रों के मुताबिक मिलन दास, जो एक शिक्षाकर्मी था, ने शशि कला को पढ़ाने के दौरान ही उसके साथ अवैध संबंध बना लिए थे। बाद में उसने शशि का विवाह कराया, लेकिन वह 15 दिन में ही ससुराल छोड़कर वापस आ गई और मायके जाने के बजाय मिलन दास के साथ रहने लगी। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। और अंततः 27 फरवरी को हुए झगड़े में मिलन दास ने अपनी कथित प्रेमिका शशि कला को पीट-पीट कर मार डाला।

40 लाख के इनामी 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

माड़ डिवीजन में थे सक्रिय

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर में 40 लाख के इनामी 7 महिला समेत 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. ये सभी नक्सली उत्तर बस्तर और माड़ डिवीजन में एक्टिव थे। आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया और उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं दी जाएगी. इस दौरान जिला पुलिस बल, आईटीबीपी और बीएसएफ के अधिकारी मौजूद रहे।

माड़ बचाओ अभियान से प्रभावित होकर और नक्सली की क्रूर विचारधारा से तंग आकर 11 नक्सलियों ने एक साथ बिना हथियार पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है. जानकारी के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वालों में 2 नक्सली डीवीसीएम मेंबर और कंपनी नंबर 1 के कमांडर रह चुके हैं। इन सभी पर कुल 40 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

आत्मसमर्पिते के नाम व पद

1. सत्रू उर्फ मंगेश उपेण्डी पिता स्व. रामलाल उपेण्डी उम्र 38 वर्ष निवासी मलमेटा पंचायत एड़नार तहसील अन्तागढ़ थाना ताड़ोकी जिला कांकेर (छ.ग.) पद- सीवाँयपीसी कम्पनी नम्बर 06, डीव्हीसीएम कमाण्डर, ईनामी-8 लाख रुपए।

2. सन्तु उर्फ बदरू वड़दा पिता उम्र 35 वर्ष निवासी भटनार पंचायत कुतुल थाना कुकड़ाझोर जिला नारायणपुर (छग) पद- डीव्हीसीएम कुतुल एरिया कमेटी, ईनामी-8 लाख।

3. जनिला उर्फ जलको कोर्राम पिता लैखन कोर्राम उम्र 36 वर्ष निवासी कौशलनार थाना झाराघाटी जिला नारायणपुर (छग) पद- पीपीसीएम माड़ डिवीजन कम्पनी 1 सेक्सन बी कमाण्डर, ईनामी-5 लाख।

4. सुक्री मण्डावी पति सोमारू कोवाची पिता पाण्डु उम्र 25 वर्ष निवासी आरा थाना कुआकोण्डा जिला दन्तेवाड़ा (छग) पद- पीएम कम्पनी नम्बर 6, ईनामी-3 लाख।

5. शांति कोवाची पिता मंगडू कोवाची उम्र 20 वर्ष निवासी बेड़मामेटा थाना कुकड़ाझोर जिला नारायणपुर (छग) पद- माड़ डिविजन स्टॉप टीम सदस्य, ईनामी-3 लाख।

6. मासे उर्फ क्रांति वड़दा पिता सम्पत उम्र 20 वर्ष निवासी आलबेड़ा पंचायत कुतुल थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छग) पद- ब्यूरो सप्लाई टीम सदस्य, ईनामी-3 लाख।

7. सरिता उसेंडी पिता लखमा उम्र 19 वर्ष निवासी कोडलियार मिचिंगपारा पंचायत कुतुल थाना कुकड़ाझोर जिला नारायणपुर (छग) पद- पीएम ईनामी -3 लाख।

8. मंगती पिता स्व. कोसा उम्र 25 वर्ष निवासी कोडलियार थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छग) पद- पीएम कुतुल एरिया कमेटी सीएनएम अध्यक्ष, ईनामी-2 लाख।

9. देवा राम उर्फ कारू वड़दा पिता मंगतु वड़दा उम्र 21 वर्ष निवासी आलबेड़ा सरगीपारा पंचायत कुतुल थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छग०) पद- कुतुल एलओएस सदस्य. जनमिलिशिया कमाण्डर गोमांगल, ईनामी-2 लाख।

10. रतन उर्फ मुकेश पुनेम पिता माहरू पुनेम उम्र 21 वर्ष निवासी कावड़ पंचायत पुषनार जिला बीजापुर (छग०) पद- जोन डॉक्टर टीम इंचार्ज , ईनामी-2 लाख।

11. कला उर्फ सुखमती उर्फ कोटली पिता लखमा र्छव्वं उर्फ कोडगें उम्र 20 वर्ष निवासी आसनार पंचायत मंडाली थाना ओरछा जिला नारायणपुर (छग०) पद- नेलनार एनओएस सदस्य, ईनामी-1 लाख।

प्रदेश में चार डिग्री लुढ़का दिन का पारा

गर्मी से मिलेगी राहत, इन हिस्सों में गुलाबी ठंड का अहसास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह और रात के समय ठंड लगने लगी है। दरअसल, दिन का पारा चार डिग्री गिरावट हुई है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

इसके वजह से प्रदेश में नमी का मात्रा बढ़ गया है। वहीं प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का भी असर देखने को मिला है, जिसके वजह से ठंड लगने लगी है। आज गुरुवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। सबसे गर्म राजनांदगांव रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, एक नए पश्चिमी विक्षोभ 9 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। इसका प्रभाव छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिलेगा। आगामी दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। इससे ठंड बढ़ने की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि उत्तरी और मध्य भागों में

अगले 48 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

आज राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रात और सुबह के समय ठंड लगने लगी है। रायपुर में आज अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। वहीं बुधवार को प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव रहा है। यहां अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री दर्ज किया गया है। सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 13 डिग्री दर्ज किया गया।

रिश्वतखोर पटवारी की कुंडली खंगालने के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज करने और ऋण पुस्तिका जारी करने के नाम पर रिश्वत लेने वाले पटवारी को निलंबित कर दिया गया है। किसान से 30 हजार रुपए लेने के बावजूद काम न करने पर उसने पटवारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो बना लिया और एसडीएम से शिकायत कर दी। जांच के बाद आरोप सही पाए गए, जिसके बाद कार्रवाई की गई। रतनपुर के पचरा गांव के किसान केवलदास मानिकपुरी ने पटवारी अनिकेत साव (हल्का नंबर-1) से जमीन का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज कराने और ऋण पुस्तिका बनवाने के लिए आवेदन किया था। इसके बदले पटवारी ने 60 हजार रुपए की मांग की। किसान ने ब्याज पर कर्ज लेकर पहली किश्त के रूप में 30 हजार रुपए पटवारी को दिए और छिपकर रिश्वत लेते हुए वीडियो बना लिया। 26 दिसंबर 2024 को पैसे देने के बावजूद पटवारी ने काम नहीं किया और आचार संहिता व हड़ताल का बहाना बनाकर टालमटोल करता रहा। इस दौरान किसान को अपने कर्ज का ब्याज भी चुकाना पड़ा, जिससे वह और परेशान हो गया था। थक हारकर केवलदास ने कोटा एसडीएम तन्मय खन्ना को रिश्वत का वीडियो सौंपकर शिकायत की।

सिरपुर को विश्व धरोहर स्थलों में शामिल करने की मांग

■ सांसद राजीव शुक्ला को केंद्रीय मंत्री ने दिया जवाब

रायपुर/नवप्रदेश । सांसद राजीव शुक्ला ने बीते साल राज्यसभा में शून्य काल के दौरान छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक सिरपुर शहर को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने की बात कही थी। इस पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को प्रस्ताव पर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए एक पत्र के माध्यम से सांसद को जानकारी दी है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पत्र के माध्यम से बताया कि सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर सहित स्मारक और स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रायपुर मंडल के संरक्षण में हैं।स्थल में नियमित रूप से रखरखाव कार्य किया जाता है, और स्मारक अच्छी स्थिति में संरक्षित है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसी धरोहर स्थल को विश्व धरोहर सूची में शामिल करना एक जटिल और लंबी प्रक्रिया है। इसके लिए यूनेस्को विश्व धरोहर समिति द्वारा निर्धारित एक या अधिक मानदंडों को पूरा करना आवश्यक है, जैसा कि उनके परिचालन दिशानिर्देशों में उल्लिखित है। इसके अतिरिक्त, साइट को प्रामाणिकता और अखंडता को प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

सब इंस्पेक्टर अभ्यर्थी की ट्रेनिंग के दौरान मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से एक दुखद और दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक सब इंस्पेक्टर अभ्यर्थी की ट्रेनिंग के दौरान अचानक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, अभ्यर्थी राजेश कोसरिया की तबीयत दौड़ने के दौरान बिगड़ी, जिसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

यह घटना रायपुर जिले के चंद्रखुरी गांव में हुई। राजेश कोसरिया एक सप्ताह पहले ही सब इंस्पेक्टर भर्ती की ट्रेनिंग में शामिल हुए थे। मंगलवार सुबह सभी अभ्यर्थियों को दौड़ने के लिए कहा गया, और कुछ देर दौड़ने के बाद अचानक राजेश की तबीयत बिगड़ी। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

500 से अधिक महिला शक्तियों को सम्मानित करेगा अदाणी फाउंडेशन

■ 8 मार्च को विशेष कार्यक्रम का होगा आयोजन

सरगुजा /नवप्रदेश। उदयपुर विकासखण्ड में अदाणी फाउंडेशन प्रदेश की 500 से अधिक महिला शक्तियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित करेगा. राजस्थान राज्य उत्पादन निगम लिमिटेड की सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित इस वृहद और विशेष महिला सम्मान समारोह का आयोजन 8 मार्च को साल्ही के खेल मैदान में किया जा रहा है. जिसमें क्षेत्र के विधायक राजेश अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे. इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता सहित उनके सम्मान को बढ़ावा देना है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 पर इस वर्ष की थीम

त्वरित कार्यवाई रखी गई है, जिसके तहत महिलाओं को समानता के अधिकार के लिए तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर चर्चा की जाएगी. महिलाओं द्वारा आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रदर्शनी का आयोजन भी होगा. इस सम्मान समारोह के आयोजन में सामूहिक गतिविधियों, खेल मनोरंजन, स्वादिष्ट भोजन और सेल्फी जोन जैसी कई आकर्षक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही प्रदेश की महिला समूहों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसमें गोबर से बने ईंटों सहित प्राकृतिक तरीके से तैयार किए गए कई उत्पाद प्रमुख आकर्षण का केंद्र होंगे।

समारोह में विभिन्न प्रेरणादायक वक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय समुदाय के लोग शामिल होंगे जिन्हें इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

आयकर सर्वे के बाद 21 करोड़ की अघोषित आय सरेंडर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय द्वारा कांट्रेक्टर फर्म में किए गए आयकर सर्वे में संचालकों ने 21 करोड़ रुपए की अघोषित आय सरेंडर की है। टीम ने बुधवार को ऐश्वर्या रेसिडेंसी तेलीबांधा स्थित अग्रवाल ग्लोबल इंफ्राटेक प्रा.लि. के कार्यालय में सर्वे की कार्रवाई शुरू की थी। यह कार्रवाई मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण, प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप कुमार हेडाऊ और संयुक्त आयकर आयुक्त वीरेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर की गई थी। सर्वे टीम का नेतृत्व आयकर उपायुक्त राहुल मिश्रा ने किया. सूत्रों के अनुसार दो दिन की जांच में की गई दस्तावेज और बुक्स की छानबीन में मिली वित्तीय अनियमितताओं के बाद संचालकों ने अघोषित आय स्वीकार की है।

महिला मड़ई को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

■ महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए 87 स्टॉल

■ सशक्त महिला समृद्ध महिला थीम पर महिला मड़ई मेला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 4 मार्च से शुरू हुई महिला मड़ई में राज्य के विभिन्न जिलों से आए महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स को जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। सशक्त महिला, समृद्ध महिला थीम पर आयोजित इस मड़ई में 33 जिलों से 87 महिला स्व-सहायता समूहों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है, जिसमें विविध प्रकार के हस्तनिर्मित उत्पाद और सामग्री बिक रही है।

राज्य के विभिन्न जिलों से आए महिला समूहों ने इस आयोजन में विशेष भागीदारी निभाई है। रायगढ़ से एकताल बेलमेटल, सूरजपुर से गुड़ की सामग्री, बस्तर से बेल मेटल, जांजगीर चांपा और सक्ति से कोसा, हैंडलूम सिल्क साड़ी, गरियाबंद से पैरा आर्ट, जशपुर से टोकनी, महुआ से उत्पादित सामग्री, बिलासपुर से श्रृंगार वस्त्र और बलरामपुर, सूरजपुर से सुगंधित चावल के स्टॉल प्रमुख आकर्षण बने हैं।

फायरिंग कर जानलेवा हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गर्लफ्रेंड को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को रायपुर पुलिस ने तेजी से गिरफ्तार किया। इस मामले में मुख्य आरोपी सहित कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने घटना के केवल दो घंटे बाद ही आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की, और शहरभर में नाकेबंदी कर सभी संभावित मार्गों पर चेकिंग की। पुलिस के मुताबिक, 5 मार्च 2025 को ''गर्लफ्रेंड'' को लेकर प्रभजोत सिंह और जसपाल सिंह के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद, 6 मार्च 2025 को दोनों पक्षों के बीच मामले को सुलझाने के लिए एक बैठक तय की गई थी। इसी दौरान, जसपाल सिंह और उसके परिवार के सदस्य जसपाल सिंह, जरनैल सिंह उर्फ लक्ष्मी, हरप्रीत सिंह के साथ मिलकर प्रभजोत सिंह और उसके साथी मदनजीत सिंह पर जानलेवा हमला करने की योजना बनाई। आरोपियों ने पहले तो बातचीत के दौरान दोनों पर गोली चला दी, जिससे दोनों जानलेवा हमले से बाल-बाल बच गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने अपराध दर्ज किया और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम बनाई।

रणनीति | समाधान के लिए बनाई गई जोनवार योजना

ई-रिक्शा और ऑटो से जुड़ी समस्याओं पर वर्चुअल बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में ई-रिक्शा और ऑटो के कारण उत्पन्न हो रही यातायात समस्याओं एवं उनके समाधान पर बुधवार को परिवहन सचिव सह आयुक्त एस.प्रकाश की अध्यक्षता में मंत्रालय में वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अम्बिकापुर और जगदलपुर जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर भी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि ई-रिक्शा और ऑटो की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिसके चलते सुगम और व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अम्बिकापुर और जगदलपुर जिलों में पंजीकृत ई-रिक्शा और ऑटो की संख्या की जानकारी दी गई। रायपुर में 13,374 ई-रिक्शा (गुड्स और पैसेंजर), बिलासपुर में 4,493, दुर्ग में 4,038, अंबिकापुर में 1,311 और जगदलपुर में 41 ई-

रिक्शा पंजीकृत हैं। वहीं, ऑटो की संख्या रायपुर में 20,306, बिलासपुर में 14,867, दुर्ग में 9,602, अंबिकापुर में 4,429 और जगदलपुर में 3,431 है। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट हो रहा है कि बिना मॉनिटरिंग और रेगुलेशन के इन पर नियंत्रण रखना एक बड़ी चुनौती बन गई है। बैठक में रायपुर जिला प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा और ऑटो के सुगम और व्यवस्थित परिचालन हेतु तैयार की गई जोनवार योजना पर भी चर्चा की गई। रायपुर शहर को 05 जोनों में विभक्त कर इस योजना का प्रारूप तैयार किया गया है, ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके और इन वाहनों के संचालन में व्यवधान न हो।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com